kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-332 ❑ मंगलवार, 06 जनवरी 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



2047 तक देश को विकसित भारत के रूप में लाने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प पूरा करने के लिए हमें 2017 से बड़ी जीत 2027 में पार्टी को दिलानी है। **अध्यक्ष पंकज चौधरी**

ईरान की अनावश्यक यात्रा से बचें भारतीय नागरिकः विदेश मंत्रालय 11

चमोली के नीती घाटी में छोटा अमरनाथ, जुट रही पर्यटकों की भीड़ 12

## संक्षेप

### 12.55 करोड़ वोटरों की ड्राफ्ट मतदाता सूची आज होगी जारी

**लखनऊ।** यूपी में मंगलवार को 12.55 करोड़ मतदाताओं की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की जाएगी। मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया में 2.88 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। यह स्थानांतरित, अनुपस्थित व मृत इत्यादि मतदाता हैं। सभी जिलों में ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने बैठक कर तैयारियों को पुख्ता किया। सभी जिलों के डीएम को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वह शुद्ध मतदाता सूची जारी करने के लिए सभी जरूरी उपाय करें। तीन बार एसआईआर की तारीखों में भी इसी के चलते बदलाव किया गया ताकि यूपी की मतदाता सूची पुख्ता ढंग से तैयार की जा सके। मंगलवार से छह फरवरी तक मतदाता सूची पर दावे व आपत्तियां की जाएंगी। वहीं मंगलवार से लेकर 27 फरवरी तक इन दावे व आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन छह मार्च को किया जाएगा। सबसे ज्यादा 12 लाख मतदाताओं के नाम लखनऊ में कटेंगे। वहीं प्रयागराज में 11.56 लाख, कानपुर नगर में नौ लाख, आगरा में 8.36 लाख, गाजियाबाद में 8.18 लाख, बरेली में 7.14 लाख, मेरठ में 6.65 लाख, गोरखपुर में 6.45 लाख, सीतापुर में 6.23 लाख और जौनपुर में 5.89 लाख मतदाताओं के नाम काटे गए हैं।

### देश में व्यापारिक प्रक्रियाओं को सुधारने में यूपी सबसे आगे

**लखनऊ।** देश में व्यापारिक प्रक्रियाओं को अधिक सरल, पारदर्शी व निवेश के अनुकूल बनाने में यूपी सबसे आगे है। केंद्र सरकार के डी-रेगुलेशन 1.0 कार्यक्रम में यूपी को प्रथम स्थान हासिल हुआ है। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों के लिए 23 प्रमुख प्राथमिक क्षेत्रों को चिह्नित कर सुधारों के प्रभावी क्रियान्वयन का निर्देश दिया था। इस प्रक्रिया में राज्यवार की गई रैंकिंग में सबसे आगे रहकर प्रदेश ने कीर्तिमान बनाने में कामयाबी हासिल की है। यह मूल्यांकन भूमि, भवन व निर्माण, श्रम, यूटिलिटीज तथा अनुमतियों सहित पांच प्रमुख क्षेत्रों में विस्तारित 23 प्राथमिक सुधार क्षेत्रों पर आधारित है, जिनमें समग्र सुधार प्राथमिकताओं को भी सम्मिलित किया गया।

### ट्रम्प की डराने की कोशिश ज्यादा दिन चलने वाली नहीं : खरगे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की वेनेजुएला में की गई कार्रवाई को गलत बताते हुए कहा है कि यह डराने की कोशिश है जो ज्यादा दिन चलने वाली नहीं हैं। श्री खरगे ने सोमवार को यहां पत्रकारों से कहा वेनेजुएला में जो हालात हैं, वो दुनिया के लिए अच्छे नहीं हैं। आज अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप पूरी दुनिया को डराने की कोशिश कर रहे हैं। जो लोग अपने क्षेत्र को बढ़ाकर अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करते हैं, वो बहुत दिन टिकते नहीं हैं। हिटलर, मुसोलिनी जैसे बहुत से लोग चले गए।

# पुलिस भर्ती में आयु सीमा शिथिल, 3 साल की छूट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो


लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए अहम फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी पुलिस एवं जेल विभाग की सीधी भर्ती में आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट देने की घोषणा की गई है। यह छूट कुल 32,679 पदों पर लागू होगी। इस संबंध में शासनादेश भी जारी कर दिया गया है।

सरकार के इस निर्णय से आरक्षी (नागरिक पुलिस), पीएसी, विशेष सुरक्षा बल, महिला बटालियन, घुड़सवार पुलिस तथा जेल वार्डर (पुरुष व महिला) पदों पर भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा। सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में यह छूट एक बार के लिए प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह फैसला अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक योग्य युवा भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकें। गौरतलब है कि इस मुद्दे पर समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी की ओर से भी आयु सीमा में छूट की मांग उठाई गई थी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के तहत 31 दिसंबर 2025 को जारी विज्ञप्ति के क्रम में शासनादेश संख्या 1/1194447/6-1001(008)24/23, दिनांक 05 जनवरी 2026 के माध्यम से यह निर्णय लिया गया है। यह छूट उत्तर प्रदेश लोक सेवा (भर्ती के लिए आयु सीमा का शिथिलीकरण) नियमावली-1992 के नियम-3 के तहत प्रदान की गई है।

देवरिया सदर से विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने भी उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी पीएसी, जेल वार्डर एवं समकक्ष पदों पर प्रस्तावित भर्तियों में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट देने की मांग की थी। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मानवीय दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया था। डॉ. त्रिपाठी ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र को साझा करते हुए इस मांग की जानकारी दी थी। सरकार के ताजा फैसले के बाद प्रदेश भर के अभ्यर्थियों में उत्साह देखा जा रहा है।

## मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं के बीच मोदी से मिले योगी, भेंट की राम मंदिर की प्रतिकृति



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट की।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मुलाकात की जानकारी दी है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं। एक तस्वीर में श्री योगी प्रधानमंत्री को अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट कर रहे हैं। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सिर्फ एक साल का समय शेष रह गया है और राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने भी इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए इसे शिष्टाचार भेंट बताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'आज नई दिल्ली में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। आपका पाथेय 'नये उत्तर प्रदेश' की विकास यात्रा को और अधिक गति प्रदान करने हेतु सदैव नवीन ऊर्जा का संचार करता है। अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने हेतु हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने भी श्री मोदी से मुलाकात की। श्री गुप्ता ने भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ 'शिष्टाचार भेंट' में लद्दाख में जन कल्याण, मुख्य विकास प्राथमिकताओं, अवसंरचना, कनेक्टिविटी, पर्यटन और समावेशी विकास पर चर्चा की।

# उमर-शरजील इमाम को जमानत नहीं

एजेंसी



❑ दिल्ली दंगा मामला: उच्चतम न्यायालय ने जमानत याचिकाएं की खारिज

❑ अदालत ने पांच अन्य को दी राहत

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश से संबंधित गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत मंजूर करने से इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने दोनों कार्यकर्ताओं के खिलाफ लगाये गये आरोपों की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा कि वे मामले के अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में हैं। न्यायालय ने हालांकि पांच अन्य सह-आरोपियों गुलफिशां फातिमा, मीरान हैदर, शिफा-उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद की इस हिंसा में कथित भूमिकाओं को अलग बताते हुए उनकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली।

यह फैसला आरोपियों की अलग-अलग दायर विशेष अनुमति याचिकाओं पर आया है। इसमें उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो सितंबर के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी जमानत मंजूर करने से इनकार कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि चूंकि आदेश लंबा है, इसलिए पीठ केवल कुछ ही अंश ही पढ़ेगी।

न्यायालय ने जोर देकर कहा कि इस मामले में त्वरित सुनवाई आवश्यक है। बचाव पक्ष ने आरोप लगाया था कि जांच और सुनवाई में देरी के लिए अभियोजन पक्ष जिम्मेदार है। न्यायालय के आदेश में कहा गया है कि देरी के कारण गहन न्यायिक जांच की स्थिति हो सकती है। संविधान में अनुच्छेद 21 का केंद्रीय स्थान है और सुनवाई से पहले जेल में रहने को सजा के रूप में नहीं माना जा सकता। स्वतंत्रता से वंचित करना मनमाना नहीं होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि उमर खालिद और शरजील इमाम अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में खड़े हैं और सचेत रूप से सामूहिक या एकीकृत दृष्टिकोण से परहेज किया गया है।

न्यायालय ने कहा कि वह इस बात से संतुष्ट है कि अभियोजन पक्ष की सामग्री अपीलकर्ता उमर खालिद और शरजील इमाम के खिलाफ प्रथम दृष्टया आरोप प्रकट करती है। इन अपीलकर्ताओं के मामले में वैधानिक सीमा लागू होती है और कार्यवाही के इस स्तर पर उनकी जमानत पर रिहाई उचित नहीं है।

# लोकतंत्र की नींव है शुद्ध मतदाता सूची : ज्ञानेश

एजेंसी

रांची। झारखंड के देवघर जिले के तपोवन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि जैसे लोकतंत्र का आधार शुद्ध मतदाता सूची है, वैसे ही शुद्ध मतदाता सूची का आधार इसे तैयार करने वाले बीएलओ हैं।

श्री कुमार ने कहा कि देश में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य विभिन्न चरणों में चल रहा है। झारखंड में अभी इसकी घोषणा भी नहीं हुई फिर भी यहां के बीएलओ को इसकी पूरी प्रक्रिया का ज्ञान एवं गहन पुनरीक्षण के पहले की तैयारियां यह बता रही है कि राज्य में गहन पुनरीक्षण के दौरान कोई भी पात्र भारतीय, 'मतदाता सूची से छुटे न' इस लक्ष्य को प्राप्त करने का कार्य किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार सोमवार को देवघर के तपोवन स्थित श्री श्री मोहनानंद 2 विद्यालय में बीएलओ से संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री ज्ञानेश कुमार




❑ बीएलओ की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण

ने बीएलओ के साथ संवाद कार्यक्रम में उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि कई बार बीएलओ को घर घर जा कर मतदाता सूची के कार्य करने में उनके पहचान बताने के लिए कोई आईडी कार्ड नहीं होते थे जिससे लोग उन्हें संशय की दृष्टि से देखते थे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बीएलओ का पहचान पत्र बनाया गया है जिससे आज हर बीएलओ की अपनी आईडी कार्ड है और उन्हें डोर टू डोर वेरिफिकेशन में ● शेष पेज 11 पर

## पूर्वोत्तर भारत में भूकंप के तेज झटके

गुवाहाटी/शिलांग। पूर्वोत्तर भारत और बंगलादेश में सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.1 आंकी गयी। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि हालांकि राज्य में कहीं से भी किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन एक बुजुर्ग महिला घर से बाहर भागते समय गंभीर रूप से घायल हो गयी। भूकंप के झटके आज तड़के 4:17 बजे महसूस किये गये और इसका केंद्र मध्य असम के मोरीगांव में धरती की सतह से 50 किलोमीटर गहरायी में था। एएसडीएमए अधिकारियों ने कहा, ''मिकिरभेटा राजस्व क्षेत्र के फील्ड ऑफिसर के अनुसार, 80 वर्षीय जॉयमोती डेवरी को भूकंप के दौरान अपने घर से बाहर भागते समय सिर में चोट लग गयी। उनके परिवार वाले तुरंत उन्हें इलाज के लिए मोरीगांव सिविल अस्पताल ले गये। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की एक रिपोर्ट के अनुसार भूकंप के झटके मध्य-पश्चिमी अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में भी महसूस किए गए। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ● शेष पेज 11 पर

# यूपी में पहले चरण की जनगणना मई व जून में: मुख्य सचिव

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। जनगणना-2027 के पहले चरण का काम मई व जून 2026 में कराया जाएगा। इसमें हाउस लिस्टिंग व आवास जनगणना (एचएलओ) का काम होगा। इसमें करीब छह लाख कार्मिकों को लगाया जाएगा।

जनगणना को देखते हुए तय किया गया है कि यूपी की सभी प्रशासनिक इकाइयां 31 दिसंबर 2025 की स्थिति के अनुसार स्थिर (फ्रीज) रहेगी और एक जनवरी 2026 से 31 मार्च 2027 तक किसी भी प्रशासनिक इकाई के क्षेत्राधिकार में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में सोमवार को हुई राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति (एसएलसीसीसी) की दूसरी बैठक में यह फैसला हुआ। मुख्य सचिव ने जनगणना-2027 की तैयारी कार्यों के समयबद्ध कराने, प्रभावी अंतर-विभागीय समन्वय तथा डिजिटल साधनों के समुचित उपयोग



❑ 31 मार्च 2027 तक प्रशासनिक इकाई क्षेत्राधिकार में नहीं होगा बदलाव

पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रभावी प्रशिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जनगणना के काम को सुचारु रूप से करने के लिए सभी संबंधित विभागों को पूर्ण सहयोग दें। सामान्य प्रशासन विभाग को राज्य नोडल विभाग नामित किया गया है, जो राजस्व, गृह, शिक्षा, नगर विकास व पंचायती राज सहित ● शेष पेज 11 पर

### स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों को मिलेगा स्वच्छ जल

**लखनऊ।** राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराएगी। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सोमवार को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन शीर्ष समिति की पांचवीं बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनमें पेयजल कनेक्शन अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं जाएं। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत योजनाओं के निर्माण कार्य के लिए एजेंसियों के साथ किए गए अनुबंधों की समयावधि को दिसंबर 2027 तक बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि जल जीवन मिशन के शेष काम तय मानकों व गुणवत्ता के साथ तेजी से पूरा कराएं। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों को नल कनेक्शन दिया जाए। इसकी सूची उपलब्ध कराते हुए प्राथमिकता पर ● शेष पेज 11 पर

# देश के किसी भी कानून में 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी कोई व्यवस्था नहीं : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेशवासियों की गाढ़ी कमाई पर डाका डालने वाले साइबर अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए कई ठोस कदम उठाये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिस द्वारा साइबर अपराध और ठगी को रोकने के लिए साइबर कमांडो की नियुक्ति की गयी है। इसके साथ ही पुलिस अवेयरनेस प्रोग्राम भी चला रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को खुद अपनी पाती में साइबर ठगों से सावधान रहने के लिए प्रदेशवासियों से अपील की है। उन्होंने अपनी पाती का संदेश मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया है और प्रदेशवासियों से जागरूक बनने और अन्य लोगों को जागरूक करने की अपील की है। यह भी कहा कि किसी भी कानून में डिजिटल अरेस्ट का प्रावधान नहीं है। योगी की मंशा के अनुरूप उप्र पुलिस ने 'डिजिटल अरेस्ट' को लेकर जागरूकता सम्बन्धी लघु फिल्म जारी की



❑ मुख्यमंत्री ने अपनी पाती के जरिये प्रदेशवासियों से साइबर अपराधियों और ठगों से सावधान रहने की अपील की

है, जिसे पिछले चार दिनों में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 17 लाख 30 हजार से अधिक लोगों ने देखा और सराहा है। यह लघु फिल्म आम नागरिकों को साइबर ठगी के नए-नए तरीकों से सतर्क करने और भयमुक्त होकर सही कदम उठाने का सशक्त संदेश देती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी पाती लिखा है कि ● शेष पेज 11 पर

## गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित तटरक्षक बल का सबसे बड़ा जहाज

# राष्ट्र को समर्पित हुआ पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप'

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पोत निर्माण और समुद्री क्षमताओं के विकास में आत्मनिर्भरता की दिशा में देश की बड़ी उपलब्धि के रूप में सोमवार को गोवा में पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' राष्ट्र को समर्पित किया।

भारतीय तटरक्षक के इस पोत को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने बनाया है। लगभग 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ समुद्र प्रताप भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिज़ाइन किया गया प्रदूषण नियंत्रण पोत है और तटरक्षक बल के बेड़े का सबसे बड़ा जहाज है। समुद्र प्रताप के शामिल होने से प्रदूषण नियंत्रण, अग्निशमन, समुद्री सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में भारतीय तटरक्षक बल की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही यह भारत के विस्तृत समुद्री क्षेत्रों में दीर्घकालिक निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया अभियानों को सशक्त बनाएगा। रक्षा मंत्री ने इस पोत को भारत के परिपक्व रक्षा औद्योगिक



पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतीक बताया जो जटिल विनिर्माण चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा समुद्री पोत में स्वदेशी सामग्री को 90 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि समुद्र प्रताप को विशेष रूप से प्रदूषण नियंत्रण के लिए डिज़ाइन किया गया है, लेकिन इसकी भूमिका केवल यहीं तक सीमित नहीं है। एक ही मंच पर कई क्षमताओं के एकीकरण से यह पोत तटीय गश्त में भी प्रभावी सिद्ध होगा तथा समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करेगा। रक्षा मंत्री ने समुद्री प्रदूषण नियंत्रण से लेकर तटीय स्वच्छता, खोज एवं बचाव कार्यों से लेकर समुद्री कानून प्रवर्तन तक भारतीय तटरक्षक बल की बहुआयामी भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि तटरक्षक बल जिस प्रकार अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है उससे देश के शत्रुओं को स्पष्ट संदेश गया है कि यदि उन्होंने भारत की समुद्री सीमाओं पर बुरी नज़र डाली या किसी भी प्रकार का दुस्साहस किया, तो उन्हें सख्त और उपयुक्त जवाब मिलेगा। यह पोत उन्नत प्रदूषण पहचान प्रणालियों, समर्पित प्रदूषण प्रतिक्रिया नौकाओं और आधुनिक अग्निशमन क्षमताओं से सुसज्जित है। इसमें हेलीकॉप्टर हैंगर और विमानन सहायता सुविधाएं भी हैं, जो इसकी पहुंच और प्रभावशीलता को कई गुना बढ़ाती हैं। रक्षा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इन क्षमताओं के कारण यह पोत उबड़-खाबड़ समुद्री परिस्थितियों में भी स्थिर रूप से संचालन करने में सक्षम होगा जिससे वास्तविक अभियानों में बड़ा लाभ मिलेगा। रक्षा मंत्री ने समुद्री पर्यावरण संरक्षण को जलवायु परिवर्तन और बढते वैश्विक तापमान की चुनौतियों के बीच केवल एक रणनीतिक आवश्यकता ही नहीं, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी बताया। उन्होंने तेल रिसाव प्रतिक्रिया, अग्निशमन और बचाव अभियानों में भारतीय तटरक्षक बल के प्रयासों की सराहना की, जिससे भारत उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हुआ है जिनके पास उन्नत पर्यावरणीय प्रतिक्रिया क्षमताएं हैं। उन्होंने कहा कि त्वरित पहचान, सटीक स्थिति ● शेष पेज 11 पर

# माघ मेला 2026: कला संगम सांस्कृतिक पंडाल में सजी लोक-संस्कृति की भव्य संध्या

**कार्यक्रम की शुरुआत उदयचंद परदेसी (प्रयागराज) के देवी गीत लोकगायन से हुई**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। माघ मेला 2026 के अंतर्गत तीर्थराज प्रयागराज के कला संगम सांस्कृतिक पंडाल, सेक्टर-3 (किला,मिन्टो पार्क रोड, परेड ग्राउंड) में सोमवार को भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी की गरिमामयी उपस्थिति में पद्मश्री मालिनी अवस्थी एवं अपर निदेशक संस्कृति डॉ. सृष्टि धवन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत उदयचंद परदेसी (प्रयागराज) के देवी गीत लोकगायन से हुई। इसके पश्चात वरुण मिश्रा व टीम ने चलो मन गंगा यमुना तीरेङ्क की मनमोहक प्रस्तुति दी। कृति श्रीवास्तव ने लोक नृत्य ढेड़िया से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। पद्मश्री मालिनी अवस्थी की प्रस्तुति ङ्कचलो री गुइंया, गंगा नहाये लेंङ्क ने समां बांध दिया। वाराणसी से आए राम जनम के शंख वादन ने श्रोताओं को आश्चर्यचकित किया। लोकगीत संगीता मिश्रा, शास्त्रीय संगीत वरुण मिश्रा तथा कत्थक में नीता जोशी की प्रस्तुतियां विशेष रहीं। इस अवसर पर महापौर का सम्मान डॉ. सृष्टि धवन ने तथा पद्मश्री मालिनी अवस्थी का सम्मान महापौर एवं कार्यक्रम के अंत में मंडल आयुक्त सौम्या अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. आभा माधुर ने किया। अनेक प्रशासनिक अधिकारी, कलाकार व गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### 5 जनवरी के मुख्य आकर्षण

ध्रुपद–पं. विनोद द्विवेदी (कानपुर), लोकगीत–हरप्रीत कौर (वाराणसी), गायन–मनोज जोशी (चंडीगढ़), शास्त्रीय नृत्य नाटिका–शुभम तिवारी (लखनऊ), लोक नृत्य दिवारी–विपिन यादव (महोबा), की-बोर्ड वादन–विजय चन्द्रा (प्रयागराज)।

# ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष गणेश वर्मा का जन्मदिन समारोह धूमधाम और गरिमा के साथ संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के अनुषांगिक संगठन ओबीसी मोर्चा, लखनऊ महानगर के अध्यक्ष श्री गणेश वर्मा का जन्मदिन रॉयल सेलिब्रेशन लॉन में गरिमापूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से मनाया गया। इस खास अवसर पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुमित गुप्ता (गोलू) – मंडल अध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा, अवनीश विश्वकर्मा – मीडिया प्रभारी, और दीपक साहू, सुनील कनौजिया, सुनीता राजपूत, ज्योति साहू, विमल मौर्य, मोहम्मद हनीफ खान, मोहम्मद अमन, ऋषभ गुप्ता, मयंक शर्मा, सतीश शर्मा, सुशील कश्यप, वीणा देवी, सरिता वर्मा, महेंद्र सोनी, राम दिनकर, अजय राठौर, रामू कश्यप, राम जी कनौजिया, प्रमोद राजपूत, रूपेश प्रजापति, शिव कुमार यादव, हर्ष लोधी सहित संगठन के कई सक्रिय पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। उपस्थित वक्ताओं ने गणेश वर्मा के संगठनात्मक नेतृत्व, सामाजिक प्रतिबद्धता और सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन में ओबीसी मोर्चा लखनऊ महानगर में समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने और संगठन को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है।कार्यक्रम के दौरान सभी ने गणेश वर्मा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उत्तम स्वास्थ्य, लंबी उम्र और संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की कामना की। कार्यक्रम पूरे समय सौहार्दपूर्ण और अनुशासित माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## कड़ाके की ठंड का सहारा बनेगा जरूरतमंद को मिला कंबल



कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। इस समय कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंद लोगों को समाजसेवी के द्वारा अलग -अलग जगह निःशुल्क कंबल वितरण किया जा रहा है जिससे ठंड से बचाव के लिए अपनी सुरक्षा कर सके यह कंबल ज्यादातर उन्हीं को दिया जा है जो आर्थिक रूप से कमजोर है इसी क्रम में पिछले वर्ष की भाती इस वर्ष भी समाज के लिए कुछ अच्छा करने की अभिलाषा रखने वाले समाजसेवी कस्बा कोरांव के रहने वाले ओंकार नाथ सर्राफ के लड़के अजय प्रकाश केशरी उर्फ डब्बू सर्राफ, ओम प्रकाश केशरी पूर्व सभासद, लक्ष्मी कांत पांडे सहयोगी, अभय केशरी , के द्वारा लगभग 200 सौ कंबल वितरण ओंकार नाथ सर्राफ प्रतिष्ठान पर किया गया कंबल वितरण बहादुर शाह नगर, चमनगंज, शहीद आर के तिवारी नगर , समेत आसपास गांव से आए लोगों को दिया गया इसी प्रकार ग्राम पंचायत सचिवालय उल्दा, गरन में, ग्राम प्रधान दिलीप सोनी के द्वारा, राजस्व गांव उल्दा, गरन, चक खरिहानी,में गरीब असहाय, विधवा, वृद्ध लोगों को सैकड़ो कंबल वितरण किया गया। साथ में गांव के गोपाल शर्मा, व अंकुर सोनी (समाजसेवी) दुर्गेश कुमार राजस्व लेखपाल, अनीता देवी ( पंचायत सहायक) व गांव के संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे, कंबल पाने वाले, हरिशंकर शर्मा, कमला शंकर शर्मा, कन्हैयालाल, इतवारी देवी आदिवासी, सूर्य देव कुशवाहा, फूलचंद आदिवासी कल्ली देवी, मोहिनी आदिवासी आदि सैकड़ों लोगों को कंबल वितरण किया गया।

## पैतृक संपत्ति विवाद में भाइयों पर जबरन निर्माण का आरोप, पुलिस से शिकायत

रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के कैलाशपुर कोटवा मदनिया गांव में पैतृक संपत्ति को लेकर भाइयों के बीच विवाद सामने आया है। गांव निवासी राम रतन ने अपने ही भाइयों पर पैतृक जमीन पर जबरन मकान निर्माण करने और उन्हें उनके हिस्से से बेदखल करने का गंभीर आरोप लगाया है।पीड़ित राम रतन के अनुसार, उनके भाई राम औगर, श्री देव, मंशाराम और हरि पैतृक मकान में उनके हिस्से की जमीन पर बिना सहमति के निर्माण कार्य करा रहे हैं। आरोप है कि भाई उन्हें पैतृक संपत्ति में हिस्सा देने से साफ इनकार कर रहे हैं।राम रतन का कहना है कि जब उन्होंने निर्माण कार्य रोकने का विरोध किया तो आरोपितों ने गाली-गलौज की और मारपीट की धमकी दी। पीड़ित के मुताबिक, आरोपित भाइयों ने कहा कि ङ्कहम लोग तुम्हें यहां हिस्सा नहीं देंगे, जो करना है कर लो, हम किसी से नहीं डरते। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है और आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पैतृक मकान पर हो रहे कथित अवैध निर्माण को रुकवाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## आज से शुरू होगी 5 दिवसीय पंचकोसी परिक्रमा संगम स्नान से होगा शुभारंभ

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। तीर्थराज प्रयागराज में आज 5 दिवसीय पंचकोसी परिक्रमा की विधिवत शुरुआत होगी। संगम में स्नान के साथ अखाड़ा परिषद से जुड़े संत-महात्मा परिक्रमा पर निकलेंगे। इस दौरान साधु-संत प्रमुख तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर दर्शन-पूजन करेंगे। परिक्रमा में अक्षयवट दर्शन, लेटे हनुमान मंदिर, दत्तात्रेय मंदिर, सरस्वती कूप और रामघाट शामिल हैं। परिक्रमा को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा व व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

## माफिया आकाश चौधरी कौंधियारा पुलिस के हत्थे चढ़ा

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कौंधियारा थाना पुलिस ने माफिया आकाश चौधरी को गिरफ्तार किया है। आकाश चौधरी, मृतक माफिया अतीक अहमद के शूटर उस्मान चौधरी का सगा भाई बताया जा रहा है। आरोपी पर खीरी, कौंधियारा समेत कई थानों में दो दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके आपराधिक नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।

## अतीक गैंग पर बड़ी कार्रवाई, उस्मान चौधरी का भाई राकेश चौधरी गिरफ्तार

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मृतक माफिया अतीक अहमद के गैंग के खिलाफ एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम खान ने बड़ी कार्रवाई की है। उमेश पाल हत्याकांड में शामिल रहे बदमाश उस्मान चौधरी के सगे भाई राकेश चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी ने स्वयं दो थानों की पुलिस फोर्स के साथ छापेमारी कर यह कार्रवाई की। पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी है।

## पारिवारिक कलह में बेटे ने की पिता, बहन व भांजी की हत्या , आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मऊ आइमा थाना क्षेत्र में परिवार के तीन लोगों की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में पिता, बहन और भांजी की हत्या करने की बात कबूल कर ली है। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक कलह को वारदात की वजह बताया जा रहा है।हालांकि, घटना के बाद से मृतकों के शव अब तक बरामद नहीं हो सके हैं। पुलिस टीम आरोपी की निशानदेही पर संभावित स्थानों पर लगातार तलाश कर रही है। इस तिहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही शव बरामद कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा, साथ ही अन्य पहलुओं की भी गहन जांच की जा रही है।

## गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा बमरौली में विशाल निःशुल्क चिकित्सा कैंप और लंगर का आयोजन

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिले के बमरौली इलाके मे थाना पुरामुफ्ती क्षेत्र में स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, लाल बिहारा, बमरौली में एक बड़ा निःशुल्क चिकित्सा कैंप और लंगर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह सेवा-भरी पहल शंभूनाथ हॉस्पिटल, झलवा, प्रयागराज के द्वारा आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य स्थानीय जरूरतमंदों को स्वास्थ्य जांच, परामर्श और भोजन जैसी मूलभूत सुविधाएँ मुफ्त में उपलब्ध कराना था।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण, निःशुल्क चिकित्सा शिविर में उपस्थित लोगों को डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य जांच और सलाह प्रदान की गई, गुरुद्वारा के लंगर सेवा के तहत सभी के लिए निःशुल्क भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 'संपूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन

**एडीएम ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। तहसील सभागार महराजगंज में शनिवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह की अध्यक्षता में 'संपूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान एडीएम ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में पुलिस की 14, राजस्व की11, विकास की 3 व अन्य की 2 सहित कुल 30 शिकायतें आई। जिनमें से मौके पर केवल 5 शिकायतों का ही निस्तारण हो सका। शेष शिकायतों को समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को सौंप दिया गया है। अपर जिलाधिकारी अमृता सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस और राजस्व से जुड़े मामलों में स्थलीय निरीक्षण कर निष्पक्ष कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस दौरान एसडीएम गौतम सिंह, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़, विरोध करने पर युवती के भाई को बेरहमी से पीटा

**पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पड़ोसी युवक, उसके माता-पिता और भाई सहित कुल चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की शुरू**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ और विरोध करने पर युवती के भाई को बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पड़ोसी युवक, उसके माता-पिता और भाई सहित कुल चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना 4 जनवरी रविवार रात करीब 8 बजे की है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह घर में अकेली सो रही थी, तभी पड़ोसी दिनेश यादव का पुत्र प्रियांशु छत के रास्ते जबरन घर में घुस आया। आरोप है कि प्रियांशु ने युवती के साथ छेड़छाड़ की और जबरन संबंध बनाने की कोशिश की। चीख-पुकार सुनकर जब उसका भाई उसे बचाने के लिए कमरे में पहुंचा, तो आरोपी प्रियांशु ने उस पर हमला कर दिया। इसी बीच आरोपी के माता-पिता और भाई भी वहां पहुंच गए और उन्होंने पीड़िता के भाई को घेर लिया। आरोपियों ने उसके सिर पर घातक प्रहार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने बीच-बचाव करया तब पीड़ित भाई-बहन की जान बच सकी।कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़िता की तहरीर पर मुख्य आरोपी प्रियांशु, उसके पिता दिनेश यादव, माता और भाई समेत चार लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। कोतवाल जगदीश यादव का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# भारतीय रेल पर पार्सल बिजनेस को विस्तार एवं बढ़ावा देने की पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। भारतीय रेल पर पार्सल बिजनेस को विस्तार एवं बढ़ावा देने के क्रम में व्यापारियों एवं किसानों को छूट देते हुए पूर्व की नीतियों में संशोधन किया गया है, जिससे एग्रीगेटर के तौर पर रजिस्ट्रेशन की शर्तो में बड़ी छूट दी जा रही है।

यह छूट पूर्वोत्तर रेलवे सहित सभी क्षेत्रीय रेलों पर दिया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक संख्या में लोग इसका लाभ उठा सके। पार्सल बिजनेस को बढ़ाने हेतु पार्सल स्पेस लीजिंग के ई-नीलामी हेतु पुराने प्रावधानों जैसे- टर्नओवर, बैलेंस शीट, प्रॉफिट एण्ड लॉस आदि एंट्री बैरियर को हटा दिया गया है तथा जॉइंट पार्सल प्रोडक्ट-रैपिड कार्गो सर्विस योजना के अन्तर्गत वित्तीय मानदंड को शिथिल कर दिया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान लॉजिस्टिक, कार्गो/कूरियर हैंडलिंग औरट्रांसपोर्टेशन बिज़नेस के लिए 50 लाख रुपये के नेट टर्नओवर का प्रावधान को हटा दिया गया है। जो व्यापारी या किसान फ्रेट फॉरवर्डर्स/ट्रांसपोर्टर्स को एग्रीगेटर्स के रूप में पैनल में शामिल करवाना चाहते है, उनके लिए पंजीकरण शुल्क में सुविधा देते हुए शुल्क को 20,000 रुपये +जीएसटी की एम्पैनलमेंट फीस को घटाकर आधा यानि कि 10,000 रुपये +जीएसटी कर दिया गया है। पार्सल कार्गो एक्सप्रेस ट्रेन (पीसीइटी) में संचालन हेतु पात्रता मानदंड में सुधार किया गया है। रजिस्टर्ड लीजहोल्डर और अन्य जिनका पिछले तीन वित्तीय वर्षा में सालाना टर्नओवर 10 करोड़ रुपये अनिवार्य था, इस सीमा को हटा दिया गया है, अब सभी रजिस्टर्ड लीजहोल्डर ओपन टेण्डर में भाग लेने के लिए पात्र होंगे। इससे पार्सल बिजनेस को गति मिलेगी।

## आम जनमानस को बाल विवाह के बारे में किया गया जागरूक

रायबरेली । जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार जनपद रायबरेली में चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत रायबरेली में हलवाई की दुकान, टेंट की दुकानों, कोतवाली में तथा सड़क पर जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें आम जनमानस हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित आम जनमानस को बाल विवाह के दुष्परिणामों, उससे संबंधित कानूनी प्रावधानों तथा बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को समाज में कहीं भी बाल विवाह न होने देने, स्वयं बाल विवाह न करने एवं बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल संबंधित विभाग को अवगत कराने की शपथ दिलाई गई। उपस्थित सभी लोगों द्वारा समाज में व्यापक जागरूकता फैलाकर भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में सक्रिय सहयोग प्रदान करने का संकल्प व्यक्त किया गया।

# स्कॉलर कंप्यूटर इंस्टीट्यूट ने मनाया कल्चरल फ़ेस्ट कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। स्कॉलर कंप्यूटर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बिताये गए दिनों की यादें और भविष्य की उड़ान का नया सवेरा देखने को मिला। संस्थान द्वारा आयोजित ''कल्चरल फ़ेस्ट 2026'' और ''सर्टिफिकेट डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी'' ने शहर में एक नयी ऊर्जा भर दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विक्रम सिंह जी (अध्यक्ष कोचिंग फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया रायबरेली)द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई तत्पश्चात संस्था के निदेशक उमेश श्रीवास्तव एवं प्रबंधक प्रिया शुक्ला ने उन्हें भेंट कर उनका सम्मान किया।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में उपस्थित अज़मी जमाल सर, अमित सर और विनय त्रिपाठी सर ने संस्थान के शैक्षणिक वातावरण की सराहना की और छात्रों का मार्गदर्शन किया। अतिथियों के स्वागत के बाद छात्रों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर संस्थान ने एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया: गणेश वंदना और लोक नृत्यः छात्रों ने भारतीय संस्कृति की भव्य झलक दिखाई। प्रतिभा सम्मानः सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को संस्थान की ओर से मेडल देकर सम्मानित किया गया। सर्टिफिकेट डिस्ट्रीब्यूशनः सपनों को मिली उड़ानफ़ेस्ट का सबसे गौरवशाली क्षण वह रहा जब कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विक्रम सिंह सर,ज़मी जमाल सर, अमित सर और विनय त्रिपाठी सर ,मुकेश कुमार जी, सिवेश त्रिपाठी जी , सर्वेश जी , अभिलाष दीक्षित जी एवं मयंक तिवारी जी ने मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

# पुलिस के प्रातड़ना से युवक की हालत गंभीर, मौके पर पहुंचे विधायक

**चोरी के मामले में शक के आधार पर पूछताछ के लिए पुलिस ने तीन युवकों को उठाया, पिटाई, पुलिस की थर्ड डिग्री से एक युवक की हालत गंभीर, मौके पर पहुंचे विधायक ने दोषी पुलिस कर्मियों पर की कार्रवाई की मांग**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। बीते दो दिन पूर्व मिल एरिया थाना क्षेत्र में किराना व्यापारी नीरज गुप्ता की दुकान में हुई चोरी के मामले में शक के आधार पर पूछताछ के लिए पुलिस ने सरदार गांव निवासी तीन युवकों की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस की थर्ड डिग्री में पूरे सरदार गांव निवासी युवक रिंकू की हालत पुलिस की प्रताड़ना के बाद गंभीर हो गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस पर मनमानी व बेकसूर युवकों को फंसाकर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए जमकर प्रदर्शन किया था।

लोगों का आरोप है । घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस के प्रति खासा आक्रोश है। सोमवार को बछरावां विधायक श्यामसुंदर भारती ने सरदार का पुरवा पहुंच कर प्रताड़ित युवकों रिंकू पुत्र अर्जुन, श्यामू पुत्र महादेव व राजेश पुत्र हरीशंकर के घर जाकर हालचाल जाना इस दौरान उन्होंने परिजनों को आर्थिक सहायता भी दी। विधायक श्यामसुंदर भारती ने बताया कि पुलिस की थर्ड डिग्री से रिंकू की हालत गंभीर बनी हुई है। एक महीने पहले गंभीर बीमारी से पीड़ित रिंकू एम्स अस्पताल से वापस आया था। उसका स्वास्थ्य सुधरता तब तक व पुलिस की थर्ड डिग्री का शिकार हो गया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह से मामले की निष्पक्षता से जांच कराकर दोषी पुलिसकर्मियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम

शाहजहांपुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार के निर्देशन एवं सीओ ट्रेफिक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में बरेली मोड़ चैराहा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ और ई-रिक्शा चालकों व आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। वाहन में क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं। नशे में वाहन न चलाएं। नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें। कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता कर राहवीर बनें। जिसके अंतर्गत 25 हजार का नगद इनाम एवं प्रशस्ति पत्र देने का प्रावधान है। इस दौरान यात्री माल कर अधिकारी आरपी गौतम, प्रभारी यातायात विनय कुमार पाण्डेय, सड़क सुरक्षा मित्र सूरज शर्मा आदि मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे
खुली ई निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/डीजल उत्तर रेलवे डीजल शेड आलमबाग, लखनऊ द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है । इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
निविदा संख्या–DSL/AMV/MCO/WC/244 2nd round कार्य का नाम डीजल शेड, आलमबाग, लखनऊ में एच एच पी डीजल इंजनों के यूनिट इंजेक्टर सेट (एक सेट 16 यूनिट इंजेक्टर होते है) की ओवरहालिंग/पुनर्वास का कार्य मात्रा–40 सेट बिडिंग शुरू करने की तारीख–20.01.26, बिडिंग समाप्त करने की तारीखः– 03.02.26 तथा समय–15.00 hours
कार्य का अनुमानित लागत रूपए:– 1,68,61,126.40/– (एक करोड़ अड़सठ लाख इकसठ हजार एक सौ छबीस रुपए और चालीस पैसा मात्र), धरोहर राशि– 2,34,300/– (दो लाख चौतीस हजार तीन सौ रुपए मात्र) कार्य करने की अवधि 01 वर्ष (Acceptance लैटर जारी होने की तिथि से) अगर कार्य अवधि बढ़ाई या कार्य का समापन न किया गया हो।
विस्तृत विवरण के लये बेबसाईट www.ireps.gov.in देखें
निविदा सूचना संख्या–DSL/AMV/MCO/WC/244 2nd round दिनांक–05.01.2026
40/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिलाधिकारी ने शिकायतों का त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के दिये निर्देश

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मोहनलालगंज तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन**

**पांचो तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 540 प्रकरण प्राप्त हुए, 125 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर किया गया**



कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ। जिलाधिकारी विशाख जी ने बताया कि जनपद की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये । जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें।

विशाख जी ने बताया कि तहसील मोहनलालगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 230 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 75 प्रकरणों का निस्तारण विभिन्न टीमो के माध्यम से कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें। उन्होंने बताया कि आज के सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 47 में से 05 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 68 में से 07 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बी0के0टी0 में 126 में से 30 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 230 में से 75 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 69 में से 08 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध करा दिये गये। आज जनपद में पुलिस 71, राजस्व एवम पुलिस संयुक्त 01, राजस्व 286, विकास 50, शिक्षा 05, स्वास्थ्य 01, समाज कल्याण 17, नगर निगम 02 तथा अन्य 107 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है।

सामाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। जिसके संबंध में शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त न करवाने के संबंध में राजस्व निरीक्षक मोहनलालगंज के विरुद्ध आरोप पत्र जारी करने और लेखपाल कमालपुर बिचलका को तहसील से हटाते हुए उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए गए। साथ ही एक अन्य शिकायत जो नगर पंचायत से संबंधित थी जिसमें ग्राम अतरौली एवं डेहंवा में शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था, के संबंध में तहसीलदार मोहनलालगंज को शासकीय भूमि को कब्जामुक्त कराते हुए अतिक्रमणकर्ताओं पर क्क्ष्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए की आज जो भी प्रकरण प्राप्त हुए है उनके निस्तारण के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। सभी प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में करते हुए, फोटो व वीडियो सहित आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उक्त के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की समाधान दिवस के जो भी प्रकरण निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को दिए गए है उन सभी प्रकरणों में निस्तारण के बाद अधिकारीगण शिकायतकर्ताओं से कॉल करके फीडबैक लेना सुनिश्चित करे।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह, उप जिलाधिकारी तहसील मोहनलालगंज पवन पटेल, तहसीलदार मोहनलालगंज, पुलिस, समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का सेवा संकल्प, बांटे गए 10 हजार कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । कड़ाके की ठंड के बीच सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र में जनसेवा की एक नई गर्माहट देखने को मिली। सोमवार को भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने आशियाना स्थित आवास पर वृहद कंबल वितरण अभियान संचालित किया। इस दौरान सभी 6 मंडलों के 150 से अधिक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं और समाज के प्रबुद्धजनों को 10 हजार कंबल प्रदान किए गए, ताकि वे इन्हें क्षेत्र के जरूरतमंदों तक पहुंचा सकें।गौरतलब है कि विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा ठंड के महीनों में प्रत्येक वर्ष यह वृहद अभियान चलाया जाता है। इस वर्ष अब तक विधायक द्वारा 25 हजार से अधिक कंबल वितरित किए जा चुके हैं। अभियान की सबसे खास विशेषता यह है कि इसमें पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ तारा शक्ति केंद्र संचालिकाओं एवं समाज के जागरूक नागरिकों को भी जोड़ा गया है, जिससे यह जनआंदोलन का रूप ले रहा है। इस सम्बन्ध में विधायक का स्पष्ट संकल्प है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी इस प्रचंड ठंड में अकेला या असहाय न रहे।इस अवसर पर विधायक द्वारा पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर जनसमस्याओं को सुना गया तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान विधायक ने सरैयां, चंद्रावल निवासी मेधावी छात्रा पल्लवी गौतम को लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित भी किया। यह अभियान सरोजनीनगर में सेवा, संवेदना और सामाजिक दायित्व के प्रति विधायक की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# पुलिस ने बंद करवाई मांस की दुकानें, मचा हड़कंप

**सीतापुर हाइवे पर रोड पर ही खुली मांस की दुकानों का निरीक्षण करने पहुंची महिला थाना प्रभारी**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब की बड़ी बाजार के पास सीतापुर रोड़ के किनारे सजने वाली मांस की दुकानों को महिला थाना प्रभारी लखनऊ द्वितीय ने बंद करवा दिया गया।

आईजीआरएस पर आयी शिकायत पर सोमवार को कार्यवाही करते हुए महिला थाना द्वितीय बख्शी का तालाब की प्रभारी मेनका सिंह परिहार ने पुलिस टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया। इसके बाद दुकानदारों से बातचीत करते हुए खुले में चल रही इन मांस की दुकानों को बंद करवा दिया। प्रभारी महिला थाना द्वितीय बख्शी का तालाब मेनका सिहं परिहार ने बताया कि,बड़ी बाजार के पास लगभग छह मांस की दुकानें खुले में संचालित की जा रही है। इसकी शिकायत आईजीआरएस पर की गई थी शिकायतकर्ता का आरोप है कि,सीतापुर हाइवे के किनारे खुले में इन मांस की दुकानों के संचालन से काफी दुर्गंध उठती है। इससे आसपास की आबादी के लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इतना ही नही इन मांस की दुकानों पर खरीदारों के जमावड़े की वजह से सीतापुर हाइवे पर भी जाम की समस्या होने लगती है।इसके बाद सोमवार को बाजार के दिन एसआई भानु प्रताप सिंह,महिला कॉस्टेबल रेनू राय,सीमा,राहुल कुमार और हेड कॉस्टेबल ब्रजनाथ के साथ मांस की दुकानों का निरीक्षण किया।जहां पर दुकानदारों से बातचीत कर दुकानों बंद करवा दी।उन्होने बताया कि,इस सम्बंध में बख्शी का तालाब नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को सूचित किया गया है।नगर पंचायत इन दुकानों के लिए स्थान का चयन करे।

# सपा द्वारा विधानसभा की मासिक बैठक का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । विधानसभा क्षेत्र सरोजनी नगर की मासिक बैठक राजा बिजली पासी वार्ड के सेक्टर मानसरोवर योजना में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव ने की व संचालन शशिलेन्द्र यादव ने किया।

मीटिंग में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान उपस्थित रहे, इन्होंने अपने अपने संबोधन में बैठक में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं से ट्टक्ष्ट के प्रथम चरण में किए गए कार्य की सराहना करते हुए सबको बधाई दी और 6 जनवरी से 27 फरवरी तक शुरू हुए ट्टक्ष्ट के दूसरे चरण में प्रत्येक बूथों पर इट्टक सूची का गहन निरीक्षण कर ज्यादा से ज्यादा वोटों को बचाने एवं नए वोट बढ़ाने में सभी लोग एक दूसरे का सहयोग करें, इस अवसर पर वरिष्ठ नेता रामप्रकाश यादव, हरिशंकर यादव, रामवतार धीमान, विनोद शुक्ला, दुर्गेश यादव सोनू,जिला उपाध्यक्ष बचान सिंह यादव, अनिल पासी, रीतू अग्रवाल, ललिता राजपूत, पार्षद प्रमोद यादव, सुनील रावत, केशव रावत, पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोज पाल, मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष ज्ञानू यादव, दिनेश सिंह, संदीप पटेल समेत जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी एवं काफी मात्रा में उख्इ 2 मौजूद रहे।

## अटल बिहारी वाजपाई की स्मृति में केजीएमयू द्वारा रेन बसेरे के नवीनीकरण व जीर्णोद्धार का कार्य हुआ पूर्ण

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। चौक स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के लिए 5 जनवरी 2026 को रेन बसेरे के नवीनीकरण व जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण करा दिया गया है।ये कार्य पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न से सम्मनित अटल बिहारी वाजपाई की स्मृति मे किया गया जिससे उन तिमारदारों को राहत मिलेगी जो दूर दराज से यहाँ आकर अपने परिजनों का इलाज कराते हैं।सोमवार को दोपहर 3 बजे इस नव निर्मित रेन बसेरे का कुलपति द्वारा निरीक्षण किया गया साथ ही संबंधित को इसके संचालान के लिए उचित दिशा निर्देश भी दिए गये। निरीक्षण के दौरान किये गये कार्य से प्रसन्न होकर कुलपति द्वारा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं चिकित्सा अधीक्षक,गांधी स्मारक एवं चिकित्सालय को बधाई दी गई साथ ही विभागाध्यक्ष प्रसूति एवं स्त्री रोग को इसके संचालन हेतु निर्देशित भी किया गया।विश्वविद्यालय के इस प्रयास से मरीज़ और उनके तिमारदार भी काफी प्रसन्न नज़र आये।

## आबकारी विभाग : वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह दिसम्बर तक 39,695.73 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति

लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह दिसम्बर तक 39,695.73 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई है, जो कि गतवर्ष 2024-25 में माह दिसम्बर तक प्राप्त राजस्व 34,544.09 करोड़ रुपये के सापेक्ष 14.91 प्रतिशत अर्थात 5,151.64 करोड़ रुपये का अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है।91.46 प्रतिशत राजस्व अर्जितआबकारी मंत्री ने बताया कि माह दिसम्बर 2025 तक प्रदेश का लक्ष्य 43,400.00 करोड़ निर्धारित था। लक्ष्य के सापेक्ष 91.46 प्रतिशत का राजस्व अर्जित किया गया है। माह दिसम्बर 2025 में 4,551.62 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई है, जो कि गतवर्ष 2024-25 में माह दिसम्बर, 2024 में प्राप्त राजस्व 4,141.75 करोड़ रुपये के सापेक्ष 9.90 प्रतिशत अर्थात 409.87 करोड़ रुपये का अधिक है।9,679 अभियोग दर्जउन्होंने बताया कि दैनिक प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान माह दिसम्बर 2025 में प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के कुल 9,679 अभियोग दर्ज करते हुए 2.43 लाख लीटर अवैध मदिरा, मादक द्रव्य की बरामदगी की गई। अवैध मदिरा के कारोबार में संलिप्त 1,754 व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए 313 व्यक्तियों को जेल भेजा गया तथा अवैध मदिरा की तस्करी में संलिप्त 18 वाहनों को जब्त किया गया।13 दिन में 95 व्यक्तियों को भेजा जेलआबकारी मंत्री ने बताया कि 24 दिसम्बर 2025 से दिनांक 05 जनवरी 2026 तक चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत अब तक प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के कुल 2,871 अभियोग दर्ज करते हुए 59,823 लीटर अवैध मदिरा, मादक द्रव्य की बरामदगी की गई। अवैध मदिरा के कारोबार में संलिप्त 515 व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए 95 व्यक्तियों को जेल भेजा गया तथा अवैध मदिरा की तस्करी में संलिप्त 02 वाहनों को जब्त किया गया।

## उप्र में अब बिजली उपभोक्ताओं को प्रीपेड या पोस्टपेड मीटर चुनने का अधिकारनई कॉस्ट डाटा बुक में आयोग ने किया साफ

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की ओर से जारी नई कास्ट डाटा बुक ने स्पष्ट किया गया है कि बिजली उपभोक्ताओं को पोस्टपेड अथवा प्रीपेड स्मार्ट मीटर चुनने का अधिकार है। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) के तहत उपभोक्ताओं के पास यह अधिकार प्राप्त है।राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने सोमवार को कहा कि विद्युत अधिनियम-2003 के तहत उपभोक्ताओं को पोस्टपेड अथवा प्रीपेड मीटर चुनने का अधिकार मिला है। अब तक राज्य में इसका पालन नहीं किया जा रहा था। नई कास्ट डाटा बुक ने स्पष्ट कर दिया है कि पोस्टपेड कनेक्शन पर सिक्योरिटी राशि जमाकर उपभोक्ता पोस्टपेड कनेक्शन रख सकता है।सहमति के बिना कनेक्शन देना विद्युत अधिनियम के खिलाफउपभोक्ता की सहमति के बिना जबरिया प्रीपेड मोड में कनेक्शन देना विद्युत अधिनियम के खिलाफ है। आयोग ने बिजली कंपनियों को स्पष्ट संदेश दिया है कि स्मार्ट मीटर लगाए जा सकते हैं, लेकिन उनका मोड (प्रीपेड या पोस्टपेड) उपभोक्ता की सहमति पर निर्भर करेगा।

# केजीएमयू में लव जिहाद के आरोपी डॉक्टर के परिजनों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में पैथालॉजी डिपार्टमेंट की एमडी छात्रा द्वारा लव जिहाद का मामला दर्ज कराए जाने के बाद मामले में संलिप्तता पाए जाने पर चौक पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के परिजनों को सोमवार को ठाकुरगंज इलाके से गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सलीमुद्दीन पुत्र शमशुद्दीन व खतीजा पत्नी सलीमुद्दीन निवासी 112 दुर्गा नेहरू सुभाष नगर वार्ड संख्या 4 खटीमा थाना खटीमा जनपद उधम सिंह नगर उत्तराखण्ड मूल पता मोहल्ला मोहम्मद यार खाँ कस्बा न्योरिया थाना न्योरिया जनपद पीलीभीत को किराये का फ्लैट नं. 303 मुमताज कोर्ट अपार्टमेंट हुसैना बाद शीश तालाब के पीछे ठाकुरगंज जनपद लखनऊ शामिल है। पुलिस के अनुसार, एमडी पैथालॉजी की छात्रा ने एफआईआर दर्ज कराई थी कि उसके सीनियर डाक्टर रमीजुद्दीन नायक उर्फ रमीज द्वारा शादी का झाँसा देकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाया गया व बिना सहमति के गर्भपात कराते हुए धर्म परिवर्तन किया गया है।विवेचना के दौरान पुलिस ने पाया कि पीड़िता के साथ बार-बार दुष्कर्म करने व षड्यंत्र पूर्वक उसका धर्म परिवर्तन कराने व पीड़िता पर दबाव बनाकर उसके साथ अपने पुत्र का निकाह कराने मे अभियुक्त के परिजन की संलिप्तता पाई गई। जिसके आधार पर पुलिस ने आज उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी डॉक्टर रमीजुद्दीन नायक उर्फ रमीज की तलाश तेज कर दी गई है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किसा मुकदमा**

मोहनलालगंज, लखनऊ । मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के अयोध्या खेड़ा मजरा कोडरा रायपुर निवासी श्रीमती शालिनी पत्नी शिवम ने मोहनलालगंज पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में बताया कि उनका विवाह बीते 27 फरवरी 2023 को हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार शिवम पुत्र नंदन, निवासी ग्राम नटकुर थाना बिजनौर, लखनऊ के साथ हुआ था। विवाह के दौरान उनके पिता ने अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार लगभग तीन लाख रुपये नकद के साथ घरेलू सामान व सोने-चांदी के जेवरात दिए थे।आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति शिवम, ससुर नंदन सास जोगवती, ननद काजल व देवर शुभम दहेज से संतुष्ट नहीं थे और आए दिन कम दहेज का ताना देते हुए मारपीट व प्रताड़ना करने लगे।

पीड़िता के अनुसार पति द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल व दो लाख रुपये नकद की मांग की जाती थी, जिसे पूरा करने में असमर्थता जताने पर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया।पीड़िता ने बताया कि बीते 3 फरवरी 2024 को उसने पुत्री कनक को जन्म दिया, जिसका पूरा खर्च उसके मायके वालों ने उठाया। इसके बावजूद ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला और प्रताड़ना और बढ़ गई। आरोप है कि बीते 6 मई 2024 को पति ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया, जिसके बाद से वह अपने मायके में रह रही है।पीड़िता का यह भी आरोप है कि बीते 20 जनवरी 2025 को पति उसके मायके आया और दहेज की मांग पूरी न होने पर जान से मारने की धमकी देते हुए गाली-गलौज कर चला गया। इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। वही पुलिस ने मामले में जांच में आरोप सिद्ध हुए और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध अतिक्रमण पर नगर निगम का सख्त रुख, दो जोनों में चला सघन अभियान

**अभियान का उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात सुविधा उपलब्ध कराना रह**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और उससे उत्पन्न यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ ने सोमवार को सघन और बहुस्तरीय अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर की गई।

अभियान का उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात सुविधा उपलब्ध कराना रहा। नगर निगम के जोन-05 क्षेत्र में कानपुर रोड स्थित स्कूटर इंडिया से नादरगंज चौराहे तक बड़े पैमाने पर अभियान चलाया गया। इस दौरान अतिक्रमणकारियों द्वारा लगाए गए अस्थायी अवैध ठेले, ठेलिया, खुमचे, गुमटी एवं काउंटर हटाए गए। कार्रवाई के दौरान कुल 08 ठेले, 06 गुमटी और 04 काउंटर हटाए गए, जबकि 01 गैस सिलेंडर जब्त किया गया। साथ ही संबंधित लोगों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान गंदगी फैलाने और पॉलीथीन के उपयोग के विरुद्ध 1000 रुपये का शमन शुल्क भी वसूला गया।यह अभियान जोनल अधिकारी जोन-05 विनीत कुमार सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। अभियान में कर अधीक्षक सभाजीत सिंह, जोनल सेनेटरी अधिकारी सचिन सक्सेना, राजस्व निरीक्षक पियूष तिवारी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुभाष चौधरी, प्रवर्तन दल (296) तथा पुलिस बल की सक्रिय भागीदारी रही। कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई।

इसी क्रम में जोन-08 क्षेत्र में भी अवैध अस्थायी अतिक्रमण तथा अवैध होल्डिंग, बैनर और पोस्टर के विरुद्ध वृहद अभियान चलाया गया। जोनल अधिकारी जोन-08 विकास सिंह के नेतृत्व में वृंदावन गेट से पीजीआई तक, पीजीआई से हैवतमऊ मवैया तक तथा सेक्टर-1 के आसपास अवैध रूप से लगाए गए ठेले और खोपचे हटाए गए। इस दौरान 01 लोहे की गुमटी, 04 स्टैंडिंग बोर्ड, 01 लोहे की मेज, 01 लोहे का स्टूल, 01 कढ़ाई और 01 गैस सिलेंडर सहित अन्य सामान जब्त किया गया।नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके और शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। जोन 5 में अतिक्रमण के खिलाफ चलाया गया अभियान

# नाबालिगों की कार बनी काल, दुबग्गा में सड़क हादसे में युवक की मौत

**दो भैंसों की भी जान गई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा, लखनऊ। कोतवाली दुबग्गा क्षेत्र के आउटर रिंग रोड पर एस.एच.एम. हॉस्पिटल गेट के पास सोमवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। भैंस चरा रहे युवक को तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार (संख्या यूपी 32 के ऐक्स 8143) ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि दो भैंसों ने भी दम तोड़ दिया।मृतक की पहचान रामानंद उर्फ गोलू (20 वर्ष) पुत्र लल्लन यादव, निवासी बनिया खेड़ा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी और टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार दो युवकों की पहचान इमरान और महेश, निवासी अंधे की चौकी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों नाबालिग हैं। जिससे मामला और भी गंभीर हो गया है। पुलिस इस बिंदु पर विशेष जांच कर रही है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने आउटर रिंग रोड पर हंगामा करते हुए सड़क जाम कर दी। जिससे कई घंटों तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। हालात की गंभीरता को देखते हुए ठाकुरगंज, दुबग्गा और काकोरी थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही एसीपी बाजार खाला भी घटनास्थल पर मौजूद रहे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों के समझाने-बुझाने के बाद ग्रामीणों का आक्रोश शांत हुआ और जाम खुलवाया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# तहसील दिवस पर डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं, निस्तारण के निर्देश

**45 शिकायतों में कुल 6 का निस्तारण, बाल-विवाह मुक्ति की दिलाई शपथ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। संपूर्ण समाधान तहसील दिवस पर जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने तहसील तिलहर में फरियादियों की शिकायतों व समस्याओं को सुना तथा उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। तहसील दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित 45 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 6 शिकायतों का निस्तारण मौके पर हुआ। डीएम ने शेष शिकायतों का समाधान करने के निर्देश संबंधित को दिए।

कहा कि फरियादी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस दौरान डीएम ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाल विवाह मुक्ति की शपथ भी दिलाई और कहा कि समाज से बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए प्रशासनिक प्रयासों के साथ-साथ जनजागरूकता भी जरूरी है। उन्होंने शुक्रवार को आयोजित होने वाली ग्राम चैपालों में सक्रियता न होने पर नाराजगी जताई और निर्देश दिए कि चैपाल में जाने वाले अधिकारी जल जीवन मिशन से जुड़े 13 कुशल कारीगरों को अनिवार्य रूप से बुलाएं और उनसे किए जा रहे कार्यों की जानकारी लें। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों का निरीक्षण कर बच्चों के पंजीकरण की स्थिति देखें, बच्चों के साथ मिड-डे मील की गुणवत्ता की जांच करें। कहा कि जो बच्चे विद्यालय नहीं आ रहे हैं, उनके अभिभावकों से संपर्क करें। पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों की शिक्षा को किसी भी परिस्थिति में बाधित न होने दें। उन्होंने मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को जागरूक करने, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने तथा विद्यालयों में बच्चों को शिक्षा के महत्व और सफलता की कहानियां साझा करने के निर्देश दिए। कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों के बाहर सहजन का पौधा लगाएं। इस अवसर पर एसडीएम तिलहर, तहसीलदार तिलहर, सीओ तिलहर, डीडीओ सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीतापुर में टीकाकरण के बाद मासूम की बिगड़ी हालत, एएनएम पर लापरवाही का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महमूदाबाद,सीतापुर। जनपद सीतापुर के विकासखंड पहला अंतर्गत ग्राम बिरासी में टीकाकरण के दौरान कथित लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि आंगनबाड़ी केंद्र पर तैनात एएनएम द्वारा लापरवाही बरते जाने से चार माह के एक मासूम की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

ग्राम बिरासी निवासी इसराज पुत्र कल्लू ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित के अनुसार, उसका चार माह का पुत्र अब्दुल कलाम 15 दिसंबर 2025 को नियमित टीकाकरण के लिए आंगनबाड़ी केंद्र लाया गया था। आरोप है कि एएनएम द्वारा एक ही समय पर बच्चे को चार टीके लगाए गए, जिसके कुछ ही देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी।परिजनों का कहना है कि बच्चे की बिगड़ती हालत की सूचना तत्काल संबंधित एएनएम को दी गई, लेकिन न तो मौके पर प्राथमिक उपचार कराया गया और न ही बच्चे को किसी उच्च स्वास्थ्य केंद्र भेजने की व्यवस्था की गई। मजबूरन परिजन मासूम को लेकर सिधौली पहुंचे, जहां एक निजी अस्पताल में डॉक्टरों ने उसकी हालत को चिंताजनक बताया।पीड़ित इसराज का आरोप है कि एएनएम द्वारा दी गई जानकारी भ्रामक थी। इतना ही नहीं, बाद में फोन पर संपर्क करने पर कथित रूप से डीएम-एसडीएम के पास जाने की धमकी भी दी गई, जिससे परिवार और अधिक भयभीत हो गया।इस मामले में जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अधीक्षक डॉ. अनिल सचान से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि प्रकरण की जांच कराई जा रही है और जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी एएनएम के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी अन्य मासूम के साथ ऐसी लापरवाही न हो।

## महमूदाबाद में अवकाश के दिन अतिक्रमण हटाने का चेयरमैन ने किया विरोध

सीतापुर । महमूदाबाद में नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के अध्यक्ष आमिर अरफात ने हजरत अली जयंती के अवकाश के दिन प्रशासन द्वारा की गई अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई का विरोध किया है। उन्होंने सोमवार दोपहर को एसडीएम बी. के. सिंह को महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। चेयरमैन आमिर अरफात ने आरोप लगाया कि प्रशासन नेजनहित की अनदेखी करते हुए अचानक जेसीबी चला दी। इस दौरान केवल नाली और सड़क के बीच का अतिक्रमण ही नहीं हटाया गया, बल्कि गरीबों की झोपड़ियां, गुमटियां और टीन शेड नगर पालिका की नाली के पीछे थे जो अतिक्रमण की श्रेणी में नहीं आते थे उन्हें भी तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई से ठेले और पटरी दुकानदार अपनी रोजी-रोटी के लिए संकट में आ गए हैं।

# बिसवां के चहुंमुखी विकास का बड़ा रोडमैप पेश महा नारायण वर्मा ने बताई विकास की विस्तृत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर। पूर्व जिला पंचायत सदस्य, समाजसेवी एवं भाजपा नेता महा नारायण वर्मा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि बिसवां केवल एक नगर नहीं, बल्कि कृषि, परिश्रम, व्यापार और संस्कारों की समृद्ध भूमि है, जिसे योजनाबद्ध विकास की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं में यातायात अव्यवस्था, संकरी सड़कें, भारी वाहनों का दबाव, ट्रैफिक प्रबंधन की कमी तथा उच्च व प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता शामिल है।

इन समस्याओं का समाधान केवल कागजी योजनाओं से नहीं, बल्कि मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति, ईमानदार क्रियान्वयन और जनभागीदारी से संभव है। महानारायण वर्मा ने कहा कि बिसवां विधानसभा क्षेत्र का विकास चार मजबूत स्तंभों-औद्योगिकीकरण, शिक्षा, महिला स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण तथा युवाओं के लिए रोजगार-पर आधारित होना चाहिए। क्षेत्र कृषि प्रधान है, जहां गन्ना, गेहूं और अन्य फसलों पर आधारित लघु व मध्यम उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। फूड प्रोसेसिंग यूनिट, कोल्ड स्टोरेज, पैकेजिंग उद्योग और कृषि आधारित स्टार्टअप को बढ़ावा देकर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि उद्योगों की स्थापना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार के रोजगार उपलब्ध होंगे। कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। ष्युवक, कुशल और आत्मनिर्भर-यही बिसवां के युवाओं की पहचान बने, यही लक्ष्य है।उन्होंने आगे पत्रकारों को बताया कि शिक्षा को मजबूत भविष्य की आधारशिला बताते हुए उन्होंने कहा कि बिसवां में बेहतर सार्वजनिक महाविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और सुदृढ़ प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता है। विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं, प्रशिक्षित शिक्षक और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े।

श्री वर्मा ने आगे कहा कि महिला स्वास्थ्य और सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि महिला स्वास्थ्य केंद्रों की मजबूती, नियमित स्वास्थ्य जांच, पोषण कार्यक्रम और मातृ-शिशु देखभाल सेवाओं का विस्तार प्राथमिकता होगी। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा।उन्होंने आगे पत्रकारों को बताया कि स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं को लेकर उन्होंने कहा कि स्वच्छ सड़कें, बेहतर जल निकासी और साफ सार्वजनिक स्थल बिसवां की पहचान बनेंगे। वहीं बिसवांऽलखनऊ मार्ग को सुरक्षित और सुगम बनाकर व्यापार व उद्योग को गति दी जाएगी।उन्होंने कहा कि उनका सपना है कि विधानसभा बिसवा एक विकसित बिसवां के रूप में मानचित्र में नजर आए।जहां हर नागरिक का सम्मान हो, अवसर और सुरक्षित भविष्य महसूस कर सके।

## कस्बा मिश्रित में ओपेन जिम का हुआ शुभारम्भ



मिश्रित सीतापुर। महर्षि दधीचि की पावन तपो भूमि पर कस्बा मिश्रित के मोहल्ला चंदूपुर में आज ओपन जिम का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी व उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र व्दारा फीता काट कर किया गया । मिश्रित नगर के मोहल्ला चंदूपुर में स्थित नव-निर्मित पानी की टंकी परिसर में नगरवासियों की सेहत और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए ओपन जिम की स्थापना की गई है । यह ओपन जिम नववर्ष के अवसर पर भाजपा मिश्रित लोकसभा सांसद अशोक कुमार रावत की ओर से नगरवासियों को उपहार स्वरूप प्रदान किया गया है । इस अवसर पर नगरवासियों ने सांसद अशोक कुमार रावत के प्रति का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में अधिवक्ता राम बक्स सिंह , सभासद धीरेंद्र कुमार सिंह , प्रधान आनंद शुक्ला , प्रदीप वैश्य समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# तीन शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिले बरामद

**पकड़े चोरों के पास से दो बाइकों के पार्ट्स भी हुए बरामद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डैम रोड पर ककरा पुल से तीन बाइक चोरों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने चोरी की गई चार मोटरसाइकिल, एक टीवीएस, एक टूटी मोटरसाइकिल के पुर्जे व चेचिस बरामद की। पकड़े गए अभियुक्त थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सिंजई निवासी गुरनीत, मोहल्ला मेहमान शाह का रेहान और सुल्तान है।

पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि अभियुक्त रेहान और गुरनीत बाइकें चोरी करते थे और सुल्तान उन बाइकों के पुर्जे अलग-अलग करके कबाड़ियों को बेच देता था। बताया कि अभियुक्त गुरनीत ऑनलाइन ट्रेडिंग करता था। जिस कारण उस पर कर्ज हो गया और वो आर्थिक तंगी के चलते बाइक चोरी करने लगा। बताया कि वो लोग चोरी किए गए वाहनों के चेसिस नंबर मिटाने, नंबर प्लेट बदलने, चोरी के माल को छिपाने व लाभ अर्जन के उद्देश्य से चोरी की मोटर साइकिलों के पुर्जे कबाड़ियों को बेचकर अपने घर का खर्च चलाते हैं।पुलिस के अनुसार, बीती 03 जनवरी को जिला हरदोई के थाना मझिला क्षेत्र के गांव रैगवा निवासी प्रांशु उर्फ रामजी शुक्ला और शाहजहांपुर के थाना सदर बाजार के मोहल्ला मक्कू बजरिया निवासी अवनीश ने थाना कोतवाली पर बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए तीनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार के साथ उपनिरीक्षक ललित शर्मा, मोहसिन अली, भूपेन्द्र कुमार, हेड का. संजीव कुमार, का. गौरव सिंह आदि मौजूद रहे।

# आशा वर्कर्स यूनियन का मितौली तहसील में प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**प्रदर्शन के दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मितौली, खीरी। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की टीम ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मितौली तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। इसके पश्चात यूनियन की ओर से मितौली के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) को एक ज्ञापन सौंपा गया।

आशा कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से मानदेय बढ़ाने, समय पर भुगतान, प्रोत्साहन राशि का बकाया, कार्य के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा विभागीय स्तर पर होने वाली अनदेखी को समाप्त करने जैसी प्रमुख मांगें रखीं। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि आशा कार्यकर्ता ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें न्यूनतम सुविधाओं और सम्मान से वंचित रखा जा रहा है।इसी दौरान एक कार्यक्रम में शामिल होने तहसील पहुंचे कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू से भी आशा कार्यकर्ताओं ने मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। आशा कार्यकर्ताओं की बातों को गंभीरता से लेते हुए विधायक सौरभ सिंह सोनू ने मौके पर ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) से फोन पर बातचीत की और आशाओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने के निर्देश दिए।विधायक ने आशा कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाया जाएगा और स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर समस्याओं का स्थायी समाधान कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका जनस्वास्थ्य सेवाओं में अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनकी उपेक्षा किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है।प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं। शांतिपूर्ण ढंग से किए गए प्रदर्शन के चलते तहसील परिसर में सुरक्षा व्यवस्था भी बनी रही। आशा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन को और तेज करने को मजबूर होंगी।

# डीएम-एसपी ने नव वर्ष के पहले समाधान दिवस में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। नव वर्ष 2026 का पहला संपूर्ण समाधान दिवस मंगलवार को सदर तहसील लखीमपुर के सभागार में आयोजित किया गया। समाधान दिवस में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में आमजन की समस्याएं सुनी गईं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं उप जिलाधिकारी ने एक-एक कर फरियादियों की शिकायतें सुनीं। भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, पुलिस, बिजली, जल निकासी, आवास, पेंशन एवं अन्य जनसमस्याओं से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण के लिए सौंपा गया।सभागार में सभी जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायतों का निस्तारण तय समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए और इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।पुलिस अधीक्षक ने पुलिस से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि फरियादियों को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। वहीं उप जिलाधिकारी ने राजस्व से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान सुनिश्चित करने की बात कही।संपूर्ण समाधान दिवस के आयोजन से फरियादियों में संतोष देखा गया। लोगों ने प्रशासन से उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का जल्द और स्थायी समाधान होगा। अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि वे शासन की इस व्यवस्था का लाभ उठाएं और अपनी शिकायतें सीधे प्रशासन के समक्ष रखें।

## घटिया सामग्री से निर्माण, अधिकारी नदारदः हरसिंहपुर में हो रहे खड़ंजा-पुलिया निर्माण में घोटाला



धौरहरा, खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम हरसिंहपुर में जिला पंचायत निधि से कराए जा रहे निर्माणाधीन खड़ंजा कार्य में नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। आरोप है कि जहां सरकारी मानकों के अनुसार अव्वल दर्जे की ईंट का प्रयोग अनिवार्य है, वहां घटिया गुणवत्ता की पीली ईंट धड़ल्ले से लगाई जा रही है। यह सीधे तौर पर गुणवत्ता से खिलवाड़ और जिला पंचायत की सरकारी धनराशि की खुली बंदरबांट की ओर इशारा करता है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जिला पंचायत निधि से हो रहे खड़ंजा निर्माण में जानबूझकर सस्ती और कमजोर पीली ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि लागत घटाकर मोटी कमाई की जा सके। कई ईंटें हाथ लगाने मात्र से टूट जा रही हैं, जिससे निर्माणाधीन खड़ंजा शुरू से ही सवालों के घेरे में आ गया है ।ग्रामीणों के अनुसार न तो मानक के अनुसार खुदाई और सोलिंग कराई गई है और न ही आवश्यक बालू-बजरी की परत डाली गई है। ऊपर से अव्वल ईंट के नाम पर पीली ईंट बिछाकर केवल खानापूर्ति की जा रही है।

## अटरिया आयुष्मान आरोग्य मंदिर में डीएम का औचक निरीक्षण



सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने आज ब्लॉक सिधौली के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अटरिया में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रसव कक्ष पहुंचकर सभी आवश्यक सामग्रियों का देखा, जिसमें सामग्री पूरी पायी गयी एवं लेबर रूम रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव करायें और लोगों को भी संस्थागत प्रसव हेतु जागरूक करें। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि रात्रि में स्टॉफ के ठहरनें हेतु उचित व्यवस्था करें, जिससे प्रसव के दौरान कोई परेशानी न हो। ए0एन0एम0 एवं स्टॉफ नर्स की और अधिक तैनाती की जायें, जिससे 24 घण्टे प्रसव सम्भव हो सके। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया कि वैक्सीन को रखने हेतु फ्रिज की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये, जिससे वैक्सीन एवं अन्य महत्वपूर्ण औषधि सुरक्षित रह सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि निरन्तर साफ-सफाई कराते रहें, कहीं पर भी गंदगी जैसी स्थिति न उत्पन्न होने पाये। शासन की मंशानुरूप मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैय्या करायी जायें तथा दवाओं की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में बनाये रखें।

## रेलवे लाइन पर बनाई रील, किया वायरल, तीन गिरफ्तार



शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुछ दिनों से एक कबूतर के साथ कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, ऐसी ही रील बनाने के शौकीन कुछ लोगों ने अपनी जान को खतरे में डालकर कबूतर के साथ एक वीडियो बनाई और सोशल मीडिया पर वायरल की। जिसका सोशल मीडिया पर लोगों ने विरोध किया। जानकारी मिलने पर जीआरपी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आज रील बनाने के शौकीन तीनों अभियुक्तों को रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर एक से गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला महमंद जलालनगर के रहने वाले उवैस खान उर्फ माडल पुत्र इशहाक हुसैन, मक्कू बजरिया का सलमान जैदी पुत्र हसन रजा और बाडूजई प्रथम का अरहम पुत्र गफ्फार है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्तों ने रेलवे पटरी पर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की। जिससे लोगों में आक्रोश था। अभियुक्तों के इस कृत्य से रेल यात्रियों को जानमाल का नुकसान हो सकता था। बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों पर धारा 170/126/135 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना जीआरपी के उप निरीक्षक ज्ञानेश बाजपेई के साथ कां. आदेश कुमार और पुष्पेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

# सर्राफा की दुकान पर काम करने वाला गिरफ्तार, चोरी किए गए जेवरात बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना तिलहर पुलिस ने सर्राफा की दुकान से चोरी किए गए जेवरात के साथ वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़ा गया अभियुक्त सर्राफा की दुकान पर काम करता था।पुलिस के अनुसार, थाना तिलहर क्षेत्र के मोहल्ला दातागंज निवासी शैलेन्द्र अग्रवाल की बिरियागंज चैराहे पर सर्राफा की दुकान है।

उसकी दुकान पर थाना कटरा क्षेत्र के गांव कमलापुर का रहने वाला भरत पुत्र हरिओम काम करता था। उसे अपने कर्मचारी भरत पर पूरा विश्वास था, लेकिन भरत ने अपने शौक पूरे करने के लिए उसकी दुकान से करीब 25 लाख रूपए के सोने के जेवरात चोरी कर लिए। जिसके बाद 26 दिसम्बर 2025 से अभियुक्त भरत दुकान पर नहीं गया। चोरी की जानकारी होने पर सर्राफा व्यापारी शैलेन्द्र ने अभियुक्त भरत पुत्र हरिओम के खिलाफ संबधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसी क्रम में बीती रात पुलिस ने जैतीपुर तिराहे से अभियुक्त भरत को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी किए गए आभूषणों में 07 अंगूठियां और 02 जंजीर बरामद की। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त भरत को जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना तिलहर के प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर पाल के साथ उपनिरीक्षक नितिन कुमार, हेड कां. शैलेन्द्र कुमार, कां अनिल कुमार मौजूद रहे।

# फरधान गैंगरेप कांड का मुख्य आरोपी तालिब उर्फ आज़म पुलिस मुठभेड़ में ढेर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद के फरधान थाना क्षेत्र में हुए बहुचर्चित सामूहिक दुष्कर्म कांड के मुख्य आरोपी एवं एक लाख रुपये के इनामी बदमाश तालिब उर्फ आज़म को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। यह बड़ी कार्रवाई बुधवार सुबह सुल्तानपुर जनपद के लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में लखीमपुर खीरी और सुल्तानपुर पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन के तहत की गई।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गैंगरेप की घटना के बाद से ही तालिब उर्फ आज़म फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। आरोपी की तलाश में कई टीमें लगाई गई थीं। इसी क्रम में पुलिस को खुफिया तंत्र के माध्यम से सूचना मिली कि वांछित अपराधी सुल्तानपुर के लंभुआ क्षेत्र में छिपा हुआ है।सूचना मिलते ही लखीमपुर खीरी और सुल्तानपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके की घेराबंदी की। पुलिस को देखकर खुद को घिरा हुआ पाते ही आरोपी ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें गोली लगने से तालिब उर्फ आज़म गंभीर रूप से घायल हो गया।मुठभेड़ के बाद पुलिस ने घायल आरोपी को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल से अवैध हथियार और कारतूस भी बरामद किए हैं। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।बताया जा रहा है कि तालिब उर्फ आज़म मूल रूप से लखीमपुर खीरी जनपद का निवासी था और उस पर सामूहिक बलात्कार, लूट, हत्या के प्रयास समेत कुल 17 संगीन आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। उसकी आपराधिक गतिविधियों के चलते वह पुलिस के लिए लंबे समय से चुनौती बना हुआ था। उसकी गिरफ्तारी के लिए शासन द्वारा एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था।फरधान क्षेत्र में हुए गैंगरेप कांड के बाद इलाके में भारी जनाक्रोश देखने को मिला था। पीड़िता और उसके परिजनों को न्याय दिलाने की मांग लगातार उठ रही थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मुठभेड़ से मामले में न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा है, वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी दबिशें लगातार जारी हैं।घटना के बाद एहतियातन क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और कानून-व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई जारी रहेगी और कानून से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# शीतलहर के बीच मुरादाबाद में योगी मॉडल का सुरक्षा कवच

## रैन बसेरों में बेहतरीन सुविधाएं, 15015 कंबल वितरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**20 रैन बसेरों और 319 चिह्नित स्थानों पर अलाव के साथ मुरादाबाद प्रशासन मुस्तैद, सीएम योगी के निर्देशों का हो रहा अक्षरशः पालन**

**मजिस्ट्रेट और पुलिस टीमें रात्रि में कर रहीं गश्त, लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की तय होगी जवाबदेही**

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश में शीतलहर को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार मुरादाबाद जिला प्रशासन ने आमजन की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। जिलाधिकारी अनुज सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल के नेतृत्व में जिले को शीतलहर के प्रभाव से बचाने के लिए एक सुव्यवस्थित कार्ययोजना लागू की गई है। मुरादाबाद जिले में कुल 20 रैन बसेरों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें 12 स्थाई और 8 अस्थाई रैन बसेरे शामिल हैं। इन केंद्रों पर लगभग 290 लोगों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था है।

स्थाई रैन बसेरों में स्वच्छ पेयजल, गर्म बिस्तर, साफ-सफाई और महिलाओं व पुरुषों के लिए पृथक कमरों व शौचालयों का इंतजाम है। मुरादाबाद रेलवे स्टेशन स्थित रैन बसेरे में 35 और कुंदनपुर में 50 लोग इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। राजस्थान से आए असफाक और मध्य प्रदेश के रामदीन जैसे यात्रियों ने प्रशासन की तारीफ करते हुए कहा कि यहां ''होटल जैसी सुविधाएं और स्वच्छता'' मिल रही है। जिला आपदा विशेषज्ञ प्रदीप सिंह के अनुसार, जिला प्रशासन द्वारा अब तक कुल 9015 कंबलों का वितरण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त सीएसआर के माध्यम से जरूरतमंदों, बच्चों और गौशाला के केयरटेकर्स को 6,000 कंबल अलग से बांटे गए हैं। जिले की चारों तहसीलों में 116 चिह्नित स्थानों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जा रहे हैं ताकि सड़कों पर रहने वाले और राहगीरों को राहत मिल सके। ठंड से होने वाली किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस की टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें रात में भ्रमण कर खुले में सो रहे लोगों को रैन बसेरों में जाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सख्त हिदायत दी है कि शीतलहर के कारण लापरवाही से होने वाली किसी भी दुर्घटना पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी।

**विभागों को सख्त निर्देश**

स्वास्थ्य विभागः अस्पतालों में 24 घंटे डॉक्टर और दवाएं उपलब्ध रखने के निर्देश। यातायात विभागः कोहरे में दुर्घटनाएं रोकने हेतु वाहनों पर रिफ्लेक्टर और सड़कों पर 'कैट्स-आई' लगवाना अनिवार्य। पशुपालन विभागः बेसहारा पशुओं और गौशालाओं में ठंड से बचाव के विशेष इंतजाम। जिलाधिकारी ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप मुरादाबाद प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि भीषण ठंड में किसी भी असहाय व्यक्ति को असुविधा न हो और हर जरूरतमंद को सरकारी सुरक्षा कवच प्राप्त हो सके।

# महिला का पोस्टमार्टम कराने गए दरोगा कुंवरपाल सिंह की हृदय गति रुकने से मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। महिला का पोस्टमार्टम कराने गए दरोगा कुंवरपाल सिंह की हृदय गति रुकने से मौत, खबर सुनते ही आला अधिकारी मौके पर पहुंचे, मृतक बुलंदशहर जिले के निवासी थे, उझानी थाना, बदायूं में तैनात थे प्राप्त जानकारी के अनुसार उझानी क्षेत्र की एक महिला का पोस्टमार्टम कराने बदायूँ आए उझानी कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक की ड्यूटी के दौरान अचानक हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। उपनिरीक्षक कुंवरपाल (55 वर्ष) बदायूँ स्थित पोस्टमार्टम हाउस में किशोरी के पोस्टमार्टम की कार्रवाई में शामिल थे। इसी दौरान उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और सीने में तेज दर्द उठा, जिसके बाद वह जमीन पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल उन्हें सीपीआर देकर बचाने का प्रयास किया। हालत गंभीर होने पर उपनिरीक्षक को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकरउपनिरीक्षक कुंवरपाल के परिजन भी पी एम हाउस पहुंच गए। बताया गया है कि उपनिरीक्षक कुंवरपाल मूल रूप से जनपद बुलंदशहर के नरौरा थाना क्षेत्र के ग्राम नगला चिरौली के निवासी थे तथा वर्तमान में संभल जनपद के चंदौसी में आवास बनाकर रह रहे थे। इनके परिवार में पत्नी विमलेश, बड़ा बेटा शेखर, बिटिया स्वाति तथा सबसे छोटा बेटा शोभित है। पी एम के बाद डेड बॉडी को पुलिस लाइन स्थित पुलिस ग्राउंड ले जाया गया। यहाँ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह, एस पी सिटी बिजयेंन्द्र द्विवेदी, एस पी ग्रामीण डॉक्टर हृदेश कठेरिया, सी ओ सिटी रजनीश कुमार उपाध्याय, सी ओ उझानी डॉक्टर देवेंद्र कुमार सहित कई थानों के स्टेशन ऑफिसर व उपनिरीक्षक इत्यादि ने दिवंगत दरोगा को गार्ड अफ़सोस आनर के साथ सलामी देते हुए अंतिम विदाई दी। इस मौके पर लाइन का समस्त स्टॉफ व दिवंगत दरोगा के शोकाकुल परिजन भी उपस्थित रहे।

# मैथिल ब्राह्मण सभा की सहभागिता में 18 जनवरी को निकलेगी सनातन हिंदू एकता पदयात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। रविवार को एक सभा का आयोजन मैथिल ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष नवल किशोर शर्मा के निवास पर किया गया। इस सभी को भागवत भास्कर आचार्य पंडित मुमुक्ष कृष्ण दद्दा एवं नवल किशोर शर्मा ने संयुक्त रूप से सम्बोधित किया गया। मुमुक्ष कृष्ण दद्दा ने बताया की बदायूं से कछला तक 18 जनवरी 2026 को प्रस्तावित सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में सभी हिन्दुओं को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होना है ताकि विधर्मियों को यह अहसास हो सके कि अब हिन्दू अकेला और कमजोर नहीं है। मैथिल ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष नवल किशोर ने अपने सभी ब्राह्मण साथियों का आवाहन करते हुए कहा कि सभी भाई अधिकाधिक संख्या में इस पदयात्रा में शामिल हों। बैठक के दौरान आचार्य श्री ने मैथिल ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष श्री नवल किशोर शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों को पदयात्रा में सम्मिलित होने का औपचारिक निमंत्रण दिया। इस अवसर पर मैथिल ब्राह्मण सभा की ओर से आचार्य जी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मैथिल ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष श्री नवल किशोर शर्मा सहित अन्य पदाधि कारियों ने आश्वासन दिया कि सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में मैथिल समाज की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।बैठक में संस्था के संरक्षक श्री ब्रह्मदेव शर्मा (सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक), श्री हेमचंद शर्मा (सेवानिवृत्त सिंचाई विभाग), जिला अध्यक्ष श्री नवल किशोर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष श्री अनिल शर्मा (फौजी), जिला सचिव श्री सोमदत्त शर्मा, प्रचार मंत्री श्री अशोक शर्मा, तहसील अध्यक्ष बिल्सी श्री जितेंद्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जारी तिथि वार समय सारणी के अनुसार 6 जनवरी 2026 को मतदाता सूची के आलेख्य का प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूची के आलेख्य के प्रकाशन के साथ ही 6 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएगी इसी प्रकार 6 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक गणना प्रपत्रों पर निर्णय तथा दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण का कार्य किया जाएगा तथा अंतिम रूप से मतदाता सूची का प्रकाशन 6 मार्च को होना है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी नामित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सारणी एवं प्रत्येक प्रक्रिया के संबंध में दिशा निर्देशों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया है कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में नामित किए गए अधिकारी बिना पूर्व स्वीकृति के किसी भी दशा में मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयबद्ध प्रक्रिया है इसमें लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नोटिस जारी करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा कहा कि पूर्वाहन 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक निर्धारित स्थल पर उपस्थित रहकर दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाए साथ ही दैनिक निस्तारण की स्थिति को भी नोटिस बोर्ड पर चस्पा करना होगा। नोटिस जारी होने के उपरांत संबंधित व्यक्ति को एक सप्ताह का समय दिया जाएगा जिसमें व्यक्ति को निस्तारण के लिए जरूरी दस्तावेज दिखाने होंगे। नोटिस बीएलओ के माध्यम से तामीला कराए जाएंगे। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण के साथ-साथ नए मतदाताओं से प्रारूप 6 और संशोधन एवं शिफ्टेड मतदाताओं से प्रारूप 8 भी प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी रहेगी। 11 जनवरी को 11:00 बजे से 5:00 बजे तक प्रत्येक बीएलओ द्वारा मतदान केंद्र पर मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाएगी, इस संबंध में भी आयोग द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती संगीता गौतम, एसडीएम सदर श्री राम मोहन मीणा और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्री आदित्य श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

## 10 टन क्षमता की आयल एक्सटैक्शन यूनिट पर मिलेगा 33 प्रतिशत का अनुदान

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि केन्द्र पुरोनिधानित नेशनल मिशन ऑन एडिबिल योजना अन्तर्गत एग्रीदर्शन डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन व यूपीएफपीओशक्ति पोर्टल डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर पंजीकृत एफ.पी.ओ./सहकारी समितियों हेतु 10 टन क्षमता की आयल एक्सटैक्शन यूनिट की स्थापना कराये जाने पर प्रोजेक्ट की कीमत का 33 प्रतिशत अधिकतम रू. 09 लाख 90 हज़ार तक का अनुदान अनुमन्य है। कम्पनी अधिनियम/सहकारिता अधिनियम के अन्तर्गत ऐसे पंजीकृत एफ.पी.ओ. जिनका तीन वर्षो का अनुभव व कृषक सदस्यों की संख्या 200 हों, विगत तीन वर्षो में औसत कारोबार रू. 09 लाख से अधिक हो एवं कृषको की 03 लाख की इक्विटी हो, योजनान्तर्गत पात्र होंगे। उप कृषि निदेशक श्री वर्मा ने बताया कि इच्छुक एफ.पी.ओ./सहकारी समितियां कृषि विभाग के पोर्टल एग्रीदर्शन डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर 09 जनवरी 2026 तक आनलाइन आवेदन कर सकती हैं। लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में जनपद स्तरीय गठित कमेटी के समक्ष ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से लाभाथियों का चयन किया जाएगा।

## विभिन्न मुद्दों के साथ कांग्रेस दातागंज तहसील पर उपजिलाधिकारी को सौंपा जाएगा ज्ञापन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मुढ़ा पुख्ता पुल का अधूरा निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने सहित विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर आज दोपहर 2 बजे दातागंज तहसील में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।ज्ञापन के माध्यम से प्रमुख रूप से अधूरे पड़े मुढ़ा पुख्ता पुल का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने, प्रत्येक भूमिहीन परिवार को एक-एक एकड़ कृषि भूमि का पट्टा देने, नए राशन कार्ड बनवाने, राशन कार्ड की यूनिट बढ़वाने तथा राजमिस्त्री, बेलदार, बढ़ई, लोहार, लेंटर मजदूर सहित सभी भवन निर्माण मजदूरों के श्रम कार्ड बनवाने जैसी मांगें उठाई जाएंगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने दातागंज तहसील क्षेत्र के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में तहसील परिसर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस ज्ञापन कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप, जिला महासचिव सत्यम यादव, दातागंज विधानसभा प्रभारी किसान कांग्रेस केपी सिंह एवं जिला सचिव गिरीश यादव सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में नाली के गंदे पानी को लेकर वकीलों ने डीएम को सौंपा शिकायती पत्र

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सहसवान तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सोमवार को वकीलों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर नगर के मोहल्ला सैफुल्लागंज में नाली के गंदे पानी से उत्पन्न गंभीर समस्या से अवगत कराया। ज्ञापन में बताया गया कि लंबे समय से नालियों की समुचित सफाई एवं जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण गंदा पानी सड़कों और आवासीय क्षेत्रों में भरा हुआ है। वकीलों ने बताया कि जलभराव के चलते लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है। वहीं गंदगी, दुर्गंध और मच्छरों के प्रकोप से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार संबंधित विभागों से शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए, जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा भविष्य में ऐसी समस्या न उत्पन्न हो, इसके लिए स्थायी कार्ययोजना बनाई जाए जिला अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कई अधिवक्ता मौजूद रहे और उन्होंने प्रशासन से जनहित की इस समस्या का त्वरित समाधान किए जाने की अपेक्षा जताई।

## जिलाधिकारीकी उपस्थिति में तहसील सदर के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

मुरदाबाद कैनविज टाइम्स संवाददाता। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान विद्युत, राजस्व और राशन वितरण के साथ-साथ विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 43 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन को पात्रता के अनुरूप सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले और उनकी प्रत्येक शिकायत और समस्या का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से समयबद्ध निस्तारण प्रत्येक अधिकारी की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ठंड के दृष्टिगत भी अधिकारी विशेष सतर्कता बरतें तथा जरूरतमंद लोगों की सुविधा और सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं।

## जाकिर चिकेन शॉप, जोया रोड शाहबाजपुर खुर्द थाना रायसत्ती संभल का खाद्य पंजीकरण किया निलंबित

संभल कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा जनपद के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में आज दिनांक 05.01.2026 को विभागीय टीम द्वारा स्थान-जोया रोड, शहबाजपुर खुर्द, सम्भल स्थित मौ0 जाकिर की चिकेन मीट शॉप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा मुर्गा मीट शॉप का संचालन उनके द्वारा प्राप्त किये गये खाद्य पंजीकरण में अंकित स्थान से अन्यत्र पाया गया। मौके पर संचालित प्रतिष्ठान की धार्मिक स्थल से उचित दूरी नहीं पाया गया एवं प्रतिष्ठान का संचालन खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006, नियम व विनियम-2011 की अनुसूची-4 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत नहीं किया जा रहा है। अतः जनहित में लोकस्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत उक्त प्रतिष्ठान का पंजीकरण तत्काल निलंबित कर पर खाद्य कारोबार का संचालन बन्द कराया गया। साथ ही नोटिस जारी कर 14 दिवस में जवाब/स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया, जिसके उपरांत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। विभागीय टीम में मानवेन्द्र सिंह सहायक आयुक्त खाद्य ? के नेतृत्व में राहुल सिंह सीएफएसओ, अशोक कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों को उपलब्ध कराये जा रहे हैं नि:शुल्क बीज मिनीकिट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। जिला गन्ना अधिकारी श्री राम किशन ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विभाग एवं गन्ना विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से बसंत कालीन गन्ने के साथ दलहनी फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस योजना के तहत गन्ना किसानों को उड़द और मूंग के बीज की मिनीकिट कृषि विभाग के सहयोग से निःशुल्क वितरित की जाएगी। इस योजना में केवल कृषि विभाग में पंजीकृत गन्ना उत्पादक किसानों को ही बसंत कालीन गन्ना बुवाई के साथ अतःफसल करने वाले किसानों को ही निःशुल्क बीज की मिनीकिट प्रदान की जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना में प्रत्येक कृषक अधिकतम एक हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए उड़द अथवा मूंग में से कोई एक बीज 20 किलोग्राम निःशुल्क प्राप्त करने हेतु कृषि दर्शन-2 पोर्टल आवेदन कर सकता है। ऑनलाइन आवेदन के इच्छुक किसानों को कृषि दर्शन-2 पोर्टल पर जाकर अपनी बुकिंग करानी अनिवार्य है। पोर्टल पर बुकिंग प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है और 20 जनवरी, 2026 तक खुली रहेगी। प्राप्त आवेदनों में से पात्र किसानों का चयन ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। चयनित किसानों को उनके संबंधित विकास खंड के राजकीय कृषि बीज भंडार से बीज का वितरण किया जाएगा। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य खेती की लागत घटाना, किसानों की आय में वृद्धि करना और भूमि की उर्वरता (नाइट्रोजन स्थिरीकरण के माध्यम से) बनाए रखना है। जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ना उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे 20 जनवरी, 2026 से पूर्व विभागीय पोर्टल कृषि दर्शन-2 पर अधिक से अधिक पंजीकरण कराकर इस योजना का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए किसान अपने क्षेत्रीय राजकीय कृषि बीज भंडार या सम्बन्धित गन्ना विकास परिषद कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# आशा कर्मियों की राज्यव्यापी हड़ताल 22वें दिन भी जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मालवीय मैदान में धरना, 9 जनवरी को मंडलायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन का ऐलान**

बदायूं। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर आशा कर्मियों की राज्यव्यापी हड़ताल आज 22वें दिन भी जारी रही। मालवीय मैदान में चल रहे धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने आशा कर्मियों के निरंतर संघर्ष और हौसले की सराहना की।उन्होंने कहा कि 15 दिसंबर से चल रही हड़ताल के बावजूद सरकार ने अब तक आशा कर्मियों की मूल मांगों पर गंभीरता नहीं दिखाई। आंदोलन के दबाव में 2024ऽ25 के लंबित भुगतान जारी करने का आदेश हुआ है, लेकिन 2019 से अब तक का बकाया पारिश्रमिक, कर्मचारी का दर्जा, न्यूनतम वेतन, ग्रेच्युटी, ईपीएफ, ईएसआई, मातृत्व अवकाश, राष्ट्रीय एवं त्यौहारी अवकाश जैसी मांगें अभी लंबित हैं।जिला उपाध्यक्ष निर्दोष ने सभी आशा कर्मियों से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए बताया कि आगामी 9 जनवरी को मंडलायुक्त कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। जिला सचिव मुनीषा यादव ने कहा कि डराने-धमकाने से विचलित हुए बिना आंदोलन को और मजबूत किया जाए। धरने में नीलम, राजकुमारी, रूपवती, किरण, वीणा चंदेल, अर्चना, छाया, विनय, पम्मी, बसंती, उषा देवी, निर्मला, पूजा, दर्शना सहित बड़ी संख्या में आशा एवं संगिनी कर्मी मौजूद रहीं।

# जिला स्वास्थ्य समिति-शासी निकाय की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल (बहजोई)। आज कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति-शासी निकाय की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत पूर्व जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के बिन्दुओं पर क्या अनुपालन हुआ उस पर चर्चा की गयी। जननी सुरक्षा योजना को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा एफआरयू,तथा एचएमआईएस पोर्टल पर एएनसी जांच, प्रसव तथा टीकाकरण, आरसीएच फीडिंग, सीएचओ द्वारा ई संजीवनी ओपीडी स्थिति विकास खण्ड वार पर चर्चा की गयी। ई कवच पर आभा आईडी तथा ई कवच पर सैम बच्चों को लेकर भी चर्चा की गयी। वीएचएसएनडी सत्र, आशा कलस्टर मीटिंग, वैक्सीन अपडेशन, जीरो वैक्सीनेशन पर भी चर्चा की गयी प्रस्तुति जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजीव राठौर द्वारा की गई। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड की प्रगति शत प्रतिशत बढ़ाई जाए। एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की और उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि एनआरसी केंद्र को और बेहतर बनाया जाए। एसिड अटैक को लेकर भी जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया गर्भ संस्कार को लेकर जिलाधिकारी ने विस्तार पूर्वक चर्चा की उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को गर्भ संस्कार के विषय में विस्तार पूर्वक बताएं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पंकज बिश्नोई, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विश्वास अग्रवाल, जिला पूर्ति अधिकारी शिवी गर्ग, डॉक्टर मनोज चौधरी एवं समस्त एमओआईसी एवं संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**तहसील सम्भल के सभागार में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस**

**शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

संभल (बहजोई)। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में तहसील सम्भल के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का समय से निस्तारण किया जाए ताकि शिकायतकर्ता बार बार शिकायत लेकर सरकारी कार्यालयों में ना आये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शिकायतकर्ता की शिकायत को गम्भीरता से सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हो सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थानाध्यक्ष एवं राजस्व से संबंधित अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में भूमि से संबंधित टॉप टेन मामलों को चिन्हित कर शीघ्र ही निस्तारित करें। अरिल नदी के जीर्णोद्धार के लिए अभूतपूर्व कार्य करने वाले एवं अवैध कब्जा हटवाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 4 लेखपालों को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने पर प्रभागीय वनाधिकारी, एलडीएम तथा जीएमडीआईसी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण शीघ्र एवं निचले स्तर पर कर दिया जाए।

इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक भाटी,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक,उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज,तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र सिंह, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर सीडीओ व एसपी ने सुनीं शिकायतें, पांच निस्तारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । मुख्य विकास अधिकारी अंकित जैन की अध्यक्षता में सदर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस पर 83 शिकायतें सीडीओ के पास आईं।मौके पर अलग-अलग विभागों की कुल पांच शिकायतों का उन्होंने निस्तारण कि या।सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की आ ई मिलीं।पुलिस विभाग की कई शिकायतें रहीं। पुलिस विभाग के शिकायतों की सुनवाई एसपीविनीत जायसवाल ने की।मुख्य विकास अधि कारी ने मातहतों से कहा कि शिकायतों का नि स्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए।समाधान दिवस के दौरान

प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु विभागीय टीमों का गठन किया जाए तथा टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने विशेष रूप से अवैध अतिक्रमण,चकमार्ग, तालाब भूमि,नाली, पैमाइश एवं अवैध कब्जे से संबंधित मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए।मुख्य विका स अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता को मौ के पर बुलाकर उसकी उपस्थिति में कार्रवाई की जाए तथा निस्तारण प्रक्रिया का फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कर अभिलेख सुरक्षित रखा जाए।उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का मौ के पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अंत में उन्होंने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध,पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।इस अवसर पर मुख्य चि कित्सा अधिकारी डॉ.संतलाल पटेल,एसडीएम सदर अशोक कुमार गुप्ता,तहसीलदार मनीष कुमार,नायब तहसीलदार सहित जिला विकास अधिकारी,तथा विभिन्न विकास खण्डों के अधि कारीगण सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डिलीवरी के बाद महिला की मौत, परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिला महिला अस्पताल में डिलीवरी के बाद महिला की मौत हो गई। मौत से नाराज परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरो प लगाया हैं हालांकि महिला का नवजात बेटा पूरी तरह सुरक्षित है।पूरा मामला देहात कोतवा ली क्षेत्र के गोड़रिया गांव जिलेदार गुप्ता अपनी पत्नी अनसुईया को डिलीवरी के लिए जिला म हिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने बड़े ऑपरेशन के जरिए बेटे को जन्म दिलाया।ऑप रेशन के बाद महिला को वार्ड में शिफ्ट किया ग या था।उसके कुछ घंटे बाद अनसुईया की अचा नक तबीयत बिगड़ गई थी। उसके बाद डॉक्टरों को बताया लेकिन डॉक्टरों ने हालत खराब होने के बावजूद समय रहते इलाज नहीं किया और बार - बार कहने के बाद भी रेफर नहीं किया ग या।जब स्थिति ज्यादा बिगड़ गई तो रेफर किया गया,लेकिन अस्पताल से ले जाते समय गेट पर ही महिला की मौत हो गई।महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिजन फूट-फूटकर रोने लगे और महिला अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया सूचना पर जिला महिला अस्पताल के सीएमए स डॉ.देवेंद्र सिंह और नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचे उसके काफी देर तक समझाने के बाद किसी तरह परिजन शांत हुए।इस दौरा न सीएमएस और परिजनों के बीच कहासुनी भी हुई।वही मृतका के पति जिलेदार गुप्ता का आरोप है कि डॉक्टरों ने उनकी बात नहीं सुनी और समय पर रेफर नहीं किया।उनका कहना है कि अगर पहले ही रेफर कर दिया जाता तो उनकी पत्नी की जान बच सकती थी।पत्नी की मौत से वह कई बार बेहोश भी हो गए।उन्होंने दोषी डॉक्टरों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# नानपारा तहसील में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा सभागार में उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शनिवार को अवकाश घोषित होने के कारण यह कार्यक्रम सोमवार को सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस के दौरान कुल 19 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 4 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक 9 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं, जबकि पुलिस प्रशासन के विरुद्ध 5, विकास विभाग की 2 तथा अन्य विभागों से जुड़ी 3 शिकायतें पीड़ितों द्वारा दर्ज कराई गईं। कार्यक्रम में तहसीलदार नानपारा रविकांत द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

# भारत एक सनातन एवं हिन्दू राष्ट्र है : जिला प्रचारक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। संघ शताब्दी वर्ष के अंतर्गत विशेश्वरगंज खंड के ढोल कुआ मंडल के रूद्रा मैरिज लान मैं हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला प्रचारक अजय जी ने कहा कि पूज्य संतों की अगुवाई में देश आगे बढ़ा है। संपूर्ण दुनिया में जो गौरवपूर्ण स्थान इस देश को मिला उसके पीछे यहां की संत परंपरा है, आध्यात्मिक चेतना है, आध्यात्मिक शक्ति है। इन्ही पूज्य सन्तों द्वारा सनातन का धर्म का प्रचार होता है और धर्म को परिभाषित किया जाता है, और हिंदू धर्म क्या है? हिंदू परंपरा क्या है? हिंदू संस्कृति क्या है? इसकी व्याख्या पूज्य सन्तों द्वारा बताया गया। सनातन जो पुरातन है लेकिन वास्तव में सनातन धर्म युक्त जीवन जीने की कला है। सनातन केवल एक धर्म नहीं है। सनातन धर्म जीवन जीने की शैली है। सनातन एक वृत्ति है, सनातन धर्म एक अवधारणा है। इसलिए सनातन धर्म को केवल पूजा पद्धति में व शब्दों में बांधना न्यायोचित नहीं होगा। सनातन धर्म उद्घोष करता है 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद दुख भागभवेत' यह ही सनातन धर्म है। ब्रह्मांड में केवल एक ही धर्म है। बाकी सब पूजा पद्धति है पंथ है।

सनातन के गहराइयों में जाएंगे तो कभी सामाजिक विषमता नहीं होगी। मन के भीतर भी नहीं होगा। जो सच्चा सनातनी है वही देश और धर्म के संरक्षण के लिये मर सकता है, मिट सकता है लेकिन सनातन को मिटने नहीं देता। सनातन का मतलब आराधना नहीं है सनातन संस्कार है, सेवा है सनातन अनुशासन का प्रतिबिंब है, प्रतिरूप है।

हिंदू सम्मेलन समिति के अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी जी ने कहा यदि भगवान राम ने अपने जीवन में समरसता स्थापित नहीं की होती, तो लोग उन्हें भगवान नहीं मानते।लोग कहते हैं भारत के अंदर छुआछूत सामाजिक विषमता तो बहुत पहले से थी। यदि छुआछूत बहुत पहले से होती तो चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ व सुमंत एक ही गुरुकुल में नहीं पढ़ते। एक समाज के सबसे ऊंचे स्थान का व्यक्ति व एक निचले स्थान का व्यक्ति एक ही शिक्षा मंदिर में जाकर शिक्षा ग्रहण करते हैं। इससे बड़ा सामाजिक समरसता का उदाहरण नहीं हो सकता।

हिंदू सम्मेलन समिति के रामकृष्ण पांडे ने प्रकृति संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि जैसे हम बच्चों का संरक्षण करते है, बच्चों के स्वास्थ्य की, शिक्षा की, संस्कार की वैसे ही वृक्षों की भी चिंता करनी पड़ेगी तब जाकर पर्यावरण का संरक्षण होगा। इससे पूर्व हिंदू सम्मेलन की शुरुआत भारत माता के चित्र के समक्ष जिला प्रचारक अजय जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्चन कर हुआ।

कार्यक्रम का संचालन हिंदू सम्मेलन समिति के संयोजक जयप्रकाश द्विवेदी के द्वारा किया गया।इस अवसर पर श्री सतीश चंद्र तिवारी, श्रीमती सुशीला देवी , सुश्री वंदना द्विवेदी ,श्री सत्येंद्र गोस्वामी , सचिन गिरी जी, श्री हर्षित जी, श्री उदय जी, श्री जगदंबा जी, श्री चन्द्र प्रकाश तिवारी, खंड कार्यवाह विशेश्वरगंज अशोक सहित सनातन प्रेमी संत समाज, मातृ आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम के उपरांत भंडारे का आयोजन हुआ ।

# नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । शिक्षा विभाग में तैनात रहे पूर्व लिपिक स्वयं प्रकाश शुक्ला और उनके सहयोगी अवधे श शुक्ला पर जिला प्रशासन और पुलिस ने शि कंजा कसना शुरू कर दिया है।नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी की शिकायत पर नगर कोतवाली में दोनों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुक दमा दर्ज किया गया है।पुलिस के अनुसार स्वयं प्रकाश शुक्ला शिक्षा विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का सरगना है।उसके खिलाफ जिले के इटिया थोक, कटरा बाजार और नगर कोतवाली में नौ करी दिलाने के नाम पर ठगी के कुल छह मुक दमे पहले से दर्ज हैं।नगर कोतवाल विवेक त्रिवे दी ने बताया कि स्वयं प्रकाश शुक्ला निवासी बेंदुली,थाना इटियाथोक, वर्तमान पता- रघुकुल हॉस्टल के सामने,सिविल लाइन और अवधेश कुमार शुक्ला निवासी-पूरे शुक्ल चरहुवा,थाना परसपुर,वर्तमान पता-सिविल लाइन ने मिलकर एक संगठित गिरोह बनाया था,यह गिरोह अंतर जनपदीय स्तर पर सक्रिय रहकर शिक्षा विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से मोटी रक म वसूल करता था। पुलिस के अनुसार, गिरोह के सदस्य अभ्यस्त अपराधी हैं और लंबे समय से इस तरह की ठगी में लिप्त थे।पुलिस के मुता बिक,रमेश कुमार मौर्य ने दो सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपियों ने नौक री दिलाने के लिए उनसे दस लाख रुपये मांगे थे जिसमे से छहलाख रुपये आरोपी के ड्राइवर उमाशंकर के सामने नकद दिए गए,जबकि चार लाख रुपये आरटीजी एस के माध्यम से ट्रांसफ र किए गए थे।नौकरी न लगने पर दबाव बनाने पर आरोपियों ने केवल चार लाख रुपये लौटाए और शेष छह लाख रुपये हड़प लिए हैं।इस मा मले में थाना नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है।वही एक अन्य मामले में दीपक कुमार ने एक जुलाई 2025 को पुलिस को सूच ना दी कि आरोपियों ने शिक्षक की नौकरी दि लाने के नाम पर नकद और चेक के माध्यम से कुल सोलंह लाख रुपये लिए थे।नौकरी न मिल ने पर जब दीपक ने पैसे वापस मांगे तो आरोपि यों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।इस संबं ध में थाना नगर कोतवाली में भी मुकदमा दर्ज है।पुलिस विवेचना में यह स्पष्ट हुआ कि गिरोह आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए लोगों को ठगने का अभ्यस्त है।समाज में इनके भय और आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए इनके विरुद्ध उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरो धी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 (गैंगस्टर एक्ट) की धारा 3(1) के तहत कार्रवा ई की गई है।जिलाधिकारी गोंडा ने दो जनवरी को गिरोह के खिलाफ गैंग चार्ट को अनुमोदन दिया। वर्तमान में पुलिस कई मामलों में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर चुकी है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

**जिलेभर हो रही समीक्षा**

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि नगर कोतवाल की तहरीर पर दोनों आरोपि यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।उन्होंने कहा कि आरोपी गि रोह बनाकर नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी कर रहे थे।जिला मजिस्ट्रेट के अनुमोदन के बाद यह कार्रवाई की गई है।जिले के विभिन्न थानों में दर्ज अन्य मुकदमों की भी समीक्षा कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# अथरिस्ट फार्मर प्रोडूसर कंपनी के सीईओ कुलदीप मिश्रा ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। बेलसर ब्लॉक क्षेत्र के लौव्वा टेपरा में सोमवार को अथरिस फार्मर कंपनी के तत्वा वधान में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कड़ाके की ठंड के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जरूरतमंदों को राहत पहुंचाई गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार व विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पीयूष मिश्रा रहे।दोनों अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्य क्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अथरिस फार्मर कंपनी के सीईओ कुलदीप मिश्रा ने बताया कि जरूरत मंद लोगों को कंबल के साथ खाद्य सामग्री का भी वित रण किया गया।उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब और असहाय लोगों की सहायता करना सबसे बड़ा मानवीय धर्म है। कंपनी आगे भी इस तरह के सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती रहेगी।मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि निजी संस्थाओं द्वारा किए जा रहे ऐसे प्रयास समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इससे जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिलती है और सामाजिक समरसता को बल मिलता है। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पीयूष मिश्रा ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर जरूरत मंदों की मदद करनी चाहिए। कार्यक्रम में राजू तिवारी, मनीष तिवारी, सुधाकर तिवारी,राम शरन मिश्रा खनक मिश्रा,संजय उपाध्याय गोलू,मुकेश शुक्ला संदीप,सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग व कंपनी के कर्मचारी मौजूद रहे।

## अभ्यर्थी चयन हेतु साक्षात्कार 07 जनवरी को

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । उपायुक्त उद्योग ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अन्तर्गत आवेदित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच में 07 जनवरी 2026 को आहूत किया गया है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि राजमिस्त्री, नाई, मोची व बढ़ई ट्रेड हेतु पूर्वान्ह 11:00 बजे से साक्षात्कार होगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र, आधार, बैंक पासबुक, एक फोटो, प्रधान, नगर पालिका/नगर पंचायत अध्यक्ष/सदस्य द्वारा निर्गत पारम्परिक कारीगर होने के प्रमाण-पत्र की छायाप्रति भी प्रस्तुत करना होगा।

## अंजुमन के पूर्व अध्यक्ष हाजी लियाकत अली की याद में शोक सभा

नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर स्थित मदरसा अरबिया बहरुल उलूम अंजुमन इस्लामिया में मदरसा के पूर्व अध्यक्ष, समाजसेवी एवं फल कारोबारी हाजी लियाकत अली की याद में एक ताजियाती शोक सभा (नशिस्त) का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मदरसे के मौलाना अहमद क़ासमी ने हाजी लियाकत अली की शख़्सियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिनका दुनिया से जाना समाज और मासरे को गहरे शोक में डुबो देता है। हाजी लियाकत अली ऐसे ही व्यक्तित्व थे। अंजुमन के अध्यक्ष हाजी वदूद ने कहा कि हाजी लियाकत अली निडर, सुलझे हुए और कौम को साथ लेकर चलने वाले इंसान थे। वहीं सभासद हाजी शोएब अहमद ने उनके सामाजिक योगदान और जनहित में किए गए कार्यों को याद किया। मदरसे के मोहतमिम मौलाना मोहम्मद अफजल नदवी ने कहा कि हाजी लियाकत अली। उलमा-ए-इकराम की कद्र करने वाले, समाजसेवा में अग्रणी और दीन के कार्यों में हमेशा आगे रहने वाले व्यक्ति थे। शोक सभा में उनके बड़े बेटे शौकत अली फैजी, आसिफ अली, राशिद अली, शरीफ अली, तारिक अली, मोहम्मद शाहिद, शमशेर बहादुर राणा सहित अन्य परिजनों व गणमान्य लोगों की मौजूदगी में मरहूम की मगफिरत के लिए दुआ की गई।

## पुलिस ने वाहन चेकिंग कर सवा दो लाख रुपये का लगाया जुर्माना

जायस अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के पांचवे दिवस पर थानाक्षेत्र फुरसतगंज में यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया और कोहरे को देखते हुए वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टर लगाते हुये एक सौ पचासी वाहनों का चालान कर दो लाख पच्चीस हजार रुपया जुर्माना योजित किया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सोमवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के पांचवें दिवस पर यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर नहर कोठी थाना फुरसतगंज में आमजनमानस को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी तथा वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में वाहन न चलाने व निर्धारित सीमा से अधिक सवारी न बैठाने की अपील की गयी तथा जागरूकता संबंधी पंफ्लेट वितरित किये गये। कोहरे व धुंध को देखते हुए सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये।यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर कुल एक सौ पचासी वाहनों का चालान कर दो लाख पच्चीस हजार रुपये जुर्माना योजित किया गया।

# स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने मेडिकल कालेज के निर्माण कार्य में देरी पर जताई नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । तिलोई में निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का सोमवार को प्रदेश सरकार के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री ने निर्माणाधीन भवन का औचक स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अस्पताल ओपीडी भवन अधूरा देख राज्यमंत्री ने निर्माण एजेंसी और कार्यदाई संस्था को कड़ी फटकार लगाई।इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण भवनों के निर्माण के अंतिम रूप देने में हुये विलम्ब पर सख्त नाराजगी व्यक्त की है।स्वशासी मेडिकल कालेज में एमबीबीएस छात्रों की प्रथम सत्र की कक्षाएं भले ही शुरू हो गई हो लेकिन ओपीडी, इमरजेंसी और अस्पताल भवन का निर्माण अभी भी अधूरा है। इसके साथ ही अन्य निर्माण भी पूरी तरह तैयार नही हैं।निर्माण कार्यो की समीक्षा के दौरान निर्माण एजेंसी के द्वारा राज्यमंत्री को दो माह पूर्व हुई समीक्षा के दौरान दी गई समय सीमा पर निर्माण कार्य पूर्ण न होने पर सख्त नाराजगी व्यक्त की और सख्त निर्देश देते हुये कहा कि किसी भी हालत में पच्चीस जनवरी तक निर्माण पूर्ण होने के साथ ही स्थल विकास का कार्य भी पूर्ण हो जाना चाहिये। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे के मददेनजर प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं चिकित्सा स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कार्यदाई संस्था पीडब्ल्यूडी अयोध्या निर्माण एजेंसी वेंसा प्राइवेट लिमिटेड को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने निर्माणाधीन मेडिकल कालेज में मेडिकल कक्षाओं के संचालन हेतु लेक्चर हाल,प्रशासनिक भवन, सी सी बी,लाइब्रेरी, गर्ल्स एवं ब्वॉयज हॉस्टल का निरीक्षण करते हुये निर्माण एजेंसी को अच्छे ढंग से फिनिशिंग करने का निर्देश दिया।इसके अलावा एनाटॉमी,फिजियोलॉजी ,बायो केमेस्ट्री और लेक्चर थिएटर का निरीक्षण किया।प्रशासनिक भवन का भी आवश्यक हिस्सा अच्छे से फिनिश कर तैयार करने का निर्देश दिया हैं।राज्यमंत्री ने निर्माण एजेंसी को यह भी निर्देश दिया कि शेष भवन का निर्माण भी तेजी से किया जाय क्योंकि दो सौ बेड रेफरल में संचालित हो रहे स्वशासी मेडिकल कालेज में जगह कम होने के चलते मरीजों की भीड़ अधिक हो जाती है इसलिये मरीजों को समस्या हो रही है।निरीक्षण के दौरान मेडिकल कालेज की प्रधानाचार्य डा रीना शर्मा,कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,डा आजम खान,डा योगेश कुमार, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी,धर्मेश कुमार मिश्रा, कार्यदाई संस्था पीडब्ल्यूडी अयोध्या के अधिशाषी अभियंता उमेश चंद्रा, निर्माण करने वाली संस्था वेंसा के प्रशासनिक अधिकारी महावीर सिंह मौजूद रहे।

# जुबलीगंज में श्रीमद्भागवत कथा तीसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। नगर के जुबलीगंज में स्थित आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक रविशंकर महाराज ने श्रीमद् भागवत में ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद चरित्र, और नरसिंह अवतार सहित अन्य अवतरो का वर्णन करते हुए राजा परीक्षित व सुखदेव के जन्म का विस्तार से वर्णन किया। कथा वर्णन करते हुए कथावाचक गुरुभाई ने कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वनों में काफी दूर चले गए। उनको प्यास लगी, पास में समीक ऋषि के आश्रम में पहुंचे और बोले ऋषिवर मुझे पानी पिला दो मुझे प्यास लगी है, लेकिन समीक ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि इसने मेरा अपमान किया है मुझे भी इसका अपमान करना चाहिए। उसने पास में से एक मरा हुआ सर्प उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। ऋषि के पुत्र को ये सूचना जैसे ही मिली उन्होंने नदी का जल हाथ में लेकर परीक्षित को शाप दें। डाला जिसने मेरे पिता का अपमान किया है। आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प पक्षी आएगा और उसे जलाकर भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि से देख यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी। यह सुनकर परीक्षित महाराज दुखी नहीं हुए और अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन बड़ी संख्या में महिला व पुरूष कथा सुनने पहुंचे। इस मौके पर आयोक राजेन्द्र मित्तल सुनीता मित्तल, अंकित मित्तल अभिनव मित्तल गीतिका मित्तल, नेहा मित्तल, अमित सिंघल, निखिल गोयल, शिवानी गोयल, अमर अग्रवाल, डाली अग्रवाल, अशोक मित्तल, सुरेद्र मित्तल, अशोक शुक्ल, विवेक रस्तोगी सहित अन्य मौजूद रहे।

# चित्रांश समागम एवं सम्मान समारोह का हुआ भव्य आयोजन

## उपस्थिति रहे वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना

कैनविज टाइम्स संवाददाता





पीलीभीत। अखिल भारतीय चित्रांश महासभा द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को शहर के एक बारात घर में भव्य चित्रांश समागम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जो देर रात तक चला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष चित्रांश महासभा संजीव वर्मा तथा संजीवनी अस्पताल के वरिष्ठ आर्थोपेडिक्स डॉ. पी. एन. सक्सेना, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती सरिता वर्मा, राष्ट्रीय महासचिव श्री अमिताभ बिहारी वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अमित कुमार द्वारा किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं श्री चित्रगुप्त भगवान की वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए जिलाध्यक्ष चित्रांश महासभा संजय सक्सेना ने कहा कि चित्रांश समाज सदैव शिक्षा, प्रशासन, चिकित्सा और समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाता आया है और ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी एकता, संस्कार और भावी पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आरंभ हुई, जिसमें श्रीनिका, वर्षा सक्सेना एवं डॉ. पी. एन. सक्सेना द्वारा मधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई। वहीं बच्चों श्रीनिका, उन्नति, पारखी, अमाया, श्रेष्ठ एवं आरना भटनागर द्वारा दी गई नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।उद्बोधनों के क्रम में जिलाध्यक्ष बरेली राकेश सक्सेना ने कहा कि चित्रांश समाज की पहचान उसकी कर्मठता, ईमानदारी और संगठनात्मक शक्ति है, जिसे और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय महासचिव अमिताभ बिहारी वर्मा ने समाज के इतिहास और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को संगठित रहकर शिक्षा और युवा सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सरिता वर्मा ने कहा कि समाज की प्रगति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और महिला सशक्तिकरण के बिना समग्र विकास संभव नहीं है। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि चित्रांश महासभा पूरे देश में समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य कर रही है और भविष्य में सामाजिक, शैक्षिक एवं सेवा कार्यो को और गति दी जाएगी। मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि चित्रांश समाज ने देश को कुशल प्रशासक, चिकित्सक, अधिवक्ता और समाजसेवी दिए हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक दायित्व और नववर्ष पर सकारात्मक संकल्प लेने का आह्वान किया। समारोह के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका वर्षा सक्सेना को वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना द्वारा सम्मानित किया गया, जिस पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों के साथ उनका अभिनंदन किया।कार्यक्रम के अगले चरण में श्री चित्रगुप्त महाराज की आरती संपन्न हुई तथा लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया। समारोह में प्रखर नाथ, शुभ सक्सेना एवं हर्षित सक्सेना को व्यापार उत्कृष्टता सम्मान प्रदान किया गया।

वहीं डॉ. अरुण सक्सेना, डॉ. पी. एन. सक्सेना, संजीव वर्मा, सरिता वर्मा एवं अमिताभ बिहारी वर्मा को चित्रांश गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त समाज के वरिष्ठजनों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 71 परिवारों एवं व्यक्तियों को परिवार गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के समापन पर महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कंचन सक्सेना ने सभी अतिथियों, आयोजकों एवं उपस्थित समाजजनों का आभार व्यक्त किया। समारोह में संरक्षक एडवोकेट विनय सक्सेना, विपिन सक्सेना, संजय सक्सेना, शिक्षिका वर्षा सक्सेना, सौरभ सक्सेना, अवनीश सक्सेना, विकास श्रीवास्तव,शेखर सक्सेना, डॉ भरत कंचन, अखिलेश सक्सेना, प्रदीप सक्सेना, अनंत भटनागर, डॉ ममता सक्सेना, डॉ आस्था कंचन, सुरभि सक्सेना, वर्षा सक्सेना आदि सहित बड़ी संख्या में चित्रांश समाज के लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस एनकाउंटर में एक लाख का इनामी बदमाश तालिब ढेर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। जिले के लम्भुआ क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-731 पर हुई मुठभेड़ में पुलिस ने एक लाख रुपये के इनामी बदमाश तालिब उर्फ आज़म खान (26) को मार गिराया।

पुलिस के अनुसार तालिब पर गोकशी, लूट, चोरी सहित करीब एक दर्जन गंभीर मुकदमे दर्ज थे। उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जा चुकी थी। मुठभेड़ की पुष्टि लम्भुआ कोतवाली प्रभारी संदीप राय ने की है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को इनामी अपराधी तालिब के इलाके में मौजूद होने की सूचना मिली थी। इसके बाद एसओजी और लम्भुआ थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से घेराबंदी की। खुद को घिरा देख बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में तालिब गोली लगने से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे लम्भुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। हालांकि, वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मारा गया बदमाश तालिब उर्फ आज़म खान, पुत्र गफ्फार खान, गौरिया थाना फरधान, जिला लखीमपुर खीरी का निवासी था और लंबे समय से पुलिस को उसकी तलाश थी। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है और पूरे मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश पुलिस का अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और हाल के दिनों में कई वांछित बदमाशों पर सख्त कार्रवाई की गई है।

# अमेठी के सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से जनपद की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिये।तहसील अमेठी में कुल छत्तीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मुसाफिरखाना में पच्चीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक का निस्तारण किया गया।तहसील गौरीगंज में चौबीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें चार शिकायत का निस्तारण किया गया तथा तहसील तिलोई में पच्चीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने अपने कार्यालय में प्रातः दस बजे से बारह बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, बीएसए संजय तिवारी, उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह, तहसीलदार अमेठी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जागृत ब्राह्मण समाज ने 31वें स्थापना दिवस पर बांटे कम्बल



सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जागृत ब्राह्मण समाज के 31वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को कम्बल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पिछले 31 वर्षों से राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. रूपेश शुक्ला के संयोजन में निरंतर संचालित हो रहा है। कार्यक्रम का आयोजन पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में किया गया, जहां समाज के हजारों लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं ब्राह्मण शिरोमणि कृष्ण कुमार पाण्डेय उर्फ कक्कू पाण्डेय तथा समाजसेवी डॉ. डी.एस. मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जागृत ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथियों का शाल भेंट कर भव्य स्वागत किया। सभागार ‌जय परशुरामङ्क के नारों से गूंज उठा। मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार पाण्डेय उर्फ कक्कू पाण्डेय ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रबुद्ध समाज सभी समाजों को साथ लेकर चलने का कार्य करता है। उन्होंने ब्राह्मण समाज के प्रत्येक सुख-दुख में सदैव साथ खड़े रहने का वादा किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. रूपेश शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि अब ब्राह्मण समाज किसी की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा ब्राह्मण समाज अपनी हर दिशा स्वयं तय करेगा, किसी का पिछलग्गू नहीं बनेगा। कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण समाज पर हो रहे अत्याचारों को लेकर आक्रोश व्यक्त किया गया तथा एकजुटता पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में हजारों गरीब परिवारों को कम्बल वितरित किए गए। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों का पं. रूपेश शुक्ला एवं जागृत ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया।

## शहर विधायक की सख्ती से शुरू हुआ अतिक्रमण हटाओ अभियान

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर विधायक विनोद सिंह की चेतावनी के बाद नपा प्रशासन अतिक्रमण को लेकर गंभीर हो चला है। सोमवार को एई नगर पालिका की अगुवाई में अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत हो गई। इस दौरान दर्जनों की संख्या में नपा के अधिकारी - कर्मचारी सड़क पर बुलडोजर लेकर उतरे तो अफरा - तफरी मच गई। ठेला - खोमचा वालों और पटारियों के किनारे कब्जाधारियों पर प्रशासन का चाबुक चला। गभड़िया, सब्जी मंडी, चौक, गल्लामंडी, बस स्टेशन इलाके में हल्ला गाड़ी नें किनारे की पटरियों को अतिक्रमण मुक्त कराया। दर्जनों का चालान काटा गया और सामानों की जब्ती करण की कार्यवाई हुई। इस मौके पर एई संतोष कुमार विश्वकर्मा, एस आई अधुलिका सिंह, जेई नीलम, ट्रैफिक इंस्पेक्टर राम निरंजन समेत दर्जनों कर्मी मौजूद रहे।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या प्रताड़ित करने का आरोप मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर कोतवाली के क्षेत्र के सूफीनगर गांव सिमरिया ताल्लुक महाराजपुर में 30 दिसम्बर को फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामला सामने आया है मृतक बाहर अहमद के भाई निसार अहमद ने थाना घुंघचाई के गुलड़िया भूपसिंह के शब्बीर पुत्र अजमुल्ला और थाना पुवाया वालेमऊ के सोनू पुत्र वारिस ने मिलने बुलाया था देर रात तक वापस नहीं लौटा मोबाइल पर सम्पर्क करने की कोशिश की जो कि बन्द मिला सुबह सूचना मिली कि चीनी मिल से राजीव नगर जाने वाले मार्ग पर आम के पेड़ पर लटका हुआ है उपरोक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है इसके चलते युवक आत्महत्या कर लिया पुलिस ने इस बाबत मुकदमा दर्ज लिया है।

## जननी सुरक्षा योजना में बीस माह में चौवालिस हजार से अधिक प्रसव

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जननी सुरक्षा योजना के तहत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में अमेठी जिले ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित इस योजना ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं में सुरक्षित संस्थागत प्रसव के प्रति विश्वास बढ़ाया है। परिणामस्वरूप जिले में मातृ मृत्यु दर को कम करने की दिशा में सफलता हासिल हुई है।स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार एक अप्रैल 2024 से बीस दिसम्बर 2025 तक लगभग बीस महीनों के दौरान अमेठी जिले में कुल चौवालीस हजार तीन सौ पांच सुरक्षित संस्थागत प्रसव दर्ज किये गये क्योंकि इससे पहले ग्रामीण इलाकों में घर पर प्रसव की परंपरा काफी हद तक प्रचलित थी।जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को प्रसव के बाद प्रोत्साहन राशि सीधे उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाती है। इस योजना का मुख्य उददेश्य गर्भवती महिलाओं को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों या मान्यता प्राप्त निजी अस्पतालों में प्रसव के लिये प्रेरित करना है ताकि प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं से बचाव हो सके और मां बच्चे दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# डीएम ने स्टेडियम में निर्माणाधीन खेल सुविधाओं का किया स्थलीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के साथ डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में निर्माणाधीन कबड्डी व जिम हॉल तथा पच्चीस मीटर शूटिंग रेंज का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि स्टेडियम परिसर में कबड्डी व जिम हाल का निर्माण कार्य पैक्सफ़ेड द्वारा कराया जा रहा है, जबकि पच्चीस मीटर शूटिंग रेंज का निर्माण लोक निर्माण विभाग के माध्यम से किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने दोनों ही निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुये कार्य की गुणवत्ता, उपयोग में लाई जा रही सामग्री तथा सुरक्षा मानकों की विस्तार से समीक्षा की। शूटिंग रेंज के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि शूटिंग रेंज को खिलाड़ियों की आवश्यकताओं एवं आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि अमेठी जनपद में शूटिंग रेंज का निर्माण यहां के खिलाड़ियों के लिये एक बड़ी सौगात साबित होगा। इस सुविधा के उपलब्ध होने से जनपद के युवा खिलाड़ी अब अपने ही जिले में नियमित अभ्यास कर सकेंगे, जिससे उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और वे राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुये निर्माण कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिये ताकि जनपद के खिलाड़ियों को शीघ्र ही इन आधुनिक खेल सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## विभिन्न मांगों को लेकर किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

सुल्तानपुर। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति गुट ने तिकोनिया पार्क में प्रदर्शन किया। किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने जिले की नहरों में पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने, सहकारी समितियों पर खाद की उपलब्धता बढ़ाने और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज तक पहुंचने के लिए रास्ते का निर्माण कराने की मांग की। इसके अतिरिक्त, विजय कुमार पाण्डेय के घर से पारसनाथ यादव के घर तक खड़ंजा निर्माण शीघ्र कराने की भी मांग की गई। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने बताया कि जनपद की किसी भी समिति पर खाद उपलब्ध नहीं है और माइनरों (नहरों) में पानी नहीं पहुंच रहा है, जिससे खेती बुरी तरह प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मरीजों को केवल ‌खड़िया मिट्‌टीङ्क की दवाएं दी जा रही हैं और जिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज में विलय कर दिए जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि एक महीने के भीतर इन व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं किया गया, तो 5 फरवरी से तिकोनिया पार्क में अनिश्चितकालीन आंदोलन और धरना शुरू किया जाएगा।

# भ्रष्टाचार के दलदल में फंसी सचिव नेहा, विकास कार्यों के नाम पर कर रही सरकारी धन का बंदरबांट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**प्राइवेट युवक के जरिए कामकाज**

**आरोप यह भी है कि सचिव के साथ एक प्राइवेट युवक प्रेमपाल उनके कामकाज को देखता है और उसी के माध्यम से भुगतान व अन्य कार्यों का संचालन किया जाता है, जो नियमों के विपरीत बताया जा रहा है।**

पीलीभीत। विकास खंड मरौरी में तैनात सचिव नेहा लगातार भ्रष्टाचार के दलदल में फंसी हुई है। कई बार सुर्खियों में रह चुकी है। सचिव नेहा योगी सरकार में मिलने वाली सरकारी धनराशि मरौरी ब्लॉक में कथित रूप से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। गंभीर आरोप हैं कि मरौरी ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत सचिव नेहा कुमारी ने अपनी आवंटित ग्राम पंचायतों में नाली निर्माण, सड़क मरम्मत, सफाई व्यवस्था, सैनिटाइजेशन, नल रिबोर, बंदर पकड़वाने, स्टेशनरी, ई-रिक्शा चालक और आवारा पशुओं की अंत्येष्टि जैसी मदों के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जी भुगतान कराए। हैरानी की बात यह है कि इस मामले में पहले भी भुगतान को लेकर खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं, इसके बावजूद जिम्मेदार अफसरों ने कोई संज्ञान नहीं लिया और न ही भुगतान पर रोक लगाई गई। आरोप है कि खबर प्रकाशित होने के बाद भी सचिव ने 24, 25 और 26 दिसंबर को फिर से लाखों रुपये का भुगतान कर दिया। इन तिथियों में गंगा चरण के खाते में 10 हजार रुपये, रामस्वरूप के खाते में 6048 रुपये, गया प्रसाद के खाते में 6048 रुपये, आनंद कुमार के खाते में दो बार 6048-6048 रुपये और मथुरा प्रसाद के खाते में 10 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए। इसके अलावा खालसा कृषि सेवा केंद्र के नाम 36 हजार 717 रुपये, 46 हजार 221 रुपये और 11 हजार 86 रुपये सहित अन्य मदों में भी लाखों रुपये का भुगतान किया गया।जबकि कृषि सेवा केंद्र के खाते में इस प्रकार का भुगतान सरकारी नियमों के खिलाफ बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिन कार्यों के नाम पर भुगतान दिखाया गया है, वे धरातल पर कहीं नजर नहीं आते। न तो सड़क और नालियों की स्थिति में सुधार हुआ है और न ही सफाई व्यवस्था में कोई ठोस बदलाव दिखाई देता है। बंदर पकड़वाने के नाम पर भी भारी रकम निकाली गई, जबकि गांवों में आज भी बंदरों का आतंक बना हुआ है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकारी धन का उपयोग केवल कागजों में ही किया गया।स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि नाली और सड़क निर्माण कार्यों में कुछ ठेकेदारों के साथ सांठगांठ कर मनमाने तरीके से भुगतान किए गए। फर्जी मस्टरोल, बढ़े हुए बिल और बिना कार्य के भुगतान के जरिए सरकारी धन की बंदरबांट की गई। नियमों के विपरीत निजी व्यक्तियों और चुनिंदा फर्मों के खातों में राशि भेजे जाने के आरोप भी सामने आए हैं, जिनमें खालसा कृषि सेवा केंद्र का नाम प्रमुख है।

सरकार हर वर्ष ग्राम पंचायतों को विकास के लिए लाखों रुपये देती है, लेकिन भ्रष्टाचार के चलते योजनाएं कागजों तक सीमित रह जाती हैं। गांवों में अव्यवस्था, टूटी सड़कें, जाम नालियां और बदहाल सफाई व्यवस्था प्रशासनिक उदासीनता की तस्वीर पेश कर रही हैं। लोगों का आरोप है कि सचिव के कार्यों पर किसी प्रकार की निगरानी नहीं रखी गई और प्राइवेट व्यक्ति के जरिए कामकाज कराए जाने की बात भी सामने आ रही है।

पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो वे मुख्यमंत्री से शिकायत कर उच्चस्तरीय जांच की मांग करेंगे। ग्रामीणों ने सभी भुगतानों की विस्तृत जांच, सामाजिक अंकेक्षण और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। लोगों को उम्मीद है कि जांच के बाद ग्राम पंचायतों में हुए इस कथित फर्जीवाड़े की सच्चाई सामने आएगी और भविष्य में सरकारी धन के दुरुपयोग पर रोक लग सकेगी।

## दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट, लाठी-डंडे व धारदार हथियार से किया हमला, गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

पूरनपुर।मामूली कहासुनी मे पूरनपुर देहात के नूरी नगर में दबंगों ने घर में घुसकर पीड़ित पर जानलेवा हमला किया महिला के साथ गाली गलौज कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर पूरनपुर थाने में संगीन धाराओं मुकदमा दर्ज किया है दरअसल मामला पूरनपुर देहात क्षेत्र का है। जहां दबंगों के हौसले बुलंद चल रहे हैं। दबंगों को ना तो कानून का डर है ना ही पुलिस का दबंग दिनदहाड़े घरों में घुसकर ग्रामीणों को जान से मारने की नियत से मारपीट की है पीड़ित रूबी पत्नी राशिद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दबंग सोनू , शफीक, रुकसार, नूरी, रहिशबानो लाडी डंडे ओर धारदार हथियार लेकर घर में घुस आए और उन पर जानलेवा हमला कर दिया पेट पर लात भी मार दी पीड़ित ने थाना पूरनपुर में पहुंचकर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई वहीं मामले में पूरनपुर थाने में पीड़ित की तहरीर के आधार पर पांचों दबंगों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## कलीनगर मे पुलिस अधीक्षक ने पूरनपुर मे उपजिलाधिकारी ने सुनी जनसमस्याए

पीलीभीत।पूरनपुर कलीनगर तहसील में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर पूरनपुर मे उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह और कलीनगर मे पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान सुनिश्चित किया उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न इस कार्यक्रम में कुल 5 शिकायतें प्राप्त हुईं शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए जिलाधिकारी ने फरियादियों को आश्वस्त किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान फरियादियों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं दर्ज कराई इसमें किसानों, आम नागरिकों, व्यवसायियों और ग्रामीणों की शिकायतें शामिल थीं अधिकारियों ने निर्देश दिए कि बची हुई शिकायतों का समाधान समयबद्ध ढंग से किया जाए ताकि जनता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने कहा कि जनता की हर शिकायत का समाधान सुनिश्चित करना पुलिस और प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है उन्होंने फरियादियों से अपील की कि किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर वे सीधे प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क करें स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम जनता और प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत करते हैं उन्होंने बताया कि इससे जन समस्याओं का निस्तारण शीघ्र और पारदर्शी ढंग से हो रहा है।कार्यक्रम में तहसील प्रशासन, पुलिस विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही अधिकारियों ने मिलकर फरियादियों की समस्याओं का रिकॉर्ड तैयार किया और शीघ्र समाधान के लिए कार्ययोजना बनाई संपूर्ण समाधान दिवस का यह आयोजन प्रशासन की जनता-केंद्रित नीति का उदाहरण है यह न केवल लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करता है, बल्कि प्रशासन और नागरिकों के बीच विश्वास और सहयोग की भावना को भी बढ़ाता है।

## सम्पादकीय

# पत्रकार से अभद्रता और सही जवाब

पुराने साल के बीतने और नए साल के आने के दरम्यान मध्यप्रदेश से एक अच्छी और एक बुरी खबर आई। बुरी खबर यह कि देश के स्वच्छतम शहरों में शुमार राज्य की आर्थिक राजधानी इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी की वजह से फैले संक्रमण ने गंभीर रूप ले लिया है। पिछले लगभग एक हफ्ते से दूषित पानी से बीमार होने की खबर आ रही थी। फिर पता चला कि मुख्य जल आपूर्ति लाइन में लीकेज के कारण सीवरेज का पानी मिलने से सैकड़ों लोग उल्टी-दस्त के शिकार हो गए हैं। कम से कम 13 लोगों की तो जान ही जा चुकी है और कई अब भी अस्पताल में भर्ती हैं।गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में लगातार भाजपा का शासन बना हुआ है। 2018 में कांग्रेस ने चुनाव जीता भी था, लेकिन कमलनाथ सरकार को ज्योतिरादित्य सिंधिया की मदद से भाजपा ने गिरवा दिया और फिर से अपनी सरकार बना ली। इंदौर के सभी 9 विधायक भाजपा से हैं, सांसद भी भाजपा के हैं, महापौर भी भाजपा के हैं और सबसे बढ़कर शहरी विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी भाजपा से ही हैं। इसके बावजूद अगर इतने लोग दूषित जल से मर जाएं, तो फिर नैतिकता यही कहती है कि जिम्मेदार लोगों को फौरन इस्तीफ़े की पेशकश कर देनी चाहिए। लेकिन मोदीजी के नए भारत में इस्तीफ़े नहीं होते, ये बात तो खुद राजनाथ सिंह कह चुके हैं।इस नए भारत में जनप्रतिनिधि मीडिया को सवाल पूछने का हक भी नहीं देते हैं, यह बात भी अब मोदी सरकार को और भाजपा को आधिकारिक तौर पर कह देनी चाहिए। क्योंकि लगातार ऐसे प्रकरण हो रहे हैं जिसमें सवाल पूछने वाले पत्रकार से बदसलूकी हो रही है। तो इस बुरी खबर के बीच अच्छी खबर ये है कि भाजपा भले ही सवाल पूछने का हक न दे, लेकिन देश में अभी कुछ पत्रकार बचे हैं जो न केवल सवाल पूछ रहे हैं, बल्कि मंत्री की तरफ से गलत भाषा के इस्तेमाल पर खुल कर विरोध भी कर रहे हैं। दरअसल कैलाश विजयवर्गीय से एनडीटीवी के पत्रकार अनुराग द्वारी ने दूषित जल प्रकरण पर सवाल किए तो उन्होंने झल्लाते हुए कहा कि फोकट के प्रश्न मत पूछो, श्री द्वारी इस पर भी नहीं रुके और उन्होंने प्रतिवाद किया, साथ ही कहा कि मैं वहां होकर आया हूं, तो उन्होंने कहा कि क्या घंटा होकर आए हो। इस निम्नस्तरीय भाषा पर अनुराग द्वारी ने कैलाश विजयवर्गीय को सीधे-सीधे भाषा की तमीज का पाठ पढ़ा दिया और कहा कि वो अपना काम कर रहे हैं, हालांकि इसके बाद भी श्री विजयवर्गीय के साथ के लोगों ने अनुराग द्वारी को ही रोकने की कोशिश की कि हमारे नेता हैं, उनसे ऐसी बात नहीं की जा सकती।दरअसल मोदी-शाह के युग की भाजपा के कई नेताओं को यह खुशफहमी है कि उनसे सवाल नहीं किया जा सकता, या उनकी सरकार की खामियों पर टोका नहीं जा सकता। पूर्व सांसद स्मृति ईरानी ने अमेठी में एक पत्रकार को डपटते हुए कहा था कि मैं आपके मालिक से बात करूंगी। ये सीधे-सीधे पत्रकार को धमकी ही थी और इसमें जितनी गलती नेता की है, उतनी ही गलती उन मीडिया मालिकान की भी है, जो सत्ता से नजदीकी बढ़ाकर अपने लिए वित्तीय, सियासी या अन्य किस्मों के लाभ लेते हैं और बदले में आदर्शों को गिरवी रख देते हैं। मीडिया घरानों ने जिस तरह सत्ता के चरणों में खुद को झुका दिया है, उसी का नतीजा है कि अब पत्रकारों के सवालों का जवाब देना तो दूर उनसे शिष्टाचार से बातें भी नहीं की जातीं। अभी दो दिन पहले प.बंगाल में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक पत्रकार से कहा कि तुम बंगाल की चिंता करो, हमारी पार्टी की चिंता मत करो। जबकि उन पत्रकार ने केवल यही पूछा था कि 75 साल में मार्गदर्शक मंडल में भेजने का नियम अभी के नेताओं पर भी लागू होगा। पत्रकार ने इशारों में नरेन्द्र मोदी के रिटायरमेंट की बात छेड़ी थी, जिस पर अमित शाह बिफर पड़े।

# सोमनाथ: भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

**वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण किया था, इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था। सोमनाथ हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है। फिर भी, एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुन:निर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था।**

सोमनाथ... ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। ज्योतिर्लिंगों का वर्णन इस पंक्ति से शुरू होता है..''सौराष्ट्रे सोमनाथं च...'' यानि ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहले सोमनाथ का उल्लेख आता है। ये इस पवित्र धाम की सभ्यतागत और आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक है।

शास्त्रों में ये भी कहा गया है:

सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।

लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत?

अर्थात, सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने सभी पापों से मुक्त हो जाता है। मन में जो भी पुण्य कामनाएं होती हैं, वो पूरी होती हैं और मृत्यु के बाद आत्मा स्वर्ग को प्राप्त होती है। दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था। वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण किया था, इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था। सोमनाथ हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है। फिर भी, एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनःनिर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वो समारोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे। 1026 में एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण, वहां के लोगों के साथ की गई क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्त्रोतों में विस्तार से मिलता है। जब इन्हें पढ़ा जाता है तो हृदय कांप उठता है। हर पंक्ति में क्रूरता के निशान मिलते हैं, ये ऐसा दुःख है जिसकी पीड़ा इतने समय बाद भी महसूस होती है। हम कल्पना कर सकते हैं कि इसका उस दौर में भारत पर और लोगों के मनोबल पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा। सोमनाथ मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत ज्यादा था। ये बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींचता था। ये एक ऐसे समाज की प्रेरणा था जिसकी आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। हमारे समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर-दूर तक ले जाते थे। सोमनाथ पर हमले और फिर गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज मैं पूरे विश्वास के साथ और गर्व से ये कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं है। ये पिछले 1000 साल से चली आ रही भारत माता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है, ये हम भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है। 1026 में शुरू हुई मध्यकालीन बर्बरता ने आगे चलकर दूसरों को भी बार-बार सोमनाथ पर आक्रमण करने के लिए प्रेरित किया। यह हमारे लोगों और हमारी संस्कृति को गुलाम बनाने का प्रयास था। लेकिन हर बार जब मंदिर पर आक्रमण हुआ, तब हमारे पास ऐसे महान पुरुष और महिलाएं भी थीं जिन्होंने उसकी रक्षा के लिए खड़े होकर सर्वोच्च बलिदान दिया। और हर बार, पीढ़ी दर पीढ़ी, हमारी महान सभ्यता के लोगों ने खुद को संभाला, मंदिर को फिर से खड़ा किया और उसे पुनः जीवंत किया। महमूद गजनवी लूटकर चला गया, लेकिन सोमनाथ के प्रति हमारी भावना को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, हमारा विश्वास और प्रबल हुआ। उसकी आत्मा लाखों श्रद्धालुओं की भीतर सांस लेती रही। साल 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में भी सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा है, कि मिटाने की मानसिकता रखने वाले खत्म हो जाते हैं, जबकि सोमनाथ मंदिर आज हमारे विश्वास का मजबूत आधार बनकर खड़ा है। वो आज भी हमारी प्रेरणा का स्त्रोत है, वो आज भी हमारी शक्ति का पुंज है। ये हमारा सौभाग्य है कि हमने उस धरती पर जीवन पाया है, जिसने देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को जन्म दिया। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का पुण्य प्रयास किया कि श्रद्धालु सोमनाथ में पूजा कर सकें। 1890 के दशक में स्वामी विवेकानंद भी सोमनाथ आए थे, वो अनुभव उन्हें भीतर तक आंदोलित कर गया। 1897 में चेन्नई में दिए गए एक व्याख्यान के दौरान उन्होंने अपनी भावना व्यक्त की। उन्होंने कहा, ''दक्षिण भारत के प्राचीन मंदिर और गुजरात के सोमनाथ जैसे मंदिर आपको ज्ञान के अनगिनत पाठ सिखाएंगे। ये आपको किसी भी संख्या में पढ़ी गई पुस्तकों से अधिक हमारी सभ्यता की गहरी समझ देंगे। इन मंदिरों पर सैकड़ों आक्रमणों के निशान हैं, और सैकड़ों बार इनका पुनर्ज़ागरण हुआ है। ये बार बार नष्ट किए गए, और हर बार अपने ही खंडहरों से फिर खड़े हुए। पहले की तरह सशक्त। पहले की तरह जीवंत। यही राष्ट्रीय मन है, यही राष्ट्रीय जीवन धारा है। इसका अनुसरण आपको गौरव से भर देता है। इसको छोड़ देने का मतलब है, मृत्यु। इससे अलग हो जाने पर विनाश ही होगा। ये सर्वविदित है कि आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पवित्र दायित्व सरदार वल्लभभाई पटेल के सक्षम हाथों में आया। उन्होंने आगे बढ़कर इस दायित्व के लिए कदम बढ़ाया। 1947 में दीवाली के समय उनकी सोमनाथ यात्रा हुई। उस यात्रा के अनुभव ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया, उसी समय उन्होंने घोषणा की कि यहीं सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण होगा। अंततः 11 मई 1951 को सोमनाथ में भव्य मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। उस अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। महान सरदार साहब इस ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए जीवित नहीं थे, लेकिन उनका सपना राष्ट्र के सामने साकार होकर भव्य रूप में उपस्थित था। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू इस घटना से अधिक उत्साहित नहीं थे। वो नहीं चाहते थे कि माननीय राष्ट्रपति और मंत्री इस समारोह का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि इस घटना से भारत की छवि खराब होगी। लेकिन राजेंद्र बाबू अडिग रहे, और फिर जो हुआ, उसने एक नया इतिहास रच दिया। सोमनाथ मंदिर का कोई भी उल्लेख के.एम. मुंशी जी के योगदानों को याद किए बिना अधूरा है। उन्होंने उस समय सरदार पटेल का प्रभावी रूप से समर्थन किया था। सोमनाथ पर उनका कार्य, विशेष रूप से उनकी पुस्तक 'सोमनाथ, द श्राइन इटरनल' अवश्य पढ़ी जानी चाहिए। जैसा कि मुंशी जी की पुस्तक के शीर्षक से स्पष्ट होता है, हम एक ऐसी सभ्यता हैं जो आत्मा और विचारों की अमरता में अटूट विश्वास रखती है। हम विश्वास करते हैं- नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। सोमनाथ का भौतिक ढांचा नष्ट हो गया, लेकिन उसकी चेतना अमर रही। इन्हीं विचारों ने हमें हर कालखंड में, हर परिस्थिति में फिर से उठ खड़े होने, मजबूत बनने और आगे बढ़ने का सामर्थ्य दिया है। इन्हीं मूल्यों और हमारे लोगों के संकल्प की वजह से आज भारत पर दुनिया की नजर है। दुनिया भारत को आशा और विश्वास की दृष्टि से देख रही है। वो हमारे इनोवेटिव युवाओं में निवेश करना चाहती है। हमारी कला, हमारी संस्कृति, हमारा संगीत और हमारे अनेक पर्व आज वैश्विक पहचान बना रहे हैं। योग और आयुर्वेद जैसे विषय पूरी दुनिया में प्रभाव डाल रहे हैं। ये स्वस्थ जीवन को बढ़ावा दे रहे हैं। आज कई वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए दुनिया भारत की ओर देख रही है। अनादिकाल से सोमनाथ जीवन के हर क्षेत्र के लोगों को जोड़ता आया है। सदियों पहले जैन परंपरा के आदरणीय मुनि कलिकाल सर्वज्ञ हेमचंद्राचार्य यहां आए थे और कहा जाता है कि प्रार्थना के बाद उन्होंने कहा, ''भवबीजाङ्कुरजनना रागाद्याः क्षयमुपगता यस्य।'' अर्थात, उस परम तत्व को नमन जिसमें सांसारिक बंधनों के बीज नष्ट हो चुके हैं। जिसमें राग और सभी विकार शांत हो गए हैं। आज भी दादा सोमनाथ के दर्शन से ऐसी ही अनुभूति होती है। मन में एक ठहराव आ जाता है, आत्मा को अंदर तक कुछ स्पर्श करता है, जो अलौकिक है, अव्यक्त है। 1026 के पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद 2026 में भी सोमनाथ का समुद्र उसी तीव्रता से गर्जना करता है और तट को स्पर्श करती लहरें उसकी पूरी गाथा सुनाती हैं। उन लहरों की तरह सोमनाथ बार-बार उठता रहा है। अतीत के आक्रमणकारी आज समय की धूल बन चुके हैं। उनका नाम अब विनाश के प्रतीक के तौर पर लिया जाता है। इतिहास के पन्नों में वे केवल फुटनोट हैं, जबकि सोमनाथ आज भी अपनी आशा बिखेरता हुआ प्रकाशमान खड़ा है। सोमनाथ हमें ये बताता है कि घृणा और कट्टरता में विनाश की विकृत ताकत हो सकती है, लेकिन आस्था में सृजन की शक्ति होती है। करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए सोमनाथ आज भी आशा का अनंत नाद है। ये विश्वास का वो स्वर है, जो टूटने के बाद भी उठने की प्रेरणा देता है। अगर हजार साल पहले खंडित हुआ सोमनाथ मंदिर अपने पूरे वैभव के साथ फिर से खड़ा हो सकता है, तो हम हजार साल पहले का समृद्ध भारत भी बना सकते हैं। आइए, इसी प्रेरणा के साथ हम आगे बढ़ते हैं। एक नए संकल्प के साथ, एक विकसित भारत के निर्माण के लिए। एक ऐसा भारत, जिसका सभ्यतागत ज्ञान हमें विश्व कल्याण के लिए प्रयास करते रहने की प्रेरणा देता है। जय सोमनाथ!

(प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह आलेख फ़ेसबुक पर साझा किया है।)

# भारत-कनाडा व्यापार संबंधों की सफलता में इंडो-कनाडियन समुदाय की भूमिका

**मनिंदर सिंह गिल**

**भारतीय निर्यात पर इसके विपरीत प्रभाव को देखते हुए भारत के लिए आवश्यक हो गया कि वह अन्य बाजारों में अवसर खोजे और इसी के परिणामस्वरूप कुछ देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफ.टी.ए.) किए गए। इन्हीं में कनाडा भी एक है जिसके साथ एफ.टी.ए. के लिए बातचीत चल रही है। कनाडा सरकार ने भारत-कनाडा मुक्त व्यापार समझौते (एफ.टी.ए.) पर जनता की राय लेने के लिए अभियान शुरू कर दिया है।**

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा इस साल 2 अप्रैल से भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से तेल खरीदने के कारण उतना ही अतिरिक्त 'जुर्माना' भी लगाया गया, जिससे कुल टैरिफ बढ़ कर 50 प्रतिशत हो गया। भारतीय निर्यात पर इसके विपरीत प्रभाव को देखते हुए भारत के लिए आवश्यक हो गया कि वह अन्य बाजारों में अवसर खोजे और इसी के परिणामस्वरूप कुछ देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफ.टी.ए.) किए गए। इन्हीं में कनाडा भी एक है जिसके साथ एफ.टी.ए. के लिए बातचीत चल रही है। कनाडा सरकार ने भारत-कनाडा मुक्त व्यापार समझौते (एफ.टी.ए.) पर जनता की राय लेने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। मगर भारत विरोधी वर्ल्ड सिख ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यू.एस.ओ.) और दूसरे खालिस्तानी संगठन एफ.टी.ए. के खिलाफ प्रचार कर रहे हैं ताकि वह पटरी पर न चढ़ सके। हमारे संगठन फ्रैंड्स ऑफ कनाडा एंड इंडिया फैडरेशन ने एफ.टी.ए. के समर्थन में कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार के मंत्री मनिंदर सिद्धू को एक पत्र लिखा है, हम पूरे कनाडा में रेडियो और टी.वी. के जरिए लोगों को इसका समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, इससे डायस्पोरा (कनाडा में रहते भारतीय) को मदद मिलेगी। सबमिशन की आखिरी तारीख 27 जनवरी है। पत्र में हमने लिखा है-हमें यह जानकर खुशी हुई कि भारतीय व्यापार मंत्री श्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में भारतीय व्यापार मिशन नए साल में ओटावा का दौरा कर रहा है। भारत और कनाडा दो ऐसे समाज हैं, जिनकी लोकतंत्र, बहुलता और नियम-आधारित व्यवस्था के प्रति सम्मान की सांझी विरासत है, जो इन दोनों देशों को स्वाभाविक सहयोगी बनाती है। दोनों देशों के हित आर्थिक क्षेत्र में भी मिलते हैं। आपसी हितों की यह बैठक व्यापक आध्थक सांझेदारी समझौते (सी.ई.पी.ए.) के सफल निष्पादन में बदलनी चाहिए। सरकारें इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि यह सांझेदारी तेल और गैस, खनिज और कृषि जैसे क्षेत्रों में किस मैक्रोइकोनॉमिक पैमाने पर पहुंच सकती है, जहां व्यापार में त्त25 बिलियन से बढ़ाकर त्त50 बिलियन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है। भारत और कनाडा के संबंध खास हैं क्योंकि हमारे लोगों के बीच मजबूत संबंध हैं। इंडो-कनाडियन समुदाय की जड़ें कनाडा में 1887 से हैं। इंडो-कनाडियन समुदाय दोनों देशों के बीच एक जीवित पुल की तरह है। सफल और साधन संपन्न इंडो-कनाडियन समुदाय को माइक्रोइकोनॉमिक स्तर पर इस आर्थिक सांझेदारी में विकास के इंजन के रूप में देखा जाना चाहिए। 'लोगों का नैटवर्क' दोनों देशों के बीच व्यापार के अवसरों के लिए नए रास्ते खोल सकता है, जिनकी अन्यथा कल्पना नहीं की जा सकती। इंडो-कनाडियन समुदाय इस समझौते में एक महत्वपूर्ण हितधारक है और दोनों सरकारों को सामुदायिक संगठनों द्वारा भागीदारी और निरंतर जुड़ाव को प्रोत्साहित करना चाहिए। सी.ई.पी.ए. को इंडो-कनाडियन समुदाय में बहुत समर्थन प्राप्त है। यह दुनिया में स्थिरता और कनाडा और भारत में आर्थिक समृद्धि लाएगा।

## सेहत मंत्र

# सेहत के लिए बहुत खतरनाक है प्लॉस्टिक


हमारी जिंदगी में हर जगह प्लास्टिक की घुसपैठ है। सिर्फ किचन की बात करें तो नमक, घी, तेल, आटा, चीनी, ब्रेड, बटर, जैम और सॉस, सब कुछ प्लास्टिक में पैक होता है। तमाम चीजें भी प्लास्टिक के कंटेनर्स में ही रखी जाती हैं। सस्ते, हलके और लाने-ले जाने में आसान होने की वजह से लोग प्लास्टिक कंटेनर्स को पसंद करते हैं। खाने-पीने की चीजों में इस्तेमाल किया जाने वाला प्लास्टिक नुकसानदायक हो सकता है। आज हम आपको बता रहे हैं कि प्लॉस्टिक कितना नुकसानदायक होता है। एक रिसर्च के मुताबिक, पानी में न घुल पाने और बायोकेमिकल ऐक्टिव न होने की वजह से प्योर प्लास्टिक कम जहरीला होता है लेकिन जब इसमें दूसरे तरह के प्लास्टिक और कलर्स मिला दिए जाते हैं तो यह नुकसानदेह साबित हो सकता है। गर्मी के मौसम में ये केमिकल्स खिलौने या दूसरे प्रोडक्ट्स में से पिघलकर बाहर निकल सकते हैं। इस खतरे को ध्यान में रखते हुए अमेरिका ने बच्चों के खिलौनों और चाइल्ड केयर प्रोडक्ट्स में इस तरह के प्लास्टिक के इस्तेमाल को सीमित कर दिया है। यूरोप ने साल 2005 में ही इस पर बैन लगा दिया था तो जापान समेत 9 दूसरे देशों ने भी बाद में इस पर पाबंदी लगा दी। यूं तो हम सभी लोग पानी के लिए बोतल या खाना रखने के लिए प्लास्टिक लंच बॉक्स का इस्तेमाल करते हैं लेकिन क्या कभी हमने उन्हें पलटकर देखा है कि उनके पीछे क्या लिखा है? क्या इस पर कोई सिंबल तो नहीं बना हुआ है? दरअसल, अच्छी क्वॉलिटी के प्रोडक्ट पर सिंबल्स का होना जरूरी है। यह मार्क ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड जारी करता है और इससे पता लगता है कि प्रोडक्ट की क्वॉलिटी अच्छी है। इन सिंबल्स (क्लॉकवाइज ऐरो के ट्राइएंगल्स) को रीजन आइडेंटिफिकेशन कोड सिस्टम कहते हैं। इन ट्राइएंगल्स के बीच में कुछ नंबर्स भी होते हैं।

## धर्म मंत्र

# आक के पुष्पों से पूजा करने से सूर्य होते हैं प्रसन्न

रविवार सूर्य देवता की पूजा का वार है। जीवन में सुख-समृद्धि, धन-संपत्ति और शत्रुओं से सुरक्षा के लिए रविवार का व्रत सर्वश्रेष्ठ है। विद्वानों का मानना है कि रविवार का व्रत करने व कथा सुनने से मनुष्य की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मान-सम्मान, धन-यश तथा उत्तम स्वास्थ्य मिलता है। कुष्ठ रोग से मुक्ति के लिए भी यह व्रत किया जाता है। सूर्य पूजा में उनके पसंदीदा पुष्पों का प्रयोग करें तो भगवान भास्कर अत्यंत प्रसन्न होते हैं। विष्य पुराण के अनुसार सूर्य भगवान को यदि एक आक का फूल अर्पण कर दिया जाए तो सोने की दस अशर्फियां चढ़ाने का फल मिलता है। भगवान आदित्य को चढ़ाने योग्य कुछ फूलों का उल्लेख वीर मित्रोदय, पूजा प्रकाश में भी है। सूर्य को रात्रि में कदम्ब के फूल और मुकुर को अर्पण करना चाहिए तथा दिन में शेष अन‍?य सभी फूल चढ़ाए जा सकते हैं। बेला का फूल दिन और रात दोनों समय चढ़ाया जा सकता है। कुछ फूल सूर्य आराधना में निषिद्ध हैं। ये हैं गुंजा, धतूरा, अपराजिता, भटकटैया और तगर इत्यादि। इनका प्रयोग भूल कर भी नहीं करना चाहिए। रविवार को प्रातःकाल स्नान आदि से निवृत्त हो, स्वच्छ वस्त्र धारण कर सूर्य देव का स्मरण करें। घर के ही किसी पवित्र स्थान पर भगवान सूर्य की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। इसके बाद विधि-विधान से गंध-पुष्पादि से भगवान सूर्य का पूजन करें। इसके बाद विधि-विधान से गंध-पुष्पादि से भगवान सूर्य का पूजन करें। एक समय भोजन करें। भोजन इत्यादि सूर्य प्रकाश रहते ही करें। अंत में कथा सुनें। इस दिन नमकीन और तेल युक्त भोजन ना करें। यदि किसी कारणवश सूर्य अस्त हो जाए और भोजन न कर पायें तो अगले दिन सूर्योदय तक वह निराहार रहे तथा फिर स्नानादि से निवृत्त होकर, सूर्य भगवान को जल देकर, उनका स्मरण करने के बाद ही भोजन ग्रहण करे।

## पर्यटन



# शोरगुल और भीड़ से दूर माशोबरा के जंगलों में घूमने का अलग ही है मजा

शिमला जिले में स्थित माशोबरा बहुत ही खूबसूरत ट्रैवल डेस्टिनेशन है। जहां आपको घूमने के कई सारे ऑप्शन मिलेंगे। समुद्र तल से 2500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माशोबरा चारों ओर से चीड़, पाइन और देवदार के जंगलों से घिरा हुआ है। मशोबरा एशिया के सबसे बड़े वाटरशेड के रूप में जाना जाता है। ऑफ-बीट डेस्टिनेशन में शामिल ये जगह एडवेंचर के साथ-साथ रिलैक्सिंग और एन्जॉयमेंट के लिए भी बेस्ट है। एडवेंचर के लिए ये हैं ऑप्शन्सः यहां आप ट्रैकिंग से लेकर पैराग्लाइडिंग, पोनी राइड्स, कैंपिंग और बारमेन-बसंतपुर रोड पर बाइकिंग जैसे कई सारे एडवेंचर का मजा ले सकते हैं। जाखू मंदिरः शिमला में 8500 फीट की ऊंचाई पर निर्मित हनुमान जी के इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि ये रामायण के वक्त से है। इतनी ऊंचाई पर बने होने की वजह से शिमला के किसी भी कोने से आप हनुमान जी के दर्शन कर सकते हैं। जाखू पहाड़ी पर घने जंगलों के बीच बने हुए इस मंदिर तक पहुंचने के लिए आपको माशोबरा से लगभग 5 किमी का सफर तय करना पड़ता है। महासू देवता मंदिरः भगवान शिव को माशोबरा और आसपास के इलाके के लोग महासू देवता के नाम से पुकारते हैं। हर साल मई महीने के तीसरे मंगलवार को यहां 2 दिनों का महासू जत्रा उत्सव मनाया जाता है। जिसमें यहां के स्थानीय लोग अपने लोक गीत, नृत्य और तीरंदाजी का प्रदर्शन करते हैं। तो अगर आप यहां की असली संस्कृति से रूबरू होना चाहते हैं तो मई महीने में अपना ट्रिप प्लान करें। रिज़र्व फॉरेस्ट सेंचुरीः नेचर लवर्स के लिए मशोबरा का यात्रा इसलिए भी यादगार साबित हो सकती है क्योंकि यहां की इस फॉरेस्ट सेंचुरी में आपको अलग-अलग तरह के बहुत सारे पक्षी देखने को मिलते हैं। चीड़, देवदार के घने जंगलों में पक्षियों की चहचहाट के अलावा आपको किसी भी प्रकार का दूसरा शोर सुनाई नहीं देगा. ट्रैकिंग के अलावा कैंपिग और पिकनिक जैसी कई एक्टिविटीज़ यहां कर सकते हैं।

# एडीएम ने पूर्ण मानोयोग से सुनी जन शिकायतें




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट/सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील रामसनेहीघाट परिसर में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह ने की। श्री सिंह ने पूर्ण मनोयोग से फरियादियों की समस्याएं सुनीं।इस दौरान राजस्व विभाग की 43, पुलिस की 12, विकास की 8, विद्युत की 14, समाज कल्याण विभाग 2,अन्य 15 सहित

कुल 94 शिकायती पत्र आए।जिनमें से 12 का निस्तारण किया गया और शेष संबंधितअधिकारियों को निस्तारित करने के लिए आदेश दिऐ गऐ।मौके पर एसडीएम अनुराग सिंह,क्षेत्राधिकार जटाशंकर मिश्रा,तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय,नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी, खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

''तेजस ने की नौ शिकायतों में चार निस्तारित''

''सिरौली गौसपुर''।तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी तेजस के.की अध्यक्षता व तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा संयोजन में सम्पन्न हुआ।इस समाधान दिवस में कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 14 शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।राजस्व विभाग की 9 शिकायतों में से 4 का समाधान हो सका, जबकि 5 लंबित रहीं। पुलिस विभाग की सभी चार, विकास विभाग की दो विद्युत विभाग की एक, समाज कल्याण की एक और डीपीआरओ की एक शिकायत का मौके पर कोई निस्तारण नहीं हो पाया।

# फैक्ट्री का प्रदूषित पानी सड़क पर, जनजीवन पर संकट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। फैक्ट्री का प्रदूषित पानी सड़क किनारे बहाए जाने से जनजीवन पर संकट मंडराने लगा है। बिगत दिनों सड़क किनारे गढ्भढों में भरा गंदे पानी में डूबकर एक युवक की दर्दनाक मौत हुई थी।इसके बावजूद ज़िम्मेदारों व प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं गया। स्मरण रहे कि इन दोनों लखनऊ महमूदाबाद मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान सड़क के दोनों ओर से फुटपाथ की मिट्टी बगल से ही निकाल ली गई है, जिससे कई फीट गहरी खाइयां बन गई हैं। अभी तक सड़क किनारे पैदल चलने के लिए न तो फुटपाथ का निर्माण किया गया है और न ही सुरक्षा के कोई इंतजाम किए गए हैं।



इसी गहरी खाई में सड़क किनारे संचालित फैक्ट्रियों द्वारा लगातार गंदा पानी छोड़ा जा रहा है। घने कोहरे और खराब दृश्यता के चलते यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। सड़क से थोड़ा भी नीचे उतरते ही पैदल राहगीर या वाहन सीधे गहरी खाई में गिर सकता है। इसी तरह की एक घटना में बीते एक सप्ताह पूर्व कुर्सी थाना क्षेत्र के अंबरपुर निवासी दिलीप रावत की जान चली गई थी। बताया गया कि दिलीप घर से चौराहे पर राशन लेने निकले थे। कोहरा अधिक होने के कारण वह सड़क से नीचे उतर गए और खाई में भरे फैक्ट्री के गंदे पानी में डूबकर उनकी मौत हो गई।

मृतक के पिता ने इस मामले में फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत भी की थी, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे क्षेत्रवासियों में आक्रोश है और लोगों को आशंका है कि यदि जल्द कदम नहीं उठाए गए तो इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति हो सकती है।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता आर.बी. सरोज ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है और जल्द ही पटरियों को दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने माना कि फैक्ट्री का गंदा पानी सड़क किनारे छोड़ना गलत है। मामले की जांच कर संबंधित फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# निजी होर्डिंग्स से पट गया सरकारी बस स्टेशन आक्रोश, सवालों में घिरा नगर पंचायत प्रशासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। नगर पंचायत जैदपुर स्थित बस स्टैंड पर अतिक्रमण व अव्यवस्थाओं से चहुं ओर घिरा है। पूरा बस स्टैंड परिसर राजनीतिक होर्डिंग से पटा पड़ा है।, जिससे पहचान मुश्किल हो गई है। इसके साथ ही, सरकारी बस स्टैंड पर अवैध डग्गामार वाहनों का कब्जा रहता है।परिवहन निगम की बसें यहां नहीं रुकतीं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मजबूरन, यात्रियों को डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ता है, जो उनसे मनमाना किराया वसूलते हैं। जैदपुर से बाराबंकी के बीच रोजाना यात्रा करने वाले मनमोहन, अमरदीप, पुष्पा देवी और स्कूली




छात्रा अंजली ने बताया कि बसें समय पर नहीं आतीं और आती भी हैं तो रुकती नहीं हैं। उनका कहना है कि होर्डिंग के कारण बस स्टैंड की पहचान ही नहीं हो पाती। इस गंभीर समस्या पर नगर पंचायत प्रशासन पूरी तरह से मौन है। जब इस संबंध में जैदपुर के अधिशासी अधिकारी राम जनक तिवारी से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है और होर्डिंग हटवाई जाएंगी।

# जल जीवन मिशन को ठेंगा दिखा रहा बदहाल हैंडपंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अखंड नगर/सुलतानपुर। एक तरफ जहाँ केंद्र और प्रदेश सरकार 'हर घर जल' और 'जल जीवन मिशन' के जरिए ग्रामीण अंचलों में शुद्ध पेयजल पहुँचाने के लिए करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही है, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की उदासीनता सरकार की इन मंशाओं पर पानी फ़ेरती नजर आ रही है।

ताजा मामला जनपद के अखंड नगर विकासखंड अंतर्गत प्राणनाथपुर बछेडिया गांव का है, जहाँ एक बदहाल पड़ा हैंडपंप गांव में हुए 'कागजी विकास' की पोल खोल रहा है। कागजों में रिपेयरिंग, जमीन पर सूखा गला ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा हर वर्ष हैंडपंपों की रिपेयरिंग और रिबोर (त्मइवतम) के नाम पर सरकारी बजट से मोटी धनराशि निकाली जाती है। सरकारी अभिलेखों में तो हैंडपंप दुरुस्त दिखाए जाते हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि भीषण गर्मी और जरूरत



के समय ये हैंडपंप शोपीस बने खड़े हैं।

विकास के दावों की खुली पोल

प्राणनाथपुर बछेडिया का यह हैंडपंप इस बात का जीता-जागता सबूत है कि भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़ा है, जिससे पेयजल का संकट गहरा गया है। शिकायत के बावजूद प्रधान और पंचायत प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सफाई और रखरखाव के अभाव में हैंडपंप के आसपास गंदगी का अंबार लगा है।

बड़ा सवालः कहाँ जा रहा है बजट?

ग्रामीणों ने प्रशासन से सवाल पूछा है कि जब हर साल मरम्मत के नाम पर पैसा निकाला जाता है, तो आखिर वह पैसा जा कहाँ रहा है? क्या उच्चाधिकारी इस वित्तीय गबन और लापरवाही की जांच करेंगे? स्थानीय निवासियों ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और गांव में पेयजल की समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। यह स्थिति न केवल ग्रामीणों के हक पर डाका है, बल्कि सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट 'जल जीवन मिशन' की सफलता पर भी एक बड़ा प्रश्नचिह्न है।

## सुप्रसिद्ध धनुष यज्ञ मेला की तैयारी, बैठक

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सुप्रसिद्ध दो दिवसीय धनुषयज मेला का परंपरागत आयोजन आगामी 20 व 21 जनवरी से आयोजित होगा। सोमवार को कस्बा स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा प्रांगण मे मेला समिति अध्यक्ष मंगल जयसवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मेला तैयारियों को लेकर विचार विमर्श हुआ। पहले दिन 20 जनवरी को सुबह दस बजे भूमि पूजन के बाद मेला धनुष यज्ञ का शुभारंभ होगा। रात्रि कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। दूसरे दिन 21 जनवरी को धनुष भंग के साथ मेले का समापन किया जाएगा।इस अवसर बैठक मे अध्यक्ष मंगल जायसवाल, दुर्गा प्रसाद राठौर, महामंत्री रामनरेश , सुभाष मौर्य , गोपी मौर्य आदि उपस्थित रहे।:

## शारदा नहर में अज्ञात महिला का शव बरामद

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के शारदा सहायक समांतर नहर में एक अज्ञात महिला का शव मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची बदोसराय पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। महिला की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है।यह घटना सोमवार सुबह करीब 11 बजे की है। शारदा सहायक नहर के कसरैला डीह झील के तेज बहाव में ग्रामीणों ने एक शव देखा। राहगीरों और ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना कोतवाली बदोसराय पुलिस को दी। थाना प्रभारी अजीत विद्यार्थी निशा को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## तहसील परिसर पहुंचा सात फीट लंबा अजगर

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सिरौलीगौसपुर परिसर में बने सरकारी आवासों के पीछे सोमवार को लगभग 12 बजे करीब 7 फीट लंबा अजगर देखा गया। डिप्टी रेंजर मनोज कुमार यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे।वन विभाग की टीम ने अजगर को बोरी में रखकर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

## महासदस्यता अभियान की तैयारी, बैठक

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सोमवार को स्थानीय तहसील क्षेत्र गांव पूरेतुला मजरे सनौली मे हनुमान मंदिर परिसर में भारतीय किसान मजदूर यूनियन सिंघानिया की मासिक बैठक और महा सदस्यता अभियान जिला अध्यक्ष सरदार वीरेंद्र सिंह की मौजूदगी में संपन्न हुआ।जिसमें लगभग एक दर्जन से अधिक महिलाऐ एवं पुरुषों को प्रमाण पत्र देकर सदस्यता दिलाई गई।मौके पर लल्लू सिंह संगठन मंत्री,नन्हे लाल विश्वाकर्म तहसील अध्यक्ष,शिवमगन रावत ब्लॉक अध्यक्ष, जिला उपध्यक्ष परशुराम रावत, जिला उपध्यक्ष सन्तराम गौतम,लल्लूराम धीमान ब्लॉक उपध्यक्ष, राम मिलन विश्वाकर्म,राम कैलाश,सहजराम, परमजीत सिंह, रामनरेश,रमई गौतम,रामप्रकाश,प्रतिमा मिश्रा,बनीकोडर अध्यक्ष राजवती,कुसमा देवी,चन्दावती, यशोधरा देवी, सहित तमाम किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कलश यात्रा,महा शिवपुराण कथा का शुभारंभ

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। हरख ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम टंडन पुरवा में शिव भक्त रमा पति द्वारा आयोजित महाशिवपुराण कथा आयोजन के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकली। कलश यात्रा गांव से शुरू होकर सफदरगंज स्थित कल्याणी नदी पर समाप्त हुई। इसी के साथ आज से गांव के मौनी दास बाबा के शिव मंदिर में शिव पुराण कथा का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम स्थल पर और कलश यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा।

## कछला क्षेत्र से 11 बर्षीय बालक लापता

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उझानी कोतवाली क्षेत्र के कछला इलाके के गांव नन्हे नगला में एक नाबालिग बेटा अपने पिता के पास जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन घर नहीं लौटा। जानकारी के अनुसार नन्हे नगला निवासी शंकर कश्यप का बेटा सूरज उम्र 11 बर्ष कल अपनी मां माला देवी से अपने पिता के पास जाने की कहकर आया। जो पास ही मजदूरी कर रहे थे। शाम को वापस ना आने पर परिवार ने पुलिस को सूचना दी है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है चौकी इंचार्ज कपिल शर्मा ने बताया कि बच्चे की तलाश शुरू कर दी है ।

## दियोरिया सरकारी अस्पताल में एक्स–रे मशीन बनी शो पीस मरीज परेशान

पीलीभीत।मरीजों की सुविधा के उद्देश्य से करीब आठ माह पूर्व दियोरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में स्थापित की गई एक्स-रे मशीन अधिकारियों की लापरवाही और तकनीकी खामियों के चलते सफ़ेद हाथी साबित हो रही है। स्थिति यह है कि एक्स-रे कराने आने वाले मरीजों को बिलसंडा 30 किमी अथवा जिला मुख्यालय 70 किमी रेफर किया जा रहा है।जिससे मरीजों का समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है।गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को समय से जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सीएचसी में यह एक्स-रे मशीन लगाई गई थी, लेकिन कुछ समय बाद तकनीकी खराबी आने के कारण मशीन बंद हो गई। आठ माह बीत जाने के बावजूद मशीन आज तक सुचारू नहीं हो सकी है।इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉ. तमस त्रिपाठी ने बताया कि करंट में अर्थ आने की वजह से मशीन कार्य नहीं कर पा रही है। मिस्त्री द्वारा निरीक्षण भी किया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका।वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते मशीन को ठीक कराया जाए तो उन्हें दूर-दराज भटकने से राहत मिल सकती है।

# बूथ हटाने के प्रस्ताव पर भड़के ग्रामीण समाधान दिवस में सौंपा शिकायती पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम सोनवरसा (श्याम नगर) और अतौला (सोनवरसा) में प्रस्तावित बूथ परिवर्तन को लेकर ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। सोमवार को विकासखंड धनपतगंज अंतर्गत तहसील बल्दीराय में आयोजित समाधान दिवस के दौरान सैकड़ों ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से शिकायती पत्र सौंपकर पूर्व निर्धारित मतदान बूथ यथावत रखने की मांग की।ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत सोनवरसा में वर्षों से दो बूथ सोनवरसा (श्याम नगर) और अतौला (सोनवरसा) पर मतदाता बिना किसी परेशानी के मतदान करते आ रहे हैं। दोनों बूथों पर मतदाताओं की संख्या लगभग बराबर है और श्याम नगर में स्थित 209 नंबर बूथ मतदाताओं के लिए सुविधाजनक दूरी पर है। यदि 209 बूथ से मतदाताओं का नाम काटा गया या



बूथ बदला गया,तो लोगों को मतदान के लिए दूर जाना पड़ेगा,जिससे असुविधा बढ़ेगी।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ राजनीतिक लोग और सत्ताधारी नेताओं से जुड़े व्यक्ति जबरन बूथ हटवाने का प्रयास कर रहे हैं,जबकि मौजूदा व्यवस्था में किसी प्रकार की समस्या नहीं है। मतदाताओं के घरों से मतदान केंद्र की दूरी नजदीक होने के कारण अब तक मतदान शांतिपूर्ण ढंग से होता रहा है।शिकायती पत्र में आशीष, दुर्गेश, अमित, हरिश्चंद्र, राम नरेश, शैलेन्द्र, अनिल, घनश्याम, प्रदीप, सरोज कुमारी, संजय सिंह, अजय विक्रम सिंह, रवि कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत में बूथ पूर्व की भांति ही बनाए रखा जाए,ताकि मतदाताओं को किसी तरह की परेशानी न हो।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे आगे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# हिंदू सम्मेलन आत्मबोध, चेतना और सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण का हुआ सशक्त माध्यम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जनपद के विवेक नगर में विवेक शाखा के तत्वावधान में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सनातन चेतना और सामाजिक आत्ममंथन का जीवंत मंच बनकर उभरा। लगभग 500 से अधिक जागरूक नागरिकों की सहभागिता ने यह सिद्ध कर दिया कि समाज आज भी अपने मूल्यों, परंपराओं और सांस्कृतिक पहचान के प्रति सजग है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दंडी स्वामी जी, अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा, प्रमुख वक्ता डॉ. ए. के. सिंह तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. डी. एस. मिश्रा, डॉ सीता शरण त्रिपाठी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की प्रतिबिंब ममता त्रिपाठी, सरिता यादव, राकेश पांडे, राधेश्याम पांडेय, इंद्रदेव मिश्रा, अरुण दूबे, विजय सिंह, राम शुक्ल, विनय यादव, डॉक्टर



केशव गुप्ता, कल्पना जी के अतिरिक्त जनपद की अनेक गणमान्य विभूतियों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस सम्मेलन को वैचारिक ऊँचाई प्रदान की। कार्यक्रम का सफल संयोजन शिवमूर्ति पांडे, सदस्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाल कल्याण समिति, सुल्तानपुर के सौजन्य से संपन्न हुआ, जो सामाजिक दायित्व और सांस्कृतिक चेतना का उत्कृष्ट उदाहरण है। ओजस्वी उद्बोधन में श्री दंडी स्वामी जी ने वेद, वेदांग, उपनिषद एवं भारतीय शास्त्रों के सशक्त उदाहरणों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि हिंदू संस्कृति केवल आस्था नहीं, बल्कि जीवन जीने की वैज्ञानिक और नैतिक पद्धति है। उनका वक्तव्य श्रोताओं को अपनी जड़ों से जुड़ने का आह्वान करता प्रतीत हुआ। डॉ. ए. के. सिंह ने अत्यंत विद्वतापूर्ण शैली में आर एस एस' की उत्पत्ति, उसकी प्रकृति, क्रियाकलाप एवं ऐतिहासिक विकास पर प्रकाश डालते हुए यह बताया कि यह किस प्रकार मानव भावनाओं को परिष्कृत कर समाज को संस्कारित करता है। उनका वक्तव्य बौद्धिक वर्ग के लिए विशेष प्रेरणास्रोत रहा। निस्संदेह, यह हिंदू सम्मेलन सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण, सामाजिक एकता और वैचारिक चेतना का सशक्त उदाहरण है। ऐसे आयोजन आज के समय में अत्यंत आवश्यक हैं, जो समाज को उसकी पहचान, उद्देश्य और उत्तरदायित्व से जोड़ने का कार्य करते हैं। यही इस सम्मेलन की सबसे बड़ी उपलब्धि और सार्थकता है।



# बांग्लादेश ने आईपीएल 2026 के प्रसारण पर लगाई रोक

## मुस्तफिजुर को बाहर करने पर लिया फैसला

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को बाहर किए जाने के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजने का फैसला करने के बाद अब बांग्लादेश ने अपने देश में आईपीएल के प्रसारण पर भी रोक लगा दी है। आईपीएल की शुरुआत मार्च में होनी है। बांग्लादेश के प्रेस सूचना विभाग ने सोमवार को एक बयान में कहा कि बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम से बाहर करने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के फैसले से बांग्लादेश के लोग बेहद दुखी, आहत और आक्रोशित हैं। इन परिस्थितियों में बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सूचित किया है कि अगले आदेश तक बांग्लादेश में आईपीएल के सभी मैच और संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण निलंबित रहेगा। यह विवाद उस वक्त से शुरु हुआ है, जब बीसीसीआई के कहने पर आईपीएल



फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बाहर किया है। केकेआर ने पिछले महीने मिनी नीलामी में मुस्तफिजुर को 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। मुस्तफिजुर को लेकर भारत में कई नेताओं और कथावाचक ने विरोध किया था। इससे पहले रविवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अगले महीने होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजने का फैसला किया था। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से श्रीलंका में उसके मैच कराने की मांग की है। टी20 विश्व कप 2026 का आयोजन सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में होगा। बांग्लादेश टीम के तीन लीग मैच कोलकाता में, जबकि एक मुकाबला मुबंई में तय है।

## बीसीसीआई ने पटौदी को 85वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को भारत के पूर्व टेस्ट कप्तान मंसूर अली खान पटौदी को उनकी 85वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। बीसीसीआई ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ़ भारतीय टीम के पूर्व टेस्ट कप्तान, महान मंसूर अली खान पटौदी को उनकी 85वीं जयंती पर याद कर रहे हैं। प्यार से टाइगर पटौदी के नाम से जाने जाने वाले मंसूर अली खान पटौदी भारतीय क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक हैं। पांच जनवरी 1941 को उनका जन्म हुआ था। वह 21 साल की उम्र में भारत के सबसे कम उम्र के टेस्ट कप्तान बने। वह 'सबसे महान कप्तानों में से एक' थे। 1961 में इंग्लैंड में एक कार एक्सीडेंट में अपनी दाहिनी आंख की रोशनी खोने के बावजूद पटौदी ने सिर्फ छह महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी की और अपने खेले गए 46 टेस्ट में से 40 में भारत की कप्तानी की। उनकी कप्तानी में, भारत ने 1968 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी पहली विदेशी टेस्ट सीरीज जीती। एक बल्लेबाज के तौर पर, पटौदी ने टेस्ट क्रिकेट में 34.91 की औसत से 2,793 रन बनाए, जिसमें छह शतक शामिल हैं।

# सिडनी टेस्ट : दूसरे दिन सोमवार का खेल खत्म, जो रूट ने की पोटिंग की बराबरी

एजेंसी




सिडनी। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही पांच मैचों की ऐशेज सीरीज का अंतिम टेस्ट मुकाबला सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड टीम ने अपनी पहली पारी में 384 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन सोमवार का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में 2 विकेट खोकर 166 रन बना लिए हैं। दूसरे दिन आज इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने एक बार फिर अपनी बल्लेबाजी का लोहा मनवाया। रूट ने 242 गेंदों का सामना करते हुए 15 चौकों की मदद से शानदार 160 रन की शतकीय पारी खेली। यह उनके टेस्ट करियर का 41वां शतक रहा, जिसके साथ ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिंग की बराबरी कर ली। पोंटिंग ने अपने टेस्ट करियर में 168 मैचों में 41 शतक लगाए थे। अब जो रूट भी सर्वाधिक टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सूची में अब रूट से आगे केवल भारत के महान सचिन तेंदुलकर (51 शतक) और दक्षिण अफ्रीका के जैक कैलिस (45 शतक) हैं। खास बात यह भी है कि 2021 के बाद से रूट का यह 24वां टेस्ट शतक है, जो इस अवधि में किसी भी बल्लेबाज द्वारा सबसे अधिक है। इंग्लैंड की पहली पारी में रूट के अलावा हैरी ब्रूक ने 84 रन और जेमी स्मिथ ने 46 रन की अहम पारी खेली। वहीं विल जैक्स और बेन डकेट ने 27-27 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से गेंदबाजी में माइकल नेसर सबसे सफल रहे, जिन्होंने 4 विकेट झटके। इसके अलावा मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड ने दो-दो विकेट लिए, जबकि कैमरून ग्रीन और मार्नस लाबुशेन को एक-एक सफलता मिली। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने मजबूत शुरुआत की है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर 166 रन बना लिए हैं। ट्रेविस हेड 87 गेंदों में नाबाद 91 रन बनाकर शानदार लय में नजर आ रहे हैं, जबकि नाइट वॉचमैन के रूप में उतरे माइकल नेसर 15 गेंदों में एक रन बनाकर नाबाद हैं। सलामी बल्लेबाज जेक वेदराल्ड 21 रन और मार्नस लाबुशेन 48 रन बनाकर आउट हुए।

# पीटीपीए से अगल हुए नोवाक जोकोविच

एजेंसी

बेलग्रेड। सर्बिया के महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पारदर्शिता, संचालन की समस्याओं का हवाला देते हुए अपने द्वारा स्थापित पेशेवर टेनिस खिलाड़ी एसोसिएशन (पीटीपीए) से अगल होने की घोषणा कर दी है। जोकोविच ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उन्होंने यह यह फैसला 'सोच-समझकर' लिया गया है, और कहा कि हालांकि उन्हें संगठन की स्थापना के पीछे के विजन पर गर्व है, लेकिन उनके मूल्य अब इसकी मौजूदा दिशा से मेल नहीं खाते हैं। उन्होंने लिखा, ''मुझे उस विजन पर गर्व है जिसे मैंने और कनाडा के वासेक ने पीटीपीए की स्थापना करते समय साझा की थी, जिससे खिलाड़ियों को एक मजबूत, स्वतंत्र आवाज मिली। लेकिन यह स्पष्ट हो गया है कि मेरे मूल्य और दृष्टिकोण अब संगठन की मौजूदा दिशा से मेल नहीं खाते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं अपने टेनिस, अपने परिवार और खेल में ऐसे तरीकों से योगदान देने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखूंगा जो मेरे सिद्धांतों और ईमानदारी को दर्शाते हैं। मैं खिलाड़ियों और इसमें शामिल लोगों को शुभकामनाएं देता हूं क्योंकि वे आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन मेरे लिए, यह अध्याय अब बंद हो गया है। पिछले वर्ष मार्च 2025 में पीटीपीए और कई खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा-विरोधी तरीकों और खिलाड़ियों कल्याण की अनदेखी किये जाने के आरोप लगाते हुए एटीपी, डब्ल्यूटीए, आईटीएफ और आईटीआईए समेत अन्य संस्थाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की थी, जिसे एटीपी और डब्ल्यूटीए द्वारा खारिज कर दिया।

# शारदुल चोटिल, श्रेयस अय्यर बने कप्तान, मुंबई को मिला नया लीडर, यूजीलैंड सीरीज पर भी नजर

एजेंसी



मुंबई। भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी के बाकी बचे मुकाबलों के लिए मुंबई का कप्तान नियुक्त किया गया क्योंकि नियमित कप्तान शारदुल ठाकुर चोट के कारण बाहर हो गए हैं। अय्यर भी लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे हैं। पिछले साल अक्टूबर में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान उन्हें स्प्लीन (तिल्ली) में चोट लगी थी और अंदरूनी रक्तस्राव हुआ था। मुंबई के मुख्य चयनकर्ता संजय पाटिल ने ठाकुर की चोट की प्रकृति के बारे में बताए बिना सोमवार को कहा, ''शारदुल को चोट लगी है और उसे आराम की सलाह दी गई है। हमारे पास शिवम दुबे और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ी उपलब्ध है और श्रेयस अय्यर को बाकी बचे मुकाबलों के लिए मुंबई का कप्तान नियुक्त किया गया है।'' एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए भारत के उप कप्तान अय्यर को न्यूजीलैंड के खिलाफ वडोदरा में 11 जनवरी से शुरू हो रही तीन मैच की श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर करेगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ दो अन्य एकदिवसीय राजकोट में 14 जनवरी और इंदौर में 18 जनवरी को खेले जाएंगे। मुंबई क्रिकेट संघ के सचिव डॉ. उमेश खानविलकर ने विज्ञप्ति में कहा, ''चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हुए और चयन के लिए अनुपलब्ध शारदुल ठाकुर की जगह श्रेयस अय्यर कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे।'' अय्यर मंगलवार को हिमाचल के खिलाफ ग्रुप सी मैच और फिर आठ जनवरी को पंजाब के खिलाफ मैच में मुंबई की अगुआई करेंगे।

## पीजीटीआई में बांग्लादेशी खिलाड़ियों की भागीदारी पर अभी कोई फैसला नहीं : कपिल देव

नयी दिल्ली। महान क्रिकेटर और पीजीटीआई के अध्यक्ष कपिल देव ने सोमवार को कहा कि भारत के पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) में बांग्लादेशी खिलाड़ियों की भागीदारी को लेकर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा कारणों से और अपनी सरकार की सलाह के बाद भारत में अगले महीने टी20 विश्व कप के लिये टीम नहीं भेजने का फैसला लिया। इससे पहले आईपीएल टीम केकेआर ने बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से अलग करने का फैसला किया था। पीजीटीआई टूर से बांग्लादेशी खिलाड़ियों को बाहर करने की संभावना के बारे में पूछने पर कपिल ने कहा ,'' हम इस पर बात करेंगे। अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है।

# एक्सेल एंटरटेनमेंट में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी यूनिवर्सल म्यूजिक इंडिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। यूनिवर्सल म्यूजिक इंडिया ने फिल्म एवं डिजिटल कंटेंट स्टूडियो एक्सेल एंटरटेनमेंट में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की सोमवार को जानकारी दी। इससे रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर द्वारा स्थापित इस कंपनी का मूल्यांकन 2,400 करोड़ रुपये आंका गया है। संगीत-मनोरंजन के क्षेत्र में विश्व की अग्रणी कंपनी यूनिवर्सल म्यूजिक ग्रुप (यूएमजी) की एक इकाई यूनिवर्सल म्यूजिक इंडिया (यूएमआई) ने कहा कि उसने प्रस्तावित लेनदेन के लिए एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ एक निश्चित समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यूएमआई ने बयान में कहा, '' समझौते के तहत एक्सेल का मूल्य 2,400 करोड़ रुपये (25.7 करोड़ यूरो) आंका गया है जिसके तहत यूएमआई एक्सेल में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ एक महत्वपूर्ण अल्पांश शेयरधारक बन जाएगी। इस समझौते से यूएमआई और एक्सेल के बीच एक नई रणनीतिक साझेदारी की नींव रखी जाएगी। इससे एक्सेल की वृद्धि में तेजी आएगी और महत्वपूर्ण भारतीय बाजार में यूएमआई की स्थिति और मजबूत होगी। इस समझौते के तहत, यूनिवर्सल म्यूजिक भारत तथा दक्षिण एशिया के चेयरमैन एवं सीईओ तथा अफ्रीका, पश्चिम एशिया तथा एशिया के रणनीति विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवराज सान्याल एक्सेल एंटरटेनमेंट के निदेशक मंडल में शामिल होंगे। बयान में कहा गया कि एक्सेल के संस्थापक रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर रचनात्मक दिशा एवं विषयवस्तु संबंधी निर्णयों में अपना योगदान देना जारी रखेंगे। समझौते के अनुसार, एक्सेल के स्वामित्व या नियंत्रण वाली परियोजनाओं के लिए भविष्य में बनाए जाने वाले सभी मूल गीत के वैश्विक वितरण अधिकार यूएमजी को प्राप्त होंगे। इस समझौते के तहत एक्सेल नाम से अलग से संगीत लेबल की शुरुआत भी की जाएगी जिसका वैश्विक वितरण यूएमजी द्वारा किया जाएगा। यूएमजी के अफ्रीका, पश्चिम एशिया एवं एशिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एडम ग्रेनाइट ने कहा, '' आज की घोषणा भारत में यूएमजी की स्थिति को और मजबूत करती है जो वैश्विक स्तर पर समूह के लिए एक गतिशील और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण संगीत बाजार है। एक्सेल एंटरटेनमेंट के संस्थापक रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने कहा कि भारत का मनोरंजन क्षेत्र लगातार मजबूत होता जा रहा है और सार्थक वैश्विक सहयोग बनाने का यह बिल्कुल सही समय है। उन्होंने कहा कि यूएमजी के साथ साझेदारी ''वास्तव में रचनात्मक एवं परिवर्तनकारी गठबंधन होगा, एक ऐसा गठबंधन जो संगीत, फिल्म तथा उभरते प्रारूपों में कलाकारों एवं प्रदर्शनों के लिए नए अवसर खोलेगा।

# भारत का यूरिया आयात अप्रैल-नवंबर में दोगुने से अधिक होकर 71.7 लाख टन हो गया: एफएआई

एजेंसी

नयी दिल्ली। घरेलू उत्पादन में गिरावट से चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले आठ महीने में भारत का यूरिया आयात दोगुने से अधिक होकर 71.7 लाख टन हो गया है जो किसानों की मांग को पूरा करने के लिए विदेशी आपूर्ति पर देश की बढ़ती निर्भरता को दर्शाता है। फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-नवंबर 2024-25 के दौरान यूरिया का आयात पिछले वर्ष की इसी अवधि के 32.6 लाख टन की तुलना में 120.3 प्रतिशत बढ़कर 71.7 लाख टन हो गया। आंकड़ों के अनुसार, घरेलू यूरिया उत्पादन अप्रैल 2025 से नवंबर 2025 के बीच 3.7 प्रतिशत घटकर 1.97 करोड़ टन रहा। कुल यूरिया बिक्री 2.3 प्रतिशत बढ़कर 2.54 करोड़ टन तक पहुंच गई। एफएआई के चेयरमैन एस. शंकर सुब्रमण्यम ने एक बयान में कहा, '' हालांकि हमने समन्वित योजना के माध्यम से बिक्री में वृद्धि हासिल की है लेकिन आयात पर महत्वपूर्ण निर्भरता (विशेष रूप से यूरिया और डीएपी के लिए) रणनीतिक आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के महत्व को दर्शाती है। यूरिया का आयात नवंबर माह में 68.4 प्रतिशत बढ़कर 13.1 करोड़ टन हो गया, जबकि नवंबर 2024 में यह 7.8 लाख टन था। यूरिया की बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में नवंबर माह में 4.8 प्रतिशत बढ़कर 37.5 लाख टन हो गई। अन्य महत्वपूर्ण मृदा पोषक तत्व, डाई-अमोनियम फॉस्फ़ेट (डीएपी) की आयात पर निर्भरता भी बढ़ रही है। डीएपी का आयात अब कुल आपूर्ति का 67 प्रतिशत है जो पिछले वर्ष 56 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल-नवंबर के दौरान इसकी बिक्री 71.2 लाख टन पर स्थिर रही। घरेलू डीएपी उत्पादन में 5.2 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 26.8 लाख टन रह गया। एफएआई के महानिदेशक डॉ. सुरेश कुमार चौधरी ने कहा कि इन आंकड़ों में दो प्रमुख बातें सामने आई हैं। उन्होंने कहा, '' पहला, नाइट्रोजन और फॉस्फ़ेट पोषक तत्वों के लिए आयात-आधारित आपूर्ति प्रबंधन की ओर संरचनात्मक बदलाव है।

# संक्षिप्त समाचार

## डेविड मिलर, बॉश का लक्ष्य एसए20 के जरिये टी20 विश्व कप की तैयारी पर

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी बल्लेबाज डेविड मिलर और हरफनमौला कोर्बिन बॉश का मानना है कि आगामी टी20 विश्व कप की तैयारी के लिये एसए20 महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे खचाखच भरे भारत के स्टेडियमों में खेलने का दबाव झेलने में मदद मिलेगी। टी20 विश्व कप फाइनल 2024 में भारत से हारी दक्षिण अफ्रीका टीम ग्रुप डी में न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, कनाडा और यूएई के साथ है। वे सारे ग्रुप मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेलेंगे जिसकी क्षमता एक लाख से अधिक दर्शकों की है। मिलर ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' मेरे लिये हर मैच अहम है। एसए20 में भी काफी दबाव है जो विश्व कप की तैयारी के लिये अच्छा है। वहां भारतीय दर्शकों के सामने काफी दबाव रहेगा।'' मिलर की कप्तानी में पार्ल रॉयल्स ने एमआई केपटाउन को एसए20 मैच में सात विकेट से हराया। बायें हाथ के इस बल्लेबाज ने स्वीकार किया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का दबाव लीग से अधिक होता है। उन्होंने कहा ,'' वहां काफी दबाव होगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और खासकर विश्व कप के दबाव का कोई मुकाबला नहीं लेकिन एसए20 से लय हासिल करने में मदद मिलेगी। मिलर ने उम्मीद जताई कि दक्षिण अफ्रीका इस बार सफ़ेद गेंद के प्रारूप में आईसीसी खिताब जीतेगा। उन्होंने कहा ,'' दक्षिण अफ्रीका के लिये हर मैच खेलना सम्मान की बात है। मैं किसी भी मैच को हलके में नहीं लेता। मैं खुशकिस्मत हूं कि कई विश्व कप खेले हैं। मैं विश्व कप जीतना चाहता हूं और हमें उम्मीद है कि इस बार हम ऐसा कर सकेंगे। वहीं विश्व कप टीम में चुने जाने से आहलादित बॉश ने कहा ,''यह सपने जैसा है। जब तक यह हुआ नहीं, मुझे विश्वास ही नहीं हो रहा था। विश्व कप की तैयारी के लिये एसए20 से बेहतर कोई स्पर्धा नहीं। हर मुकाबला कठिन है और खिलाड़ी शानदार।

## भारत-इजराइल व्यापार को रुपये में करने को बढ़ावा देगा एसबीआई

**यरुशलम।** भारत और इजराइल के बीच रणनीतिक संबंधों में गहराई लाने और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर जारी चर्चाओं के बीच इजराइल में उपस्थित एकमात्र भारतीय ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) रुपये में द्विपक्षीय व्यापार को सुविधाजनक बनाने की कोशिश कर रहा है। एसबीआई इजराइल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वी. मणिवन्नन ने कहा, '' भारत के सहयोगी देशों से होने वाले महत्वपूर्ण व्यापार एवं वैश्विक व्यापार समुदाय में भारतीय रुपये में व्यापार करने की बढ़ती रुचि को देखते हुए, हमारे बैंकिंग नियामक यानी भारतीय रिजर्व बैंक ने भारतीय बैंकों को अपने कॉर्पोरेट ग्राहकों के निर्यात एवं आयात का निपटान भारतीय रुपये में करने की अनुमति देने का निर्णय लिया है। इस व्यवस्था के तहत इजराइल को भागीदार देशों में से एक के रूप में चुना गया है। एसबीआई के अधिकारी ने कहा कि इस व्यवस्था के माध्यम से निर्यात/आयात करने वाली इजराइली संस्थाएं भारतीय रुपये में भुगतान प्राप्त करेंगी और देंगी जिसे इजराइली विक्रेता/खरीदार से माल या सेवाओं की आपूर्ति/खरीद के 'इनवॉइस' के बदले विशेष रुपी वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए) में जमा किया जाएगा। उन्होंने कहा, '' एसबीआई तेल अवीव के पास इन लेन-देन को सुविधाजनक बनाने के लिए सभी आवश्यक स्वीकृतियां मौजूद हैं। एसबीआई की शाखा ने हाल ही में इजराइल-भारत वाणिज्य चैंबर के सहयोग से रुपये में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई बैठकें एवं वेबिनार आयोजित किए। इन चर्चाओं में इजराइल की अधिकतर प्रमुख रक्षा संस्थाओं के अधिकारी शामिल हुए थे। हाल ही में 40,000 से अधिक भारतीय कामगारों के इजराइल कार्यबल में शामिल होने के साथ एसबीआई, तेल अवीव शाखा में भारत में उनके अनिवासी प्रवासी खाते खोलने की सुविधा प्रदान करके भारत में प्रेषण के प्रवाह को सुविधाजनक बनाने की भी कोशिश कर रहा है। एसबीआई ने 2007 में इजराइल में अपनी शाखा खोली और तब से एक पूर्ण विकसित परिचालन बनाए रखने में सफल रहा है। यह वैश्विक महामारी तथा क्षेत्र में जारी युद्ध के कारण दो वर्ष से अधिक समय तक चली उथल-पुथल के बावजूद इसकी दृढ़ता को दर्शाता है। भारत के बाहर 241 'पॉइंट्स ऑफ प्रेजेंस' के माध्यम से इसकी उपस्थिति 29 देशों में है। अधिकारी ने कहा कि शाखा अपने वर्तमान एवं भावी ग्राहकों के साथ संबंध मजबूत करने और उनके व्यावसायिक प्रयासों में एक विश्वसनीय भागीदार बनने के लिए प्रतिबद्ध है। रुपये में व्यापार को बढ़ावा देने का यह प्रयास ऐसे समय में हो रहा है जब दोनों देश आर्थिक सहयोग की पूरी क्षमता का लाभ उठाने के लिए प्रयासरत हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की नवंबर में इजराइल की यात्रा के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दिसंबर में इजराइल पहुंचे थे।

# भारत-ईयू व्यापार वार्ता आगे बढ़ाने को इस हफ्ते ब्रुसेल्स जाएंगे पीयूष गोयल

एजेंसी



नई दिल्ली। अमेरिका के टैरिफ और बढ़ाने की धमकी के बीच केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इस हफ्ते ब्रुसेल्स का दौरा करेंगे। इस दौरान वे अपने यूरोपीय संघ (ईयू) के समकक्ष के साथ भारत-ईयू के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मंत्री पीयूष गोयल मंगलवार रात को ब्रुसेल्स रवाना होंगे। गोयल 8 एवं 9 जनवरी को अपनी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान ईयू के कार्यकारी उपाध्यक्ष और यूरोपीय व्यापार आयुक्त मारोस सेफकोविक से मुलाकात करेंगे। ब्रुसेल्स पहुंचने से पहले गोयल व्यापार और निवेश संबंधों को बेहतर बनाने पर चर्चा करने के लिए लिकटेंस्टीन में रुकेंगे। गोयल के साथ इस यात्रा में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल भी होंगे। भारत-ईयू के साथ बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते पर बातचीत अंतिम चरण में है। उल्लेखनीय है कि लिकटेंस्टीन यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) का सदस्य है। भारत और ईएफटीए ने 01 अक्टूबर 2025 को एक मुक्त व्यापार समझौता लागू किया। ईएफटीए के अन्य सदस्यों में आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं।

# उद्योग जगत की पहल, अगले दशक में 10 करोड़ नौकरियां सृजित करने का लक्ष्य

एजेंसी

नयी दिल्ली। उद्योग जगत के दिग्गजों के एक समूह ने सोमवार को 'हंड्रेड मिलियन जॉब्स' (10 करोड़ नौकरियां) नामक एक राष्ट्रीय पहल की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य आगामी दशक में भारत में 10 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा करना है, क्योंकि देश तेज आर्थिक वृद्धि के बावजूद अपर्याप्त रोजगार की समस्या से जूझ रहा है। आयोजकों ने एक बयान में कहा कि इस मुहिम की घोषणा सॉफ्टवेयर उद्योग निकाय नैसकॉम के सह-संस्थापक हरीश मेहता, वैश्विक उद्यमी नेटवर्क 'द इंडस एंटरप्रेन्योर्स' (टीआईई) के संस्थापक ए जे पटेल और सेंटर फॉर इनोवेशन इन पब्लिक पॉलिसी (सीआईपीपी) के संस्थापक के यतीश राजावत ने की। संस्थापकों ने कहा कि भारत में कार्यशील आयु की जनसंख्या प्रतिवर्ष लगभग 1.2 करोड़ की दर से बढ़ रही है, जबकि विनिर्माण जैसे पारंपरिक रोजगार के साधन विस्तार करने में संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नए कार्यबल को खपाने और अपने जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठाने के लिए देश को हर साल 80 से 90 लाख नौकरियां सृजित करने की आवश्यकता है। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने के बाद भी भारत में रोजगार की वृद्धि दर उत्पादन विस्तार की तुलना में पीछे रही है। स्वचालन और कृत्रिम मेधा (एआई) व्यापार के तौर-तरीकों को बदल रहे हैं और कई क्षेत्रों में शुरुआती स्तर के पदों को कम कर रहे हैं। ऐसे में यह चिंता बढ़ गई है कि आर्थिक वृद्धि रोजगार सृजन से पूरी तरह कट सकती है। 'हंड्रेड मिलियन जॉब्स' मिशन उद्यमिता, कौशल विकास और श्रम-प्रधान उद्यमों को भारत की रोजगार रणनीति के केंद्र में रखता है। इस पहल का लक्ष्य रोजगार सृजन को आर्थिक वृद्धि का एक मुख्य मानक बनाना है, जिसका ध्यान विभिन्न क्षेत्रों में विकेंद्रीकृत और सुदृढ़ आजीविका सुनिश्चित करने पर होगा। हरीश मेहता ने एक बयान में कहा, हंड्रेड मिलियन जॉब्स रोजगार सृजनकर्ताओं उद्यमियों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों और नियोक्ताओं को मजबूत करने का एक व्यवस्थित प्रयास है। इसके तहत कौशल, उद्यम, डेटा और नीति में सामंजस्य बिठाकर अगली पीढ़ी के लिए लचीली और गरिमापूर्ण आजीविका सुनिश्चित की जाएगी। ए जे पटेल ने कहा कि स्टार्टअप और लघु उद्योग, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान देते हैं और सबसे बड़े नियोक्ता हैं, उनका विस्तार बड़े शहरों से आगे होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर भारत को प्रतिवर्ष 80-90 लाख नौकरियां सृजित करनी हैं, तो कुछ ढांचागत बाधाओं को दूर करना होगा ताकि उद्यमिता आम लोगों के लिए एक व्यावहारिक साधन बन सके।

# ऑपरेशन सिंदूर से सशस्त्र बलों ने दुनिया के सामने भारत की दृढ़ता का प्रदर्शन किया : राधाकृष्णन

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने सोमवार को कहा कि सशस्त्र बलों ने पिछले साल 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से भारत को गौरवान्वित किया।

दिल्ली छावनी में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के गणतंत्र दिवस शिविर 2026 में अपने संबोधन में राधाकृष्णन ने कहा कि बलों ने सैन्य कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए दुनिया के सामने देश के संकल्प और दृढ़ता का प्रदर्शन किया। उन्होंने अभियान के दौरान एनसीसी के प्रशंसनीय योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एनसीसी ने सराहनीय योगदान दिया, जब लगभग 72,000 एनसीसी कैडेट नागरिक सुरक्षा उपायों के लिए स्वेच्छा से सेवाएं देकर 'एनसीसी योद्धा' बन गए। अधिकारियों के अनुसार,



इन कैडेटों ने आपातकालीन अभ्यास, रक्तदान शिविरों और नागरिक सुरक्षा से संबंधित अन्य गतिविधियों में सहायता की। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सात मई, 2025 की सुबह ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया जिसमें पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में कम से कम 100 आतंकवादियों को मार गिराया गया। पहलगाम आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे। उपराष्ट्रपति ने कहा, पिछले साल, हमारी सशस्त्र सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम देकर दुनिया में भारत के दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन कर देश को गौरवान्वित किया। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सशस्त्र बलों की राष्ट्र के सम्मान, संप्रभुता और उसके नागरिकों की रक्षा करने की अटूट प्रतिबद्धता का एक शक्तिशाली प्रतीक था। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने सोमवार को एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया जिसका समापन 28 जनवरी को प्रधानमंत्री की रैली के साथ होगा। देश भर से कुल 2,406 एनसीसी कैडेट, जिनमें 898 लड़कियां शामिल हैं, लगभग एक महीने तक चलने वाले इस शिविर में भाग ले रहे हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कैडेटों को केवल गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लेने वाला नहीं, बल्कि एक नए भारत का राजदूत बताया, जो 2047 तक एक 'आत्मनिर्भर' और मजबूत भारत, एक विकसित भारत के निर्माण में योगदान देंगे। उपराष्ट्रपति ने कहा, आप में से प्रत्येक में मुझे एक विकसित भारत की मजबूत नींव दिखाई देती है, एक विकसित, समावेशी और आत्मविश्वासी देश की नींव दिखाई देती है

# उप्र के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात



एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की और बैठक से जुड़ी तस्वीरें भी जारी कीं। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पोस्ट में कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री का पाथेय 'नए उत्तर प्रदेश' की विकास यात्रा को और अधिक गति प्रदान करने के लिए सदैव नवीन ऊर्जा का संचार करता है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का बहुमूल्य समय देने के लिए आभार भी व्यक्त किया। सूत्रों के अनुसार, इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने कैबिनेट विस्तार, चुनावों से जुड़े मुद्दों, विकास कार्यों, विभिन्न योजनाओं की प्रगति और समसामयिक विषयों पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री के भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मिलने की उम्मीद है।

## ईरान की अनावश्यक यात्रा से बचें भारतीय नागरिक: विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली।** भारत ने ईरान में पिछले कुछ दिनों से चल रहे व्यापक विरोध प्रदर्शनों और घटनाक्रमों के मद्देनजर भारतीय नागरिकों को वहां की अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए, भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अगली सूचना तक ईरान की गैर-ज़रूरी यात्रा से बचें। मंत्रालय ने कहा है कि ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों को सावधानी बरतने, विरोध प्रदर्शन या प्रदर्शनों वाले इलाकों से बचने और खबरों के साथ-साथ तेहरान में भारतीय दूतावास की वेबसाइट और सोशल मीडिया हैंडल पर नज़र रखने की सलाह दी जाती है। वक्तव्य में कहा गया है कि ईरान में रेजिडेंट-वीज़ा पर रहने वाले भारतीय नागरिकों को भी सलाह दी जाती है कि अगर उन्होंने अभी तक ऐसा नहीं किया है, तो वे भारतीय दूतावास में पंजीकरण करवा लें। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आईआरसीटीसी भ्रष्टाचार मामले में लालू यादव की याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया

## यूट्यूबर के खिलाफ नौ जगह ईडी के छापे, कई आपत्ति जनक दस्तावेज, दो महंगी कारें जब्त

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने कहा है कि कोलकाता स्थित उसके क्षेत्रीय कार्यालय ने धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर अनुराग द्विवेदी और अन्य से जुड़े अलग-अलग ठिकानों से कई आपत्तिदनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और दो महंगी कारें जब्त की हैं। अपराध की कमाई को ठिकाने लगाने से जुड़े मामलों की जांच करने वाली इस एजेंसी ने सोमवार को बताया कि 31 दिसंबर 2025 और पहली जनवरी 2026 को द्विवेदी के आवास और दिल्ली, मुंबई, सूरत, लखनऊ और वाराणसी में नौ जगह उसके ठिकानों की तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान, कई आपत्तिजनक दस्तावेज़, डिजिटल डिवाइस और दो महंगी कारें जब्त की गयी हैं। इनमें एक लैंड रोवर डिफेंडर और दूसरी बीएमडब्ल्यू जेड4 कार है। एजेंसी इस यूट्यूबर के खिलाफ अवैध ऑनलाइन जुआ आदि की कमाई के मामले की जांच कर रही है। एजेंसी ने धन शोधन (निरोधक) अधिनियम 2002 के तहत उसके खिलाफ यह तलाशी अभियान चलाया था।

## इसरो का अगली पीढ़ी का प्रक्षेपण वाहन 'सूर्या' होगा पुन: उपयोग योग्य और भारी पेलोड वाला: सोमनाथ

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अगले पीढ़ी के प्रक्षेपण वाहन (एनजीएलवी), जिसे अनौपचारिक रूप से 'सूर्या' नाम दिया गया है, को पूरी तरह पुनः उपयोग योग्य और मॉड्यूलर डिजाइन वाला रॉकेट बनाया जा रहा है जो मौजूदा रॉकेट्स की तुलना में काफी अधिक पेलोड क्षमता वाला होगा। यह जानकारी पूर्व इसरो अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने दी। एनजीएलवी को ठोस ईंधन मोटर्स की जगह पूर्ण रूप से तरल प्रोपल्शन सिस्टम पर आधारित बनाया जा रहा है। श्री सोमनाथ के अनुसार, नए इंजनों को बड़ा आकार, नई तकनीक और थ्रॉटलिंग क्षमता वाला बनाना पड़ रहा है, इसलिए मौजूदा वेंडरों का उपयोग नहीं किया जा सका। यह तीन-चरण वाला रॉकेट अपनी पहली दो स्टेजों में क्लस्टर्ड एलओएक्स-मीथेन इंजनों का उपयोग करेगा, जबकि तीसरी स्टेज क्रायोजेनिक होगी।

## वेनेजुएला में एकतरफा सैन्य कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई को एकतरफा बताते हुए सोमवार को इस पर गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि अमेरिका का यह कदम संयुक्त राष्ट्र चार्टर तथा अन्य संधियों में निहित अंतरराष्ट्रीय कानून के स्थापित सिद्धांतों का उल्लंघन है। कांग्रेस विदेश मामलों के विभाग ने सोमवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक बयान में लिखा ''कांग्रेस अमेरिका द्वारा वेनेजुएला में पिछले 48 घंटों में की गई एकतरफा कार्रवाई पर गहरी चिंता व्यक्त करती है। यह कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अनेक अंतरराष्ट्रीय संधियों में निहित अंतरराष्ट्रीय कानून के स्थापित सिद्धांतों का उल्लंघन करती हैं।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने आईआरसीटीसी भ्रष्टाचार मामले में लालू यादव की याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आईआरसीटीसी भ्रष्टाचार मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के खिलाफ आरोप तय करने को चुनौती देने वाली अपील याचिका पर सोमवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने सीबीआई से इस मामले में जवाब मांगा है और मामले की अगली सुनवाई के लिए 14 जनवरी की तारीख तय की है। न्यायालय में श्री यादव की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल पेश हुए, जबकि सीबीआई का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिवक्ता और विशेष लोक अभियोजक डी.पी. सिंह ने किया। यह याचिका निचली अदालत के 13 अक्टूबर, 2025 के उस आदेश पर सवाल उठाती है, जिसके जरिए श्री यादव, उनकी पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनके बेटे तेजस्वी प्रसाद यादव और 11 अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए थे। निचली अदालत ने धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत आरोप तय किए थे।

आदेश के अनुसार, भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120बी और धारा 420 के साथ-साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत सभी 14 आरोपियों के खिलाफ साझा आरोप तय करने का निर्देश दिया गया था। आरोप तय करते समय निचली अदालत ने टिप्पणी की थी कि रांची और पुरी में रेलवे होटलों के विकास में 'निजी भागीदारी प्राप्त करने की आड़ में संभवतः साठगांठ (यह क्रोनी कैपिटलिज्म) को बढ़ावा देने का एक उदाहरण था। यादव परिवार के सदस्यों के अलावा, प्रदीप कुमार गोयल, राकेश सक्सेना, भूपेंद्र कुमार अग्रवाल, राकेश कुमार गोगिया और विनोद कुमार अस्थाना के खिलाफ भी आरोप तय किए गए हैं। निचली अदालत ने श्री यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी प्रसाद यादव, मेसर्स लारा प्रोजेक्ट्स एलएलपी, विजय कोचर, विनय कोचर, सरला गुप्ता और प्रेम चंद गुप्ता के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 के तहत अलग से आरोप तय करने का भी निर्देश दिया था। अब इस मामले की सुनवाई अगली निर्धारित तिथि पर होगी।

# 2027 में सरकार व 2047 में विकसित भारत के संकल्प को करें साकार: पंकज

एजेंसी

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नव निर्वाचित अध्यक्ष पंकज चौधरी ने आज यहां कहा कि 2047 तक देश को विकसित भारत के रूप में लाने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प पूरा करने के लिए हमें 2017 से बड़ी जीत 2027 में पार्टी को दिलानी है क्योंकि विकसित भारत का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर ही जायेगा ऐसे में कार्यकर्ताओं की बड़ी जिम्मेदारी है।

भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर आयोजित अपने स्वागत व अभिनंदन समारोह तथा गोरखपुर क्षेत्र कार्य समिति की बैठक को संबोधित करते सोमवार को नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कहा कि संगठन ही हमारी स्ट्रेंथ है संगठन ही हमारी पहचान है। संगठन को मजबूत करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा मैं कार्यकर्ता ओरिएंटेड नेता हूँ और कार्यकर्ता मेरे लिए सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि मैं कार्यकर्ताओं व जनता के साथ समन्वय के कारण ही चुनाव जीतता हूँ। आज जिस गर्मजोशी के साथ आप सभी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है मेरे पास शब्द नही है कि धन्यवाद दे सकूँ। उन्होंने कहा कि एक समय था जब भारत की कोई सुनता ही नही था मगर आज भारत बोलता है तो पूरी दुनिया गंभीरता से सुनती है जिसका कारण कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से देश मे मोदी सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय को पूरा करने का काम मोदी जी कर रहे है। अनुच्छेद 370 खत्म करने का काम भी प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उन्होंने कोविड काल का जिक्र करते हुए कहा कि कोविड की भयावह विपदा में मोदी जी ने देश को संभाला और बिना भेद भाव प्रधानमंत्री देश का सर्वांगीण विकास कर रहे हैं। उन्होंने संगठन कार्यकर्ताओं को उनके कर्तब्यों का बोध कराते हुए कहा कि संगठन के कार्यों को पूरा करने वाला ही कार्यकर्ता होता है। कहा कि पार्टी का जो भी दायित्व मिले उसे निष्ठा से करने वाला कार्यकर्ता ही आगे बढ़ता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। श्री चौधरी ने मनरेगा के 100 दिन के काम में हो रही भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत जी राम जी योजना लाया जिसमे 125 दिन की रोजगार की गारंटी दी गयी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि हम आपके बिना अधूरा हैं आपके साथ की आवश्यकता है। हम सब मिलकर 2047 में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करें। इस अवसर पर गोरखपुर के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने अध्यक्षता करते हुए अपने संबोधन में कहा कि आपका नेतृत्व गोरखपुर क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। पूरा संगठन आपके साथ कदम से कदम मिला कर चलेगा और 2027 के मिशन को पूरा करेगा। भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय पर आयोजित अपने स्वागत व अभिनंदन समारोह तथा गोरखपुर क्षेत्र कार्य समिति की बैठक को संबोधित करते हुए नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा इस अभूतपूर्व स्वागत के लिये धन्यवाद देने का मेरे पास शब्द नही है। आप सभी कार्यकर्ताओं के बीच आकर गौरवान्वित हूँ और भावुक भी हूँ। कहा कि पार्टी ने 1989 में मुझे सभासद और 1990 में डिप्टी मेयर बनाया। कहा कि पार्टी ने मुझे नौ बार लोकसभा का प्रत्याशी बनाया। कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही सातवीं बार

# पेज एक का शेष

### लोकतंत्र की...

किसी प्रकार का संकोच नहीं होता। बीएलओ के साथ संवाद कार्यक्रम में देवघर जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों के बीएलओ द्वारा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के विषय में जानकारी दी गई इस क्रम में बीएलओ प्रमिला यादव ने मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण क्यों आवश्यक है इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी, गुलशन परवीन ने वर्तमान मतदाता सूची की ए,बी,सी,डी कैटेगरी में उम्र के आधार पर बांटकर कैसे विगत मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण से मैपिंग करना है, इस विषय पर जानकारी दी। बीएलओ गीता कुमारी द्वारा मतदाता सूची के मैपिंग, दीपम कुमारी द्वारा मैपिंग के 8 चेकपॉइंट के बारे में बताया गया। बीएलओ राखी देवी एवं संगीता देवी द्वारा घरों को नोशनल नंबर देने की प्रक्रिया तथा कुमारी प्रिया द्वारा फॉर्म 6,7 एवं 8 भरने के बारे में बताया गया। बीएलओ रजिया खातून ने गहन पुनरीक्षण के लिए मैपिंग के दौरान महिला मतदाताओं को उनके माता पिता के साथ मैप करना है, उनके पति के साथ नहीं, इन सभी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। मुख्य चुनाव आयुक्त बीएलओ के साथ संवाद कार्यक्रम में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के प्रति चुनाव आयोग के प्रहारी की स्पष्टता से काफ़ी प्रभावित हुए और कहा कि जल्द ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नई दिल्ली स्थित आईआईआईडीएम में बीएलओ के प्रशिक्षण कार्यक्रम में देवघर के बीएलओ को भी आमंत्रित किया जाएगा। बीएलओ के साथ संवाद कार्यक्रम के उपरान्त आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि देवघर एवं दुमका जिले के दो दिनों के प्रवास के दौरान बाबा बैद्यनाथ एवं बाबा बासुकीनाथ का दर्शन प्राप्त हुआ साथ ही चुनाव आयोग के प्रहरी और आधार स्तंभ यहां के बीएलओ के साथ संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ। यहां के बीएलओ से संवाद के क्रम में उनकी तैयारियों को देखकर यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा जब भी झारखंड में होगी उसे सुगम एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराया जा सकेगा। इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की आवश्यकता एवं इसके चरणों के बारे में बताया । जिसके अंतर्गत उन्होंने मतदाता सूची के इन्यूम्यूरेशन फॉर्म, प्रारूप प्रकाशन, क्लेमऽऑब्जेक्शन, नोटिस पीरियड, एईआरओ, ईआरओ स्तर पर सुनवाई , जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर पर अपील के प्रावधानों के बारे में बताया। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के. रवि कुमार, उपायुक्त देवघर नमन प्रियेश लकड़ा, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर रवि कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी देवघर शैलेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती सहित देवघर जिले के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### पूर्वोत्तर भारत...

(यूएसजीएस) के अनुसार बंगलादेश के सिलहट जिले में भी झटके महसूस किए गए।

### यूपी में पहले चरण...

सभी संबंधित विभागों के साथ प्रभावी समन्वय करेगा। बैठक में जनगणना पदाधिकारियों की नियुक्ति, सभी जिलों में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समितियों के गठन, तकनीकी सहायता, वित्तीय मानदंड व जनगणना कार्मिकों के मानदेय से संबंधित निर्णय भी लिए गए। समिति द्वारा 28 अक्तूबर 2025 को आयोजित पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की समीक्षा की गई। बुलंदशहर, बहराइच व प्रयागराज के चयनित ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्री-टेस्ट-2027 (हाउस लिस्टिंग ऑपरेशंस के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर संतोष व्यक्त किया गया तथा प्राप्त फीडबैक को कार्ययोजना को और बेहतर बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में निदेशक (जनगणना कार्य) शीतल वर्मा बताया कि आगामी जनगणना के दूसरे चरण में जाति गणना की जाएगी और नागरिकों को पहली बार स्व-गणना की सुविधा प्रदान की जाएगी। जनगणना-2027 का संपूर्ण संचालन डिजिटल माध्यम से किया जाएगा।

### स्कूलों व आंगनबाड़ी...

कनेक्शन दिए जाएं। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों, जैसे बाढ़ व सूखा प्रभावित क्षेत्र, जेई, एईएस प्रभावित जिलों, सांसद आदर्श ग्राम व अनुसूचित जाति/जनजाति बहुल क्षेत्रों में योजनाओं के काम को वरीयता पर पूरा कराने के निर्देश दिए। जल गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन (जल गुणवत्ता अनुश्रवण एवं निगरानी) कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के सभी गांवों में प्रशिक्षित महिलाओं के माध्यम से समुदाय स्तर पर जल परीक्षण के लिए किट दिए जाएं। दूषित नमूनों पर त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में बताया गया कि सभी 75 जिलों के कुल 97,070 राजस्व ग्रामों को पाइप पेयजल योजना काम हुआ है प्रदेश के 2,67,20,930 ग्रामीण परिवारों में 30 नवंबर 2025 तक 2,42,74,000 (90.84%) को नल कनेक्शन दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों के 1,16,524 विद्यालयों में से 1,16,340 (99.84%) तथा 1,56,304 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 1,55,136 (99.25%) को नल कनेक्शन दिया गया है। बैठक में अपर मुख्य सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक जल निगम (ग्रामीण) डा राज शेखर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्र को समर्पित...

बनाए रखने और प्रभावी पुनर्प्राप्ति प्रणालियों के माध्यम से समुद्र प्रताप इन क्षमताओं को और मजबूत करेगा। यह प्रदूषण की घटनाओं को समय रहते नियंत्रित कर प्रवाल भित्तियों, मैंग्रोव, मत्स्य संसाधनों और समुद्री जैव विविधता को होने वाले नुकसान को रोकेगा, जो तटीय समुदायों और समुद्री अर्थव्यवस्था की स्थिरता से सीधे जुड़ा है। श्री सिंह ने स्वच्छ समुद्र को सुरक्षित व्यापार, सुरक्षित जीवन और सुरक्षित पर्यावरण की गारंटी बताते हुए कहा कि समुद्र प्रताप जैसे पोत यह विश्वास दिलाते हैं कि भारत न केवल अपनी समुद्री जिम्मेदारियों को समझता है, बल्कि उन्हें निभाने के लिए पूरी तरह तैयार भी है। उन्होंने कहा कि समुद्र प्रताप का कमीशनिंग भारत की व्यापक समुद्री दृष्टि से जुड़ा हुआ है। रक्षा मंत्री ने वैश्विक समुद्री अनिश्चितता का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वह न केवल अपने हितों की रक्षा करता है, बल्कि पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति और स्थिरता को भी सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि यही दृष्टिकोण भारत को एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति बनाता है। भारतीय तटरक्षक बल में नयी पहले के रूप में इस पोत पर दो महिला अधिकारी तैनात होंगी। रक्षा मंत्री ने इसे गर्व का विषय बताया कि आज महिला अधिकारी पायलट, पर्यवेक्षक, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर, लॉजिस्टिक्स अधिकारी और विधि अधिकारी के रूप में नियुक्त की जा रही हैं। साथ ही उन्हें होवरक्राफ्ट संचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और अग्रिम पंक्ति के अभियानों में सक्रिय रूप से तैनात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं केवल सहायक भूमिका ही नहीं निभा रही हैं, बल्कि अग्रिम मोर्चे पर योद्धाओं के रूप में राष्ट्र की सेवा कर रही हैं। समुद्र प्रताप पर नियुक्त दो महिला अधिकारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। श्री सिंह ने कहा कि हाल के वर्षों में भारतीय तटरक्षक बल ने स्वयं को एक क्षेत्रीय मानक निर्धारक के रूप में स्थापित किया है और अब समय आ गया है कि इस भूमिका को वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जाया जाए। आने वाले समय में समुद्री प्रशासन के क्षेत्र में मानकों का निर्धारण, क्षमता निर्माण पहलों को सशक्त करना और सहयोगात्मक ढांचे को बढ़ावा देना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि तटरक्षक बल को अपने परिचालन सिद्धांतों, संस्थागत प्रक्रियाओं और तकनीकी नवाचारों को ऐसे स्तर तक ले जाना होगा कि उनकी श्रेष्ठ प्रथाओं का अनुसरण विश्व स्तर पर किया जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि तटरक्षक बल रक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। समुद्र प्रताप का अर्थ समुद्रों की गरिमा, सुरक्षित, संरक्षित करने से है और यह स्वच्छ समुद्र सुनिश्चित करने तथा देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए भारतीय तटरक्षक बल के संकल्प को दर्शाता है। इस पोत का वजन 4,170 टन , लंबाई 114.5 मीटर है और इसकी गति 22 समुद्री मील प्रति घंटे से अधिक है। यह 7,500 किलोवाट के दो डीजल इंजनों द्वारा संचालित है। यह पोत अत्याधुनिक प्रणालियों से सुसज्जित है, जिनमें साइड-स्वीपिंग आर्म्स, फ्लोटिंग बूम्स, उच्च क्षमता वाले स्किमर, पोर्टेबल बार्ज और प्रदूषण नियंत्रण प्रयोगशाला शामिल हैं। इसमें बाह्य अग्निशमन प्रणाली (फाई-फाई क्लास 1) भी स्थापित है। जहाज में डायनेमिक पोजिशनिंग सिस्टम, इंटीग्रेटेड ब्रिज सिस्टम, इंटीग्रेटेड प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम और ऑटोमेटेड पावर मैनेजमेंट सिस्टम जैसी उन्नत प्रणालियां एकीकृत की गई हैं, जिससे स्वचालन और मिशन दक्षता में वृद्धि होती है। इसके हथियारों में 30 मिमी सीआरएन-91 गन और दो 12.7 मिमी स्थिर रिमोट नियंत्रित गन शामिल हैं, जिन्हें आधुनिक फायर कंट्रोल सिस्टम का समर्थन प्राप्त है। इस पोत को केरल और माहे के लिए तटरक्षक जिला मुख्यालय के माध्यम से पश्चिमी क्षेत्र के तटरक्षक कमांडर के परिचालन नियंत्रण में कोच्चि में तैनात किया जाएगा। इस अवसर पर गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, महानिदेशक भारतीय तटरक्षक बल परमेश शिवमणि, गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ब्रजेश कुमार उपाध्याय तथा केंद्र एवं राज्य सरकारों के अधिकारी उपस्थित थे।

### देश के किसी भी...

मोबाइल और कम्प्यूटर ने हमारे जीवन को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाया है, परंतु इसके साथ ही साइबर अपराध की चुनौतियां भी बढ़ी हैं। आपकी सरकार इसकी रोकथाम के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। 2017 से पूर्व प्रदेश में केवल 2 साइबर क्राइम थाने थे। आज सभी 75 जनपदों में साइबर क्राइम थाने क्रियाशील हैं। साथ ही सभी जनपदों में साइबर हेल्प डेस्क बनाई गई है। साइबर ठगों के विरुद्ध सतर्कता और जागरुकता ही सबसे बड़े शस्त्र है। यह अपराधी 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे झूठे और भ्रामक शब्दों का प्रयोग कर निर्दोष नागरिकों को डराते-धमकाते हैं और उनसे पैसे वसूलते हैं। पुलिस या अन्य कोई सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल, वॉट्सएप या सोशल मीडिया के माध्यम से किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं करती और न ही पैसे की मांग करती है। उन्होंने कहा है कि सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर भी सावधान रहना होगा। आप जो तस्वीरें, वीडियो यो लोकेशन सार्वजनिक करते हैं, उसके माध्यम से अपराधी पहले आपके बारे में सूचनाएं जुटाते हैं और इन्ही सूचनाओं को आपके विरुद्ध प्रयोग करते हैं। अपनी व्यक्तिगत जानकारी या ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। सावधानी के पश्चात भी यदि आपके साथ साइबर अपराध हो जाता है, तो सर्वप्रथम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर रिपोर्ट करें। जितना शीघ्र आप पुलिस को सूचित करेंगे, बचाव की संभावना भी उतनी ही अधिक होगी। जागरुक बनें और अपने आसपास के लोगों को भी जागरुक करें, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को। आइए, हम सब मिलकर एक सुरक्षित और साइबर अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश का निर्माण करें। योगी सरकार के निर्देश पर यूपी पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट को लेकर आमजनमानस को जागरुक करने के लिए एक लघु फिल्म जारी की है। इस लघु फिल्म में मशहूर अभिनेता नाना पाटेकर ने अभिनय किया है। लघु फिल्म को मात्र चार दिनों में यूट्यूब पर लगभग 10 लाख 42 हजार लोगों ने देखा है, जबकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर करीब 1 लाख 26 हजार व्यूज मिले हैं। इंस्टाग्राम पर इसे लगभग 42 हजार लोगों ने देखा, वहीं फ़ेसबुक पर यह संख्या 20 हजार से अधिक रही। इसके अतिरिक्त व्हाट्सएप चैनल और डिजिटल वॉलंटियर ग्रुप्स के माध्यम से भी लगभग 5 लाख लोगों तक संदेश पहुंचा है। यह आंकड़े इस बात के प्रमाण हैं कि साइबर सुरक्षा से जुड़ा यह विषय आमजन के लिए कितना महत्वपूर्ण बन चुका है। यह योगी सरकार की दूरदर्शी सोच को दर्शाता है कि वह प्रदेशवासियों की गाढ़ी कमाई को सुरक्षित करने के लिए कितने संवेदनशील हैं।

# पद्‌मभूषण स्व सुशील कुमार मोदी की जयंती समारोह में शामिल हुये मुख्यमंत्री नीतीश

■ स्व सुशील मोदी की आदमकद प्रतिमा का मुख्यमंत्री ने किया अनावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को राजेन्द्र नगर स्थित सुशील मोदी स्मृति पार्क में पूर्व उप मुख्यमंत्री प?द्‌मभूषण स्व सुशील कुमार मोदी की जयंती समारोह में शामिल हुये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्व सुशील कुमार मोदी जी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया और पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित स्व सुशील कुमार मोदी जी के जयंती कार्यक्रम में शामिल हुये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्व सुशील मोदी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार, बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डे, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, स्व सुशील कुमार मोदी की धर्मपत्नी श्रीमती जेसी जॉर्ज, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, पूर्व विधायक अरूण कुमार सिन्हा, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा उपस्थित रहे। इनके अलावा केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार, सांसद राधामोहन सिंह, भाजपा के संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े ने पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

# जिलाधिकारी ने की बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम से संबंधित मामलों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एस एम ने बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम एवं बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम (आरटीपीएस) से संबंधित मामलों की समीक्षा की।


राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप जिला में बेहतर प्रगति पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी लोक प्राधिकारों एवं अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के अंदर शत-प्रतिशत आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ जन-कार्यों के प्रति संवेदनशीलता सुनिश्चित करते हुए योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करें। आरटीपीएस के तहत लाभुकों को लोक-कल्याणकारी योजनाओं की राशि मिलने में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राशन कार्ड निर्माण में कोई भी विलंब स्वीकार्य नहीं है। लोक शिकायत निवारण के तहत लगाए गए दंड की राशि को संबंधित लोक प्राधिकार तीन दिनों के अंदर जमा करें तथा सुनवाई में लोक प्राधिकारों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आरटीपीएस के तहत एक्सपायर्ड मामलों पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी या राजस्व संबंधी मामलों में संबंधित भूमि सुधार उप समाहर्ता लोक प्राधिकारों के विरूद्ध विधिवत दंड लगाने के निर्देश दिए हैं। हर एक अंचल में अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्षों की संयुक्त शनिवारीय बैठक नियमित तौर पर प्रभावी ढंग से आयोजित करें तथा अनुमंडल पदाधिकारी हर शनिवार को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत किसी एक अंचल में बैठक में भाग लेकर भूमि विवादों के निष्पादन का अनुश्रवण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# दिल्ली में 'रोड सेफ्टी मंथ-2026' का आयोजन, 39 हजार से अधिक लोगों को किया गया जागरूक

नई दिल्ली। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा 1 से 31 जनवरी तक 'रोड सेफ्टी मंथऽ2026' मनाया जा रहा है। ट्रैफिक के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सत्यवीर कटारा के निर्देशन में राजधानी भर में विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सत्यवीर कटारा ने सोमवार को बताया कि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की रोड सेफ्टी सेल ने इस अभियान के तहत शहर के प्रमुख और अधिक यातायात वाले चौराहों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को यातायात नियमों के पालन, सुरक्षा उपकरणों के इस्तेमाल और सड़क पर आपसी सम्मान के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाना है। अभियान के दौरान शक्ति नगर चौक, मोती नगर, सरदार पटेल मार्ग, मदरसा चौक (अरविंदो मार्ग), उत्तम नगर रेड लाइट, मधुबन चौक, कड़कड़ी मोड़ रेड लाइट, बुराड़ी चौक, कौटिल्य मार्ग और 11 मूर्ति समेत कुल 11 प्रमुख चौराहों पर विशेष जागरूकता ड्राइव चलाई गई। रोड सेफ्टी सेल की टीमों ने मौके पर पहुंचकर वाहन चालकों से सीधे संवाद किया और सड़क सुरक्षा से जुड़े अहम संदेश दिए। लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, लेन अनुशासन बनाए रखने और ट्रैफिक सिग्नल का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई। अभियान को लोगों का सकारात्मक सहयोग मिला है और अब तक करीब 39,800 से अधिक सड़क उपयोगकर्ताओं को जागरूक किया जा चुका है। ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ये आंकड़े अंतरिम हैं, क्योंकि सड़क सुरक्षा माह के तहत गतिविधियां 31 जनवरी तक जारी रहेंगी। आने वाले दिनों में अभियान को और तेज किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों तक सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचाया जा सके।

# ऐतिहासिक राम-सीता-लक्ष्मण की अष्टधातु मूर्तियां चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सारण। जिले के मशरक थाना परिसर से बिल्कुल सटे ऐतिहासिक राम जानकी शिव मंदिर में अज्ञात चोरों ने बीती रात एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर मंदिर का ताला तोड़कर भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की सैकड़ों वर्ष पुरानी अष्टधातु की मूर्तियां ले उड़े। आश्चर्य की बात यह है कि मंदिर की दीवार थाना परिसर से सटी हुई है, जहाँ डीएसपी, इंस्पेक्टर और थानाध्यक्ष के आवास भी है फिर भी चोरों ने इतनी बड़ी वारदात को बेखौफ अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार चोरों ने मंदिर के पीछे का ताला काटकर प्रवेश किया और गर्भगृह का ताला तोड़कर प्राचीन मूर्तियों को चुरा लिया। इन मूर्तियों की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपये आंकी जा रही है। साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से चोरों ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे उखाड़ दिए और उसकी हार्ड डिस्क (DVR) भी अपने साथ ले गए। मंदिर के पुजारी टुन्ना बाबा ने बताया कि जब वे सुबह पूजा के लिए पहुंचे, तो सारा सामान बिखरा हुआ था और मूर्तियां गायब थीं। स्थानीय निवासी जयप्रकाश सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस को सूचित किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण एसपी और डीएसपी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के लिए डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया है। मंदिर से कुछ दूरी पर चोरों द्वारा इस्तेमाल किया गया ताला काटने वाला कटर और भगवान के वस्त्र लावारिस हालत में मिले हैं। सीसीटीवी की हार्ड डिस्क गायब होने के कारण पुलिस को चोरों की पहचान करने में कठिनाई हो रही है। इस घटना ने पुलिसिया गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। ग्रामीणों में भारी आक्रोश है, स्थानीय अजीत कुमार का कहना है कि थाना परिसर से सटे मंदिर में चोरी होना प्रशासन की घोर लापरवाही है। थाने में 24 घंटे पुलिस की मौजूदगी और चार गश्ती वाहनों के होते हुए भी चोरों का हौसला इतना बुलंद कैसे रहा? जिस मंदिर की दीवार थाने से सटी हो, अगर वहां भी भगवान सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा का क्या होगा, पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और सघन छापेमारी जारी है।

## रामजानकी मंदिर चोरी मामले में डीआईजी-सह-एसएसपी ने एएसआई को किया निलंबित

**सारण।** मशरक थाना क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक रामजानकी मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया। चोरों ने मंदिर का ताला काटकर भगवान राम माता सीता और लक्ष्मण जी की अष्टधातु की तीन बहुमूल्य मूर्तियाँ और दान पेटी से नकद राशि चोरी कर ली। इस मामले को लेकर डीआईजी ने एएसआई को निलंबित कर दिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक सारण, ग्रामीण एसपी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मढ़ौरा 2 ने स्वयं घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस के अनुसार सोमवार की अहले सुबह लगभग 03:00 बजे मंदिर के सफाईकर्मी ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से पता चला है कि चोरी की यह घटना रात करीब 12:30 बजे हुई थी। अपराधियों ने बड़ी चालाकी से मंदिर के पीछे का ताला काटा और छोटे गेट की कुंडी तोड़कर अंदर प्रवेश किया। साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से चोरों ने सीसीटीवी कैमरों के तार भी काट दिए थे। सीसीटीवी फुटेज में चार संदिग्ध व्यक्तियों को घटनास्थल के आसपास देखा गया है, जिनके आधार पर पहचान की जा रही है। मौके पर डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया है ताकि अपराधियों के भागने के मार्ग का सुराग मिल सके। डीआईजी ने संबंधित पदाधिकारियों को चोरी गई मूर्तियों की बरामदगी और अभियुक्तों की अविलंब गिरफ्तारी के लिए कड़े निर्देश दिए हैं। सुरक्षा व्यवस्था में चूक को देखते हुए सारण पुलिस प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। रात्रि गश्ती दल के स0अ0नि0 जितेन्द्र चौधरी को गश्ती और चेकिंग कार्य में घोर लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# युवाओं को मेडिकल शिक्षा देने में असफल हुई सरकार : खन्ना

संगरूर। पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) के उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद अरविंद खन्ना ने सोमवार को कहा कि अपने चार साल के कार्यकाल में राज्य सरकार युवाओं को मेडिकल शिक्षा देने में असफल रही है। यहां जारी एक बयान में श्री खन्ना ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार ने अपने पहले बजट (2022) में पांच साल के कार्यकाल में 16 मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना की घोषणा की थी। वर्तमान में, पंजाब में केवल चार सरकारी मेडिकल कॉलेज हैं, जबकि सात निजी कॉलेज राज्य की कुल एमबीबीएस सीटों का लगभग 60 प्रशित हिस्सा संभालते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे जैसे पंजाब में चुनाव करीब आ रहे हैं, वैसे-वैसे आप सरकार के झूठ बेनकाब हो रहे हैं। पहले से चल रही पीएचसी एवं सीएचसी तथा सांझ केंद्रों की इमारतों को मोहल्ला क्लीनिक में बदलना कोई उपलब्धि नहीं है। राज्य सरकार पंजाब के अस्पतालों में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने में बुरी तरह से फ़ेल साबित हुई है।

# जनसुनवाई में 87 शिकायतें दर्ज, 42 का मौके पर निस्तारण

हरिद्वार। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित 87 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 42 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजा गया। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, विद्युत, राशन, अतिक्रमण, पेयजल सहित विभिन्न समस्याएं सामने आईं। फरियादियों ने पेयजल संकट, अवैध कब्जे, भूमि कम होने, बीपीएल व अन्त्योदय कार्ड से मिलने वाले राशन के दुरुपयोग और घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग जैसी शिकायतें दर्ज कराईं। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज मामलों को भी गंभीरता से लेकर शीघ्र हल किया जाए।

# राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का राज्य स्तरीय चरण संपन्न, 24 जनवरी को दिल्ली में ग्रैंड फिनाले

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। इस साल के गणतंत्र दिवस समारोह से पहले देशभर में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का राज्य स्तरीय चरण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इसमें देशभर में हजारों बच्चों ने भाग लिया और अब चयनित टीमें जोनल स्तर पर प्रतिस्पर्धा करेंगी। 24 जनवरी को नई दिल्ली में ग्रैंड फिनाले होगा।


रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह प्रतियोगिता राज्य, जोनल और राष्ट्रीय (फाइनल) में आयोजित की जा रही है। इसमें बॉयज ब्रास बैंड, गर्ल्स ब्रास बैंड, बॉयज पाइप बैंड और गर्ल्स पाइप बैंड जैसी चार श्रेणियां हैं। इस प्रोतियोगिता को कराने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने अक्टूबर 2025 में दिशा-निर्देश जारी किए थे। राज्य स्तर पर कुल 33 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 824 स्कूल बैंड टीमों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 763 टीमों के 18,013 बच्चों ने भाग लिया। इनमें से 94 टीमों को जोनल स्तर के लिए चुना गया है। प्रत्येक जोन (पूर्वी, पश्चिमी, उत्तरी और दक्षिणी) से चार विजेता बैंड समूहों को चुना जाएगा। इसके बाद कुल 16 फाइनलिस्ट टीमों के बीच 24 जनवरी को नई दिल्ली में ग्रैंड फिनाले होगा। इन टीमों के प्रदर्शन का मूल्यांकन रक्षा मंत्रालय द्वारा नियुक्त जूरी करेगी, जिसमें सेना, नौसेना और वायुसेना के सदस्य शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस समारोह 2023 से राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय संयुक्त रूप से कर रहे हैं। बैंड की लय बच्चों और बड़ों में उत्साह, साहस और क्रियाशीलता जगाती है। यह बच्चों में देशभक्ति और एकता की भावना को पुनर्जीवित करती है और उन्हें समग्र शिक्षा की दिशा में प्रेरित करती है। साल 2025 में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान राज्य स्तर पर 709 स्कूल बैंड टीमों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 568 टीमों (13,999 बच्चे) ने भाग लिया था।

# लूटपाट के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। मध्य जिले की करोल बाग थाना टीम ने लूट की एक सनसनीखेज वारदात का सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटी गई रकम का कुछ हिस्सा, वारदात में प्रयुक्त स्कूटी और घटना के समय पहने गए कपड़े बरामद किए हैं। पुलिस अब फरार आरोपित की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार, एक जनवरी को करोल बाग थाना क्षेत्र में लूट की सूचना प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता, 25 वर्षीय सुशील जो मूल रूप से मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के निवासी है, ने बताया कि वह रात करीब 10:45 बजे विष्णु मंदिर मार्ग, करोल बाग के पास अपनी वैगन-आर कार में बैठा था। इसी दौरान स्कूटी पर सवार दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे। आरोप है कि काले रंग की हुडी पहने एक युवक ने उससे पैसे की मांग की। मना करने पर आरोपी आक्रामक हो गया और उसे जबरन कार से बाहर खींच लिया। इसके बाद उसने अपने साथी को इशारा किया। आरोपित ने चाकू दिखाकर धमकाया और कार के डैशबोर्ड से 10 हजार रुपये लूट लिए। लूट के बाद दोनों आरोपितों ने रास्ता रोककर कार पर पत्थर फेंके, जिससे वाहन के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। पीड़ित की शिकायत पर करोल बाग थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों में सीसीटीवी फुटेज खंगाले और स्थानीय स्तर पर सूचना तंत्र को सक्रिय किया। इस बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपित करोल बाग इलाके में मौजूद है। सूचना के आधार पर जाल बिछाकर आरोपित हिमांशु मिश्रा (23) को गिरफ्तार किया।

# चमोली के नीती घाटी में छोटा अमरनाथ, जुट रही पर्यटकों की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। चमोली जिले के सीमांत क्षेत्र नीती घाटी में 'छोटा अमरनाथ' के नाम से विख्यात टिम्मरसैंण महादेव के दर्शनों के लिए इन दिनों आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। शीतकालीन यात्रा के दौरान प्रतिदिन 500 से 1000 श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन और सीमांत क्षेत्रों में पुलिसिंग को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक चमोली सुरजीत सिंह पंवार ने नीती घाटी का दौरा किया। भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने टिम्मरसैंण महादेव पहुँचकर वहां मौजूद श्रद्धालुओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने यात्रियों से यात्रा मार्ग की स्थिति, सुरक्षा और ठहरने की व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया। श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन के अनुभव साझा किए और पुलिस की उपस्थिति पर संतोष व्यक्त किया। आगामी अप्रैल माह में नीती घाटी में एक भव्य अल्ट्रा मैराथन का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन की महत्ता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा और पुलिस चौकियों की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। मैराथन के रूट और सुरक्षा मानकों को देखते हुए सुराईथोटा और मलारी चौकियों का निरीक्षण किया गया। एसपी चमोली ने स्पष्ट किया कि इस मार्ग पर पड़ने वाली प्रत्येक पुलिस चौकी की भूमिका सबसे अहम होगी। मलारी चौकी की वर्तमान स्थिति सही नहीं होने के कारण उन्होंने प्रभारी निरीक्षक ज्योतिर्मठ को निर्देश दिए कि वाइब्रेंट विलेज' योजना के तहत तत्काल इसके मरम्मत और आधुनिकीकरण का प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित करें। पिछले दिनों हुई भारी बर्फबारी के कारण जो सोलर पैनल क्षतिग्रस्त हो गए थे, उन्हें तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए गए ताकि संचार और प्रकाश व्यवस्था बाधित न हो। मलारी भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद किया। वरिष्ठ नागरिक कपिल रावत और राजेंद्र राणा सहित अन्य ग्रामीणों ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि शीतकाल में भारी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं, लेकिन वर्तमान में यहाँ मेडिकल सुविधा बंद रहती है, जिससे आपात स्थिति में कठिनाई होती है। नीती, मलारी और बाम्पा में ग्रामीण होम-स्टे का संचालन कर रहे हैं, लेकिन ज्योतिर्मठ के बाद पूरी घाटी में कहीं भी पेट्रोल पंप नहीं है, जो पर्यटन और स्थानीय लोगों के लिए बड़ी समस्या है। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए पुलिस अधीक्षक चमोली ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल फोन के माध्यम से जिलाधिकारी चमोली से ग्रामीणों की वार्ता करवाई।

# पारिवारिक विवाद में युवक ने की खुदकुशी

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्वी जिले के बदरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीआईडब्ल्यू कैंप, गौतमपुरी में रविवार सुबह एक युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान बुलंदशहर(उप्र) निवासी अजब सिंह (32) के रूप में हुई है। सोमवार को पुलिस ने शव कापोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंपा। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस अजब सिंह के परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। दक्षिण-पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त हेमंत तिवारी ने सोमवार को बताया कि रविवार सुबह करीब 9:05 बजे पीसीआर को बीआईडब्ल्यू कैंप में घरेलू विवाद की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही बदरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहां प्रथम तल पर स्थित एक कमरे में युवक का शव मिला। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अजब सिंह अपनी पत्नी पुष्पा को मनाने के लिए दिल्ली आया था, जो आपसी वैवाहिक विवाद के चलते मायके में रह रही थी। परिवार द्वारा पत्नी को साथ भेजने से इनकार किए जाने के बाद युवक ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर पुलिस को दरवाजा तोड़ना पड़ा, जहां युवक का शव पंखे से लटका मिला।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063